
मदरलैण्ड वॉइस की मुहिम



#savegajraj#saveelephant

वर्ष : 3 अंक: 201 मूल्य : 4 रू.

RNI No. -DELHIN/2019/78266

newsdesk@motherlandvoice.org
editor@motherlandvoice.org

# मदरलैण्ड वॉइस

गुरुवार, 17 मार्च 2022

राष्ट्र प्रेमियों का दैनिक समाचार पत्र

दिल्ली से प्रकाशित एवं जयपुर, लुधियाना, चंडीगढ़, पटना, रायपुर, देहरादून, शिमला में प्रसारित

## सुप्रीम कोर्ट ने वन रैंक वन पेंशन योजना को मंजूरी दी, मोदी सरकार को राहत

नई दिल्ली, एजेंसी। सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को पूर्व सैनिकों के लिए मोदी सरकार की शुरू होने वाली वन रैंक वन पेंशन योजना को मंजूरी दे दी है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा हैं, कि मोदी सरकार की योजना के कार्यान्वयन में कोई दोष नहीं है। इसमें सशस्त्र बलों में वन रैंक वन पेंशन मामले में केंद्र सरकार को बड़ी राहत मिली है। सुप्रीम कोर्ट ने रक्षा बलों में ह्यवन रैंक वन पेंशन योजना शुरू करने के तरीके को बरकरार रखा है।



फैसले में सुप्रीम कोर्ट ने कहा, हमें ओआरओपी के अपनाए सिद्धांत में कोई संवैधानिक खामी नहीं दिखी। ऐसा कोई विधायी जनादेश नहीं है, कि समान रैंक वाले पेंशनभोगियों को समान पेंशन दी जानी चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि वन रैंक-वन पेंशनह्ल (ओआरओपी) सरकार का नीतिगत निर्णय है और नीतिगत मामलों के निर्णय में अदालत हस्तक्षेप नहीं करता। मोदी सरकार का वन रैंक-वन पेंशनह्ल (ओआरओपी) का फैसला मनमाना नहीं है, किसी संवैधानिक अशक्तता से ग्रस्त नहीं है। ओआरओपी की लंबित पुनर्निर्धारण प्रक्रिया एक जुलाई, 2019 से शुरू की जानी चाहिए और तीन महीने में बकाया राशि का भुगतान किया जाना चाहिए।

सुप्रीम कोर्ट ने पूर्व सैनिकों के संघ की उस याचिका पर अपना फैसला 23 फरवरी को सुरक्षित रख लिया था, जिसमें ह्यएक रैंक, एक पेंशनह्ल (ओआरओपी) के पांच साल में एक बार समीक्षा की वर्तमान नीति के बजाय भगत सिंह कोश्यारी समिति की सिफारिश के अनुसार वार्षिक आधार पर लागू करने का अनुरोध किया गया था। जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने 23 फरवरी को अपना फैसला सुरक्षित रख कर केंद्र से पूछा था कि क्या ओआरओपी के पांच साल में एक बार समीक्षा अवधि को कम करके पूर्व सैनिकों की कठिनाइयों को कुछ हद तक कम किया जा सकता है या नहीं?

## चुनावी राजनीति में सोशल मीडिया कंपनियों का प्रभाव लोकतंत्र के लिए खतरा: सोनिया

### सत्तापक्ष की मिलीभगत के साथ सोशल मीडिया कंपनियों का दुरुपयोग किया जा रहा है

नई दिल्ली, एजेंसी। कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी ने देश की चुनावी राजनीति पर सोशल मीडिया कंपनियों के सुनियोजित प्रभाव को लोकतंत्र के लिए खतरा करार देते हुए बुधवार को कहा कि सरकार को इस पर विराम लगाना चाहिए। उन्होंने लोकसभा में शून्यकाल के दौरान यह विषय उठाया और कुछ अंतरराष्ट्रीय मीडिया समूहों का उल्लेख करते हुए आरोप लगाया कि सत्तापक्ष की मिलीभगत के साथ सोशल मीडिया कंपनियों का दुरुपयोग किया जा रहा है। सोनिया गांधी ने कहा कि सोशल मीडिया का दुरुपयोग, लोकतंत्र को ह्यहैकह्ल करने में किया जा रहा है। उन्होंने दावा किया, ह्यह्यसत्तापक्ष की मिलीभगत से फेसबुक और दूसरे सोशल मीडिया मंचों के जरिये सामाजिक सद्भाव को जिस तरह खराब किया जा रहा है, वह हमारे लोकतंत्र के लिए खतरा है। बड़े





औद्योगिक समूहों और सरकार के बीच मिलीभगत है।ह्लह्ल कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा, ह्यह्यसरकार से आग्रह है कि दुनिया के सबसे लोकतंत्र की चुनावी राजनीति पर सत्ता प्रतिष्ठान के साथ मिलकर फेसबुक और दूसरे सोशल मीडिया की ओर से जो सुनियोजित प्रभाव डाला जा रहा है, उस पर विराम लगाया जाए। उन्होंने जोर देकर कहा कि देश के लोकतंत्र और सामाजिक सद्भाव को बचाकर रखना है।

## संक्षिप्त समाचार

### मोदी बातें तो वाजपेयी जैसी करते लेकिन उन्हें अमलीजामा नहीं पहनाते: शशि थरूर

नई दिल्ली, एजेंसी। वरिष्ठ कांग्रेस नेता शशि थरूर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कई बार सही बातें कहकर अटल बिहारी वाजपेयी के कुछ लक्षण दिखाते हैं लेकिन अपनी कथनी को करनी में तब्दील नहीं करते। उन्होंने यह भी कहा कि मोदी ने सार्वजनिक रूप से जो कुछ कहा है कि उसे अमलीजामा पहनाकर देश की बेहतर सेवा कर सकते हैं। थरूर ने यहां पत्रकार सागरिका घोष द्वारा लिखित वाजपेयी की जीवनी (बायोग्राफी) के विमोचन के मौके पर परिचर्चा में कहा कि कभी-कभी अपने भाषणों में वह सभी सही बातें कहकर अपने अंदरूनी वाजपेयी को दिशा देते हुए जान पड़ते हैं लेकिन वह उन्हें अमलीजामा नहीं पहनाते। यही असली फर्क है। उन्होंने मोदी के कश्मीर दौरे को याद किया जहां मोदी ने पर्यटन को बढ़ावा देने की चर्चा की थी और युवाओं से आतंकवाद का मार्ग छोड़ने की अपील की थी। थरूर ने कहा कि जो बातें उन्होंने सार्वजनिक तौर पर कहीं हैं, उनमें से कुछ को वह यदि लागू करना शुरू कर दें तो वह देश की बेहतर सेवा कर सकते हैं। वाजपेयी सरकार में मंत्री रहे यशवंत सिन्हा ने वाजपेयी को सहमति निमार्ता बताया जो संसद में व्यवधान से परेशान हो जाते थे। उन्होंने कहा कि वाजपेयी सहमति निमार्ता थे। वह विश्वास करते थे कि लोकतंत्र सहमति से चलना चाहिए न कि संख्याबल पर। उन्होंने कहा कि जब प्रधानमंत्री संसद में पहुंचे तो पूरा सत्तारूढ़ दल चिल्लाने लगा, जो लोकसभा में अब तक का सबसे विद्रूप दृश्य है। मैंने कभी कल्पना नहीं की कि संसद में ऐसी चीज होगी। सिन्हा ने 2018 में भाजपा छोड़ दी थी और अब वह तृणमूल कांग्रेस के उपाध्यक्ष हैं।

### 2007 से भारत ने 16 चीनी नागरिकों को दी भारतीय नागरिकता 10 आवेदन पेंडिंग: गृह मंत्रालय

नई दिल्ली, एजेंसी। केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने राज्यसभा को एक लिखित जवाब में बताया कि 16 चीनी नागरिकों को 2007 से भारतीय नागरिकता दी गई है और नागरिकता देने के संबंध में चीनी नागरिकों के अन्य 10 आवेदन लंबित हैं। डीएमके सांसद तिरुचि शिवा के सवाल पर गृह राज्य मंत्री राय ने उच्च सदन को बताया, 'ऑनलाइन नागरिकता मॉड्यूल में उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार, चीनी नागरिकों के 10 आवेदन नागरिकता प्रदान करने के लिए लंबित हैं। इसके अलावा, 2007 से 16 चीनी नागरिकों को भारतीय नागरिकता प्रदान की गई है। उन्होंने आगे कहा कि केवल हर देश के मुताबिक डेटा रखा जाता है और कम्युनिटी-वाइज डेटा नहीं रखा जाता है। इसका मतलब है कि सरकार के पास कितने हिंदू, मुस्लिम, सिख, ईसाई या फिर किसी और धर्म के लोगों को नागरिकता दी गई है इससे संबंधित कोई डाटा नहीं है।

## हुकूमत वो करते हैं जो दिलों पर राज करते हैं सीएम पद की शपथ ले बोले भगवंत मान

नई दिल्ली, एजेंसी। समाजवादी पार्टी के तीन विधायकों के साथ विधानसभा के भीतर गैंगस्टर महफूज अख्तर की मौजूदगी वाला फोटो वायरल होने पर बवाल शुरू हो गया है। महफूज फरवरी 2020 में बीएसपी नेता पिंटू सेंगर की हत्या का आरोपी है। फिलहाल वह जिला बदर है। पंजाब में नई राजनीति की शुरूआत के वादे के साथ भगवंत मान ने मुख्यमंत्री पद की शपथ ले ली है। अकेले ही शपथ लेने के बाद भगवंत मान ने भगत सिंह के गांव में भारी संख्या में जुटे लोगों को संबोधित भी किया। भगवंत मान ने कहा कि लोगों ने जितना प्यार मुझे दिया है, उसका कर्ज तो मैं जन्मों तक नहीं उतार पाऊंगा। क्रांतिकारी भगत सिंह का जिक्र करते हुए भगवंत मान ने कहा कि वह हमेशा सोचते थे कि देश आजाद तो हो जाएगा, लेकिन किन हाथों में जाएगा। अब



हम उनका सपना साकार करेंगे। भगवंत मान ने कहा कि हम पंजाब के स्कूलों एवं अस्पतालों को ऐसा बनाएंगे कि बाहर से आए लोग यहां से सेल्फी लेकर जाएंगे। उन्होंने कहा कि पहले राजभवन या फिर स्टेडियमों में शपथ समारोह होते थे, लेकिन हमने भगत सिंह के गांव में शपथ लेने का फैसला लिया है। भगवंत मान ने कहा कि हमारी सरकार उन लोगों की भी है, जिन्होंने हमें वोट नहीं दिया है। अरविंद केजरीवाल, मनीष सिसोदिया समेत दिल्ली सरकार के तमाम मंत्रियों की मौजूदगी में भगवंत मान ने कहा कि हमें अहंकार नहीं करना चाहिए। अहंकार का सिर हमेशा नीचा होता है और वक्त की ही तो बात है, जो किसी का नहीं रहता। भगवंत मान ने कहा कि अरविंद केजरीवाल जी का मैं धन्यवाद दूंगा, जिन्होंने देश की राजनीति के सुधार के लिए पार्टी का गठन किया। संगरूर सीट से लोकसभा सांसद रहे भगवंत मान बीते कई सालों से राजनीति में हैं और उससे पहले पेशे से कॉमेडियन थे। अब वह संगरूर जिले की धुरी सीट से विधायक हैं और सांसदी से इस्तीफा दे दिया है। भगवंत मान ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि हमें किसी भी तरह के अहंकार और टकराव से बचना है। इस दौरान अपने ही अंदाज में एक शेर सुनाते हुए भगवंत मान ने कहा कि हुकूमत वह करते हैं, जिनका दिलों पर राज होता है। यूं तो मुर्गे के सिर पर भी ताज होता है। भगत सिंह के गांव में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में बड़ी संख्या में लोग पहुंचे थे। हालांकि भगवंत मान के अलावा अरविंद केजरीवाल समेत किसी अन्य नेता ने भाषण नहीं दिया।

## पंजाब में कौन होगा नवजोत सिंह सिद्धू का विकल्प सोनिया गांधी ने सांसदों के साथ की मीटिंग

नई दिल्ली, एजेंसी। पंजाब विधानसभा चुनाव में करारी हार झेल चुके कांग्रेस पार्टी के दिग्गज नेता इन दिनों बैकफुट पर हैं। राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी के आदेश पर पार्टी के प्रदेश मुखिया नवजोत सिंह सिद्धू अपने पद से इस्तीफा दे चुके हैं। जिसके बाद अब प्रदेश में नए पीसीसी चीफ के लिए माथा पच्ची शुरू हो गई है। इसी क्रम में बुधवार को सोनिया गांधी ने दिल्ली स्थित पार्टी कार्यालय में पंजाब के सांसदों के साथ बैठक की। इससे पहले मंगलवार को कांग्रेस की अंतरिम अध्यक्ष सोनिया गांधी ने उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब, गोवा और मणिपुर के राज्य पार्टी प्रमुखों के इस्तीफे की मांग की थी, ताकि प्रदेश कांग्रेस समितियों के पुनर्गठन की सुविधा के लिए उनके इस्तीफे दिए जा सकें। कांग्रेस आलाकमान का यह कदम रविवार को कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक के बाद आया है। पांच राज्यों में हाल ही में संपन्न विधानसभा



चुनावों में पार्टी की करारी हार के बाद यह बैठक हुई थी। नवजोत सिंह सिद्धू के पीसीसी चीफ के पद से इस्तीफा देने के बाद सोनिया गांधी ने पंजाब के कांग्रेस सांसदों के साथ मीटिंग की। इसमें प्रदेश कांग्रेस के नए मुखिया और अहम कदमों को लेकर गहन चर्चा हुई। गौरतलब है कि पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों के परिणाम कांग्रेस के लिए एक झटके के रूप में आए हैं, जो 2024 के लोकसभा चुनावों के लिए संभावनाओं को और कम करने जैसा है। ऐसे में पार्टी का फोकस पंजाब में आम आदमी पार्टी के खिलाफ मजबूती से खड़ा होना और केंद्र में भाजपा को कड़ी टक्कर देना है।

## रूस से डिस्काउंट पर तेल खरीद रहा भारत



नई दिल्ली, एजेंसी। यूक्रेन पर रूसी अटैक के बीच अमेरिका सहित तमाम पश्चिमी देशों ने रूस पर कई तरह के कड़े प्रतिबंध लगाए हैं। ऐसे में भारत रूस से डिस्काउंट पर तेल खरीद रहा है। तो क्या भारत का ये कदम अमेरिकी प्रतिबंधों का उल्लंघन है? इस सवाल को लेकर खुद अमेरिका ने स्पष्ट जवाब दिया है। व्हाइट हाउस ने कहा है कि भारत का रूस से डिस्काउंट पर कच्चा तेल लेना अमेरिकी प्रतिबंधों का उल्लंघन नहीं माना जाएगा। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव जेन साकी ने कहा, किसी भी देश के लिए हमारा संदेश यही है कि हमने जो प्रतिबंध लगाए हैं और अनुशंसित किए हैं, उनका पालन करें। भारत द्वारा रियायती दर पर कच्चे तेल की रूसी पेशकश को स्वीकार करने की संभावना वाली एक रिपोर्ट के बारे में पूछे जाने पर साकी ने कहा, ह्यह्यमुझे नहीं लगता कि यह उन (प्रतिबंधों) का उल्लंघन होगा। साकी ने कहा, ह्यह्यलेकिन इस बात पर गौर करें कि मौजूदा समय के संदर्भ में आप इतिहास में किस तरह दर्ज होना चाहते हैं। रूसी नेतृत्व को समर्थन, एक आक्रमण को समर्थन है, जिसके स्पष्ट रूप से विनाशकारी प्रभाव हैं। भारत ने यूक्रेन पर रूसी आक्रमण का समर्थन नहीं किया है और वह सभी हितधारकों से बातचीत के जरिए मतभेदों को सुलझाने का लगातार आग्रह कर रहा है। उसने रूस के खिलाफ संयुक्त राष्ट्र के किसी भी प्रस्ताव को पारित करने के लिए हुए मतदान में भी हिस्सा नहीं लिया। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन के प्रशासन के अधिकारियों ने भारत की स्थिति को समझने की पूरी कोशिश की है और अपने सांसदों से कहा है कि भारत, अपनी राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए रूसी सैन्य आपूर्ति पर काफी हद तक निर्भर है। इस बीच, भारतीय-अमेरिकी सांसद एमी बेरा ने उन खबरों को लेकर निराशा व्यक्त की, जिनेमें दावा किया गया है कि भारत भारी रियायती दर पर मिलने वाला रूसी तेल खरीदने पर विचार कर रहा है।

## कांग्रेस एकजट हो जाएं तब लोकसभा चुनाव में भाजपा को चुनौती दे सकती : पीके

नई दिल्ली, एजेंसी। पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव में भले ही कांग्रेस को करारी हार मिली हो, लेकिन चुनावी रणनीतिकार प्रशांत किशोर का मानना है कि 2024 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस बीजेपी को मजबूत टक्कर दे सकती है। पीके ने कहा है कि अगर कांग्रेस एकजुट होकर काम करे, तब 2024 के लोकसभा चुनाव में बीजेपी को मजबूत चुनौती दे सकती है।पांच राज्यों यूपी, उत्तराखंड, मणिपुर, गोवा और पंजाब में करारी हार के बाद कांग्रेस वर्किंग कमिटी की बैठक हुई थी, जिसके बाद कई कांग्रेसी नेताओं ने गांधी परिवार पर निशाना साधा था।

हालांकि सीडब्ल्यूसी की बैठक में कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी को संरचनात्मक कमजोरी और पार्टी में बदलाव करने के लिए अधिकृत कर दिया गया है। पीके ने कहा कि 2024 के लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस के पास मौका है। अगर कांग्रेस एकजुट रहे, तब वह बीजेपी को मजबूत चुनौती दे सकती है। प्रशांत किशोर ने कहा, भाजपा अब ताकतवर हो चुकी है, लेकिन अभी भी वह पूर्वी और दक्षिणी भारत में संघर्ष कर रही है, क्योंकि इन क्षेत्रों में लगभग 200 सीटों पर वह 50 सीटें भी नहीं ला पा रही है। इसमें बिहार, बंगाल, ओडिशा, तेलंगाना, आंध्रप्रदेश, तमिलनाडु और केरल राज्य शामिल हैं। उन्होंने कहा, इसके लिए हमें वापस जमीन पर आना होगा और कांग्रेस को पुनर्जन्म लेना होगा। प्रशांत किशोर ने कहा, कोई भी पार्टी खासकर अगर कांग्रेस राष्ट्रीय स्तर पर बीजेपी का विकल्प बनना चाहती है,तब उसके पास 10-15 साल का मजबूत दृष्टिकोण होना चाहिए। इसके लिए कोई शॉर्ट कट नहीं है। प्रशांत किशोर से पूछा गया कि ऐसा कौन शख्स है, जो पूरे विपक्ष को एकजुट कर सकता है? इस सवाल पर पीके ने किसी नेता का नाम तो नहीं लिया, लेकिन कहा कि ह्यअगर कांग्रेस सबको एक साथ रखने में कामयाब हो जाती है,तब इसके इर्द-गिर्द चेहरा को बनाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि यदि आप सही दिशा में नैरेटिव को ले जाते हैं और आपके पास गठबंधन के लोग हैं तब भले ही उसकी विचारधारा कुछ भी हो, लेकिन अगर वे बीजेपी को हराना चाहते हैं तो चेहरा अपने आप बन जाएगा। प्रशांत किशोर ने कहा कि ह्यअगर कांग्रेस से गांधी परिवार हट जाए,तब फिर कांग्रेस मजबूत नहीं होगी। इसकारण कांग्रेस के लिए जमीन पर आकर बुनियादी बातों को सही करने का समय आ गया है।

## कांग्रेस में हार से हाहाकार पांचों राज्यों के अध्यक्षों से सोनिया गांधी ने मांगा इस्तीफा

नई दिल्ली, एजेंसी। पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव हारने बाद कांग्रेस ने जवाबदेही तय करनी शुरू कर दी है। पार्टी अध्यक्ष सोनिया गांधी ने इन राज्यों के प्रदेश अध्यक्षों से इस्तीफा मांगा है ताकि, नए सिरे से समितियों का गठन हो सके। यह पहली बार है जब हार के बाद इस तरह त्यागपत्र मांगा गया है। कांग्रेस प्रवक्ता रणदीप सुरजेवाला ने ट्वीट कर यह जानकारी दी। हालांकि, कई प्रदेश अध्यक्षों ने हार के बाद अपने से पद से इस्तीफे की पेशकश कर दी थी। यूपी में अजय कुमार लल्लू, उत्तराखंड में गणेश गोदियाल, पंजाब में नवजोत सिंह सिद्धू, गोवा में गिरीश चोडनकर और मणिपुर में नमेईरकपैम लोकेन सिंह के पास पार्टी की कमान है। इस बीच, यूपी, उत्तराखंड और गोवा के प्रदेश अध्यक्षों ने अपना इस्तीफा सौंप भी दिया है। चुनाव में हार के कारणों पर विचार करने के लिए रविवार को हुई कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक में भी इस्तीफे की मांग उठी थी। सीडब्ल्यूसी ने बयान में भी संगठनात्मक बदलाव करने की बात कही गई थी। ताकि, राजनीतिक चुनौतियां का सामना करने के लिए





संगठन की कमजोरियों को दूर किया जा सके। यह हिदायत को इसी से जोड़कर देखा जा रहा है। पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव हारने बाद कांग्रेस ने जवाबदेही तय करनी शुरू कर दी है। पार्टी अध्यक्ष सोनिया गांधी ने इन राज्यों के प्रदेश अध्यक्षों से इस्तीफा मांगा है ताकि, नए सिरे से समितियों का गठन हो सके। यह पहली बार है जब हार के बाद इस तरह त्यागपत्र मांगा गया है। कांग्रेस प्रवक्ता रणदीप सुरजेवाला ने ट्वीट कर यह जानकारी दी। हालांकि, कई प्रदेश अध्यक्षों ने हार के बाद अपने से पद से इस्तीफे की पेशकश कर दी थी। यूपी में अजय कुमार लल्लू, उत्तराखंड में गणेश गोदियाल, पंजाब में नवजोत सिंह सिद्धू, गोवा में गिरीश चोडनकर और मणिपुर में नमेईरकपैम लोकेन सिंह के पास पार्टी की कमान है। इस बीच, यूपी, उत्तराखंड और गोवा के प्रदेश अध्यक्षों ने अपना इस्तीफा सौंप भी दिया है। चुनाव में हार के कारणों पर विचार करने के लिए रविवार को हुई कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक में भी इस्तीफे की मांग उठी थी। सीडब्ल्यूसी ने बयान में भी संगठनात्मक बदलाव करने की बात कही गई थी। ताकि, राजनीतिक चुनौतियां का सामना करने के लिए संगठन की कमजोरियों को दूर किया जा सके। यह हिदायत को इसी से जोड़कर देखा जा रहा है।

## क्रिप्टो करेंसी पेश करने की हमारी कोई योजना नहीं : केंद्र सरकार

नई दिल्ली, एजेंसी। संसद में बताया गया कि क्रिप्टो करेंसी पेश करने की सरकार की कोई योजना नहीं है। वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने राज्यसभा को बताया कि क्रिप्टो करेंसी पेश करने की कोई योजना नहीं है। वर्तमान में यह भारत में अनरेगुलेटिड यानी अनियत्रिंत है। मंत्री ने कहा, भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) क्रिप्टो करेंसी जारी नहीं करता है। पारंपरिक कागजी मुद्रा कानूनी निविदा है और आरबीआई द्वारा आरबीआई अधिनियम, 1994 के प्रावधानों के अनुसार जारी की जाती है। पारंपरिक कागजी मुद्रा के एक डिजिटल संस्करण को सेंट्रल बैंक डिजिटल करेंसी (सीबीडीसी) कहा जाता है।ह्ल



अन्य प्रश्न के उत्तर में, मंत्री ने सूचित किया कि आरबीआई वर्तमान में सीबीडीसी की शुरूआत के लिए एक चरणबद्ध कार्यान्वयन रणनीति की दिशा में काम कर रहा है और उपयोग के मामलों की जांच कर रहा है, जिसे बहुत कम या बिना किसी व्यवधान के लागू किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि सीबीडीसी की शुरूआत में महत्वपूर्ण लाभ प्रदान करने की क्षमता है, जैसे कि नकदी पर कम निर्भरता, कम लेनदेन लागत के कारण उच्च पदस्थापन (नकदी जारी करने पर सरकार को होने वाला मुनाफा) आदि। मंत्री ने बताया कि समय के साथ नोटों की छपाई में कमी आई है। उन्होंने कहा, ह्ल2019-20 के दौरान 4,378 करोड़ रुपये के नोट छापे गए, जबकि 2020-21 में 4,012 करोड़ रुपये के नोट छापे गए। जबकि 2016-17 में 7,965 करोड़ रुपये के नोट छापे गए थे।ह्ल

# दिल्ली पुलिस ने किया 82 अधिवक्ताओं को सूचीबद्ध : संजय सिंह आईपीएस विशेष पुलिस आयुक्त पुलिस



» विजय गौड़ विशेष संवाददाता

दिल्ली पुलिस ने अपने कानूनी विभाग को मजबूत बनाने के लिए हाल ही में 82 अधिवक्ताओं को सूचीबद्ध किया है ये अधिवक्ता जांच के दौरान मामलों के जांच अधिकारियों को देंगे कानूनी सलाह ।ये कानूनी सलाहकार पुलिस के प्रत्येक उप-मंडल और जांच इकाइयों के साथ अपनी सेवायें देंगे जैसे स्पेशल सेल , क्राइम ब्रांच, आर्थिक अपराध शाखा, रेलवे, मेट्रो यूनिट और पुलिस मुख्यालय। उल्लेखनीय है कि अभियोजन विभाग और ॠठउळ के लोक अभियोजक दिल्ली पुलिस के द्वारा जाँच पूरी होने एवं चार्जशीट तैयार कर अभियोजन पक्ष को भेजे जाने और ट्रायल कोर्ट के बाद अपनी सेवाएं देने के लिए उपलब्ध है किन्तु संजय सिंह आईपीएस विशेष पुलिस आयुक्त पुलिस ने बताया कि यदि जांच के समय पर कानूनी सहायता उपलब्ध हो तो केस मजबूत बन सकता है जांच के दौरान गुणवत्ता में सुधार और बढ़ाने के लिए कानूनी सलाह यथासमय आवश्यक है , इस से अभियोजन पक्ष मजबूत बन सकता है इस प्रकार सूचीबद्ध किये गए अधिवक्ता चार्जशीट दाखिल होने तक की प्रक्रिया में जाँच अधिकारी को कानूनी सलाह देंगे , विभिन्न न्यायालयों में जमानत मामलों में कानूनी सलाह प्रदान करेंगे, केस की अंतिम रिपोर्ट तैयार करने में सहायता करेंगे , संदिग्ध/आरोपी.से पूछताछ के लिए प्रश्नावली का मसौदा तैयार करने में सहायता करेंगें,कानूनों, वैधानिक नियमों और विनियमों और उनके संशोधनों की व्याख्या करने में आईओ की सहायता करेंगे और शीर्ष और उच्च न्यायालयों के प्रमुख निर्णयों पर चर्चा और साझा करेंगे ।इस प्रकार दिल्ली पुलिस के लीगल सेल ने अपने पुलिस के जाँच अधिकारिओं को कानून से अपडेट करने , केस की जाँच को उच्च गुणवत्ता तक लाने , कोर्ट में आरोपी के अधिवक्ता के क्रॉस एग्जामिनेशन पर जाँच अधिकारी द्वारा अपनी बात को सही ढंग से प्रस्तुत करने के लिए कानूनी प्रशिक्षण के लिए कमर कस ली है और जनता में अपना विश्वास और बढ़ाने की पहल की है जो सचमुच प्रशंसनीय है

## अगस्ता-वेस्टलैंड चॉपर डील में शशिकांत शर्मा जसबीर सिंह पनेसर को मुकदमों का सामना करना पड़ेगा



नई दिल्ली, एजेंसी। अगस्ता वेस्टलैंड घोटाला मामले में सीबीआई ने पूर्व रक्षा सचिव शशिकांत शर्मा के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल कर दिया है। अब अगस्ता-वेस्टलैंड चॉपर डील में पूर्व नेशनल ऑडिटर शशिकांत शर्मा और पूर्व एयर वाइस मार्शल जसबीर सिंह पनेसर को सीबीआई के मुकदमों का सामना करना पड़ेगा। जांच एजेंसी ने पूर्व नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग) और रक्षा सचिव रहे शशिकांत शर्मा और पूर्व एयर वाइस चीफ जसबीर सिंह पनेसर के खिलाफ मुकदमा चलाने के लिए रक्षा मंत्रालय से अनुरोध किया था।

शशिकांत शर्मा साल 2003 और 2007 के बीच रक्षा मंत्रालय में संयुक्त सचिव (वायु) थे और 2011-13 में रक्षा सचिव रहे और उसके बाद 2013-2017 तक ऑडिटर रहे।

केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो ने 3,700 करोड़ रुपये के अगस्ता वेस्टलैंड घोटाले में पूर्व रक्षा सचिव शशिकांत शर्मा और भारतीय वायुसेना के चार कर्मियों के खिलाफ पूरक आरोप पत्र दाखिल किया है।सीबीआई ने शर्मा के खिलाफ मुकदमा चलाने के लिए सरकार से मंजूरी मिलने के बाद आरोप पत्र दायर किया।

अधिकारियों ने बताया कि सीबीआई ने तत्कालीन वायु सेना उप प्रमुख जसबीर सिंह पनेसर (अब सेवानिवृत्त), उप मुख्य परीक्षण पायलट एसए कुंटे, तत्कालीन विंग कमांडर थॉमस मैथ्यू और ग्रुप कैप्टन एन संतोष का भी आरोपी के तौर पर नाम लिया है। कुंटे और संतोष एयर कमोडोर के पद से सेवानिवृत्त हुए। यह कथित घोटाला अगस्ता वेस्टलैंड से 12 वीवीआईपी हेलीकॉप्टर की खरीद से जुड़ा है।

सीबीआई के विशेष जांच दल ने 2016 में इस मामले को अपने हाथ में लिया था और 1 सितंबर, 2017 को पूर्व एयर चीफ मार्शल एसपी त्यागी और 11 अन्य के खिलाफ पहली चार्जशीट दायर की गई थी।

## संक्षिप्त समाचार

### पूर्वी जापान में 7.3 तीव्रता वाले भूकंप के झटके महसूस किए गए

टोक्यो, एजेंसी । पूर्वी जापान में बुधवार रात 7.3 तीव्रता वाले भूकंप के झटके महसूस किए गए । यहाँ 20 लाख से ज्यादा घरों में बत्ती गुल हो गई है । जापान मौसम विज्ञान एजेंसी ने पूर्वोत्तर तट के कुछ हिस्सों के लिए सुनामी का अलर्ट जारी किया है । भूकंप का केंद्र फुकुशिमा क्षेत्र के तट पर 60 किलोमीटर की गहराई में था । रात 11:36 बजे भूकंप आने के तुरंत बाद तट के कुछ हिस्सों के लिए एक मीटर की सूनामी लहरों के लिए अलर्ट जारी किया गया है । भूकंप की वजह से किसी भी तरह के जान माल के नुकसान की कोई खबर नहीं आई है । लेकिन 20 लाख से ज्यादा घरों में बत्ती गुल हो गई है । बिजली सप्लाई करने वाली कंपनी टेप्को ने बताया कि इनमें करीब सात लाख घर टोक्यो के शामिल हैं । टेप्को ने ट्वीट करते हुए कहा कि वह फुकुशिमा परमाणु संयंत्र में संचालन की जांच कर रहा है । 11 साल पहले 11 मार्च, 2011 को पूर्वी तट पर 9.0-तीव्रता के भूकंप और सूनामी के बाद इस प्लांट में संचालन बंद हो गया था ।

### गड़करी ने किया ऐलान , 2024 तक अमेरिका जैसी होंगी भारतीय सड़कें

नई दिल्ली, एजेंसी । केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि उनका लक्ष्य 2024 तक भारतीय सड़कों को अमेरिका जैसा बनाने का है । केंद्र सरकार ने भारत की सड़कों को शानदार बनाने की योजना पर काम कर रही है । ऐसी सड़कें जो स्मूथ और खुबसूरत होंगी, जिनपर चलना किसी खूबसूरत सफर जैसा होगा । राज्यसभा को सूचित करते हुए केंद्रीय मंत्री गडकरी ने कहा कि केंद्र 2024 के अंत तक भारतीय सड़कों के बुनियादी ढांचे को अमेरिका के बराबर विकसित करने की योजना बना रहा है । गडकरी ने प्रश्न का उत्तर देकर यह बात कही । उन्होंने सड़क सुरक्षा के बारे में जनता में जागरुकता पैदा करने के लिए और अधिक प्रयास करने की मांग की । यह बताते हुए उन्होंने कहा, ह्यसड़क के बुनियादी ढांचे का विस्तार ही एकमात्र समस्या नहीं है, सड़क इंजीनियरिंग, आटोमोबाइल इंजीनियरिंग, लोगों में जागरुकता और शिक्षा जैसे अन्य पहलू भी हैं ।

### सिब्बल ने पार्टी में किसी भी पद पर पहुंचने के लिए चुनाव कब लड़ा : सलमान खुर्शीद

नई दिल्ली, एजेंसी । कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री सलमान खुर्शीद ने गांधी परिवार के नेतृत्व की आलोचना करने के लिए अपने पार्टी सहयोगी सिब्बल पर पलटवार करते हुए पूछा कि उन्होंने पार्टी में किसी भी पद के लिए कब चुनाव लड़ा है । खुर्शीद ने सिब्बल सहित ह्य23 समूहह्न के हस्ताक्षरकर्ताओं पर भी हमला किया, जिन्होंने 2020 में सोनिया गांधी को पत्र लिखा था, जिसमें पार्टी में व्यापक बदलाव की मांग की गई थी । संगठन से इतना कुछ प्राप्त करने के बाद शिकायत करना ह्यथोड़ा दुखदह्न है । खुर्शीद ने कहा कि गांधी परिवार पार्टी की एकीकरण का मुख्य कारक है । संकट की घड़ी में नेतृत्व का सबसे अच्छा विकल्प है ।

# गुलाम नबी आजाद के घर पर मिले कांग्रेस के असंतुष्ट नेता

नई दिल्ली, एजेंसी। पांच राज्यों के चुनावों में कांग्रेस के शर्मनाक प्रदर्शन के बाद असंतुष्ट नेताओं की गुलाम नबी आजाद के घर पर बैठक हुई। बैठक में भाग लेने वाले नेताओं में कपिल सिब्बल, शशि थरूर, आनंद शर्मा, मनीष तिवारी, भूपेंदर हुड्डा, राजिंदर कौर भट्टल, अखिलेश प्रताप सिंह, पृथ्वीराज चव्हाण, पीजे कुरियन, मणिशंकर अय्यर, कुलदीप शर्मा और राज बब्बर शामिल हैं। इन नेताओं ने पांच राज्यों, उत्तरप्रदेश, पंजाब, उत्तरांचल, गोवा और मणिपुर में परिणाम के दिन मुलाकात की थी। सूत्रों ने बताया कि पहले यह बैठक कपिल सिब्बल के घर में आयोजित की गई थी लेकिन उनके (सिब्बल के )गांधी परिवार के खिलाफ ह्यखुले हमलेह्न को लेकर कई नेताओं के असहज होने के चलते इस बैठक का स्थान बदला गया।

शीर्ष नेतृत्व के खिलाफ कपिल सिब्बल के हमले पिछले कुछ वर्षों से बेहद तीखे और धारदार होते जा रहे हैं। सिब्बल ने कहा था कि समय आ गया था कि गांधी परिवार को कांग्रेस पार्टी के नेतृत्व से अलग होना चाहिए और किसी अन्य को मौका देना चाहिए। इंडियन एक्सप्रेस से बातचीत में उन्होंने यह भी कहा था कि वह ह्यघर की कांग्रेसह्न नहीं, बल्कि ह्यसबकी कांग्रेसह्न चाहते हैं ।सिब्बल का यह बयान हार के कारणों की समीक्षा के लिए रविवार की कांग्रेस कार्यसमिति के बाद आया था। सीडब्ल्यूसी की बैठक पार्टी की ओर से सोनिया गांधी के नेतृत्व के प्रति आस्था जताने और उन्हें संगठनात्मक बदलाव के लिए इजाजत देने के साथ समाप्त हुई थी। कांग्रेस के कई नेताओं ने गांधी परिवार के संदर्भ में पूर्व केंद्रीय मंत्री कपिल सिब्बल द्वारा की गई टिप्पणी को लेकर मंगलवार को उन पर निशाना साधा था ।लोकसभा में कांग्रेस के सचेतक मणिकम टैगोर ने सिब्बल पर निशाना साधते हुए ट्वीट किया, ह्यह्यआरएसएस और भाजपा क्यों चाहते हैं कि नेहरू-गांधी नेतृत्व से अलग हो ? क्योंकि गांधी परिवार के नेतृत्व के बिना कांग्रेस, जनता पार्टी बन जाएगी। इस तरह से कांग्रेस को खत्म करना आसान होगा और फिर से आइडिया ऑफ इंडिया (भारत के विचार) को खत्म करना आसान होगा। कपिल सिब्बल यह जानते हैं, लेकिन वह आरएसएस/भाजपा की भाषा क्यों बोल रहे हैं ?ह्नह्नकांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा ने सिब्बल पर प्रहार करते हुए कहा कि ऐसे नेताओं को पार्टी के मौजूदा नेतृत्व के खिलाफ रोजाना बयानबाजी करने की बजाय अध्यक्ष पद का चुनाव लड़ना चाहिए। वरिष्ठ कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी ने बताया था कि सीडब्ल्यूसी बैठक को संबोधित करते हुए सोनिया ने अपने और अपने बच्चों राहुल गांधी और प्रियंका गांधी के इस्तीफे की पेशकश की थी लेकिन कांग्रेस नेताओं ने सर्वसम्मति से इसे खारिज कर दिया था।

## भाजपा के लिए राष्ट्रपति पद का चुनाव जीतना आसान नहीं होगा: ममता बनर्जी



कोलकाता, एजेंसी। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने यह कहते हुए कि ह्यखेल अभी खत्म नहीं हुआ हैह्न दावा किया कि भाजपा के लिए राष्ट्रपति पद का चुनाव जीतना आसान नहीं होगा। ममता ने कहा कि जिनके पास देश में कुल विधायकों की संख्या के आधे भी नहीं है, उन्हें बड़ी बड़ी बातें नहीं करनी चाहिए क्योंकि विधानसभा चुनाव में हार के बावजूद समाजवादी पार्टी जैसी पार्टियां, पिछली बार की तुलना में मजबूत है।

उन्होंने कहा, ह्यराष्ट्रपति चुनाव इस बार बीजेपी के लिए आसान नहीं रहने वाले ।उनके पास देश के कुल विधायकों के आधे भी नहीं हैं। विपक्षी पार्टियों के पास देशभर में उनसे ज्यादा विधायक हैं ।ह्न पश्चिम बंगाल की सीएम ने कहा, ह्यह्नखेल अभी खत्म नहीं हुआ था, यहां तक कि यूपी विधानसभा चुनाव में हारने वाली सपा के पास भी पिछली बार की तुलना में अधिक विधायक हैं ।ह्न राष्ट्रपति चुनाव परोक्ष रूप से निर्वाचक मंडल के जरिये आयोजित किए जाते हैं जिसमें संसद के निर्वाचित सदस्य और राज्यों और यूपी की विधानसभाओं के सदस्य शामिल होते हैं।

ममता बनर्जी 2024 के लोकसभा चुनाव में बीजेपी का मुकाबला करने के लिए विपक्षी पार्टियों का मोर्चा बनाने के लिए प्रयासरत हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र में सत्तारूढ़ पार्टी के खिलाफ जंग के लिए देश तैयार हो रहा है।

## यूक्रेन की वायु रक्षा को उलझाने डिकॉय डार्ट मिसाइलें चला रहा रूस



लंदन, एजेंसी। अमेरिकी इंटेलिजेंस ने दावा किया है कि यूक्रेनी लक्ष्यों पर हमला करने के लिए रूस गुप्त डिकॉय डार्ट मिसाइलों का उपयोग कर रहा है, जिसे उन्होंने वेस्ट रिवर्स-इंजीनियरिंग को रोकने के लिए निर्यात करने से इनकार कर दिया था। माना जाता है कि रूस और बेलारूस में मोबाइल रॉकेट लांचर यूक्रेन की वायु रक्षा को बेवकूफ बनाने के लिए मास्को की इस्कंदर-एम मिसाइलों की शूटिंग कर रहे हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि डार्ट के आकार के ये हथियार, जिन्हें मूल रूप से क्लस्टर बम माना जाता था, सोशल मीडिया पर रूस के आक्रमण की शुरूआत से ही देखे गए हैं।

डेली मेल ने बताया कि प्रमुख लक्ष्यों को हिट करने के लिए, रूसी सेना इस्कंदर मिसाइलों का उपयोग करती है, जिनकी मारक क्षमता 500 किलोमीटर, लगभग 300 मील तक होती है और अधिक शक्तिशाली वॉरहेड ले जाते हैं। यह बड़ी इमारतों और कुछ गढ़वाले सुविधाओं को नष्ट कर सकते हैं। एक अमेरिकी खुफिया अधिकारी ने न्यूयॉर्क टाइम्स के अनुसार दावा किया है कि डार्ट्स इस्कंदर रॉकेटों को वायु रक्षा मिसाइलों से रक्षा प्रणालियों को मूर्ख बनाने के लिए हीट-सीकिंग और रडार तकनीक का उपयोग करके रक्षा करते हैं। उन्होंने इस्कंदर मिसाइलों के साथ इस्तेमाल किए गए डार्ट्स और काम के चित्र की पुष्टि की। कुछ इस्कंदर मिसाइलों को कथित तौर पर रूसी सहयोगी बेलारूस के क्षेत्र से दागा गया था, जिसने रूसी आक्रमण के लिए एक मंच के रूप में काम किया है। इन कम दूरी की बैलिस्टिक मिसाइलों का मुकाबला करना यूक्रेनी वायु रक्षा प्रणालियों के लिए एक मुश्किल काम साबित हुआ है जो कि कीव और खारकिव में नागरिकों को लक्षित करने वाले हमले को रोकने की कोशिश कर रहा है।

## होली को सभी लोग श्रद्धा और सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाएं-आदेश गुप्ता



नई दिल्ली, 16 मार्च। प्रदेश भारतीय जनता पार्टी द्वारा आज प्रदेश कार्यालय में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस आयोजन में प्रदेश भाजपा अध्यक्ष श्री आदेश गुप्ता सहित भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने आपस में एक-दूसरे को गुलाल लगाया एवं रंगों की होली को पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया।

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष श्री आदेश गुप्ता ने सभी को बधाई एवं होली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि रंगों के इस त्योंहार को भारत के सभी लोग प्रेम पूर्वक मनाते हैं। जैसे भारत में सभी जाति एक साथ सौहार्द पूर्ण तरीके से रहते हैं, वैसे ही होली में सभी रंगों का एक होना इसकी सबसे बड़ी खूबसूरती है। उन्होंने मीडियाकर्मियों और भाजपा कार्यकताओं को भी होली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भारत में बिना किसी भेद भाव किए सभी लोग आपस में मिल-जुल कर मस्ती के इस त्योंहार को आनंदपूर्वक मनाते हैं। इसलिए आप सभी होली को श्रद्धा और सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाएं।

होली समारोह में भाजपा के केंद्रीय राज्य मंत्री श्रीमती मीनाक्षी लेखी, राष्ट्रीय महामंत्री श्री दुष्यंत गौतम, नेता प्रतिपक्ष श्री रामवीर सिंह बिधूड़ी, प्रदेश संगठन महामंत्री श्री सिद्धार्थन, पूर्व केंद्रीय मंत्री श्री विजय गोयल, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष श्री विजेन्द्र गुप्ता, प्रदेश महामंत्री श्री कुलजीत सिंह चहल, श्री हर्ष मल्होत्रा एवं श्री दिनेश प्रताप सिंह सहित प्रदेश के उपाध्यक्ष, प्रदेश प्रवक्ता एवं अन्य प्रदेश पदाधिकारी सहित जिला के भी पदाधिकारी उपस्थित थे।

# एसडीएम ने ग्राम सभा की जमीन को अवैध तरीके से कर दी आवंटित

» मदरलैंड संवाददाता



नई दिल्ली। दिल्ली सरकार भले ही भ्रष्टाचार मुक्त प्रशासन की बात करे और मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल चुनावी मंचों से दिल्ली का मॉडल के रूप में पेश करते हैं। उनके मॉडल में ही दिल्ली सरकार के बुराड़ी के एसडीएम राजीव रंजन ने बाबा कॉलोनी के एक ग्राम सभा को अवैध तरीके से आवंटित कर दी है। जबकि इस मामले को लेकर कॉलोनी के सैकड़ों लेगों ने सरकार को अर्जी दी हुई है।

बता दें कि बाबा कॉलोनी में पुश्ता के निकट ग्राम सभा की जमीन है। इसका खसरा संख्या 92/1/2 है। इसको लेकर ग्राम सभा वर्सेज सहदेव त्यागी के नाम से एसडीएम के सामने मामला था। कॉलोनी के लोगों की मांग थी कि इस ग्राम सभा की जमीन पर सामुदायिक भवन अथवा सार्वजनिक उपयोग से जुड़े कोई कार्य हो। कई वर्षों तक यह मामला सरकारी फाइलों में चला है। सक्षम अधिकारियों के सामने कॉलोनी के लोगों ने पत्र लिखे और व्यक्तिगत रूप से जाकर बात रखी।

अब 15 फरवरी 2022 के आदेश में एसडीएम राजीव रंजन ने इस जमीन को सहदेव त्यागी के सुपुर्द कर दिया है खसरा संख्या 92/1/2 की कुल जमीन 18 विस्वा है। इसलिए यह जमीन बुराड़ी गांव निवासी सहदेव त्यागी को दिया जाता है। यह आदेश जारी करते हुए एसडीएम राजीव रंजन ने पूर्व के कई तथ्यों का हवाला दिया है।

हालांकि, एसडीएम के इस आदेश को कई ग्रामीण और बाबा कॉलोनी के लोग नहीं मान रहे हैं। लोगों का कहना है कि अपने निहित स्वार्थ के लिए एसडीएम राजीव रंजन ने एकपक्षीय निर्णय दिया है। जनता की बातों और कई सरकारी कागजों की अनदेखी की गई है। इस संबंध में सामाजिक कार्यकर्ता संध्या कुमारी ने दिल्ली सरकार के वित्त आयुक्त को पत्र लिखकर इस मामले को संज्ञान में लेने और इसकी गंभीरता से जांच कराने की मांग की है। इसकी कॉपी दिल्ली सरकार के उपायुक्त को भी दी गई है। साथ ही कॉलोनिवासियों का कहना है कि यहां पर हडवार भी होता था। एसडीएम राजीव रंजन ने केवल अपने हित को ध्यान में रखकर नियम विरूद्ध कार्य किया है।

## रेलमंत्री की सदन में दो टूक, रेलवे के निजीकरण का कोई प्रश्न ही नहीं, सिर्फ अफवाहें

### रेलवे को निजीकरण नहीं होगा पूर्व रेलमंत्री भी बता चुके



नई दिल्ली, एजेंसी। केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बुधवार को स्पष्ट किया कि रेलवे के निजीकरण का कोई प्रश्न ही नहीं है, इस बारे में कही गई सारी बातें ह्यकाल्पनिकह्न हैं। उन्होंने कहा कि सरकार की दृष्टि में ह्यरणनीतिक क्षेत्रह्न के रूप मे रेलवे की सामाजिक जवाबदेही है, इसे वाणिज्यिक व्यवहार्यता पर ध्यान देकर पूरा किया जा रहा है। ह्यवर्ष 2022-23 के लिए रेल मंत्रालय के नियंत्रणाधीन अनुदानों की मांगों पर चर्चा का जवाब देकर रेल मंत्री ने कहा, ह्यह्यरेलवे के निजीकरण का कोई प्रश्न ही नहीं है। इस बारे में कही गई बातें काल्पनिक हैं। ह्नह्न उन्होंने कहा कि रेलवे का निजीकरण नहीं हो सकता है, क्योंकि पटरियां रेलवे की हैं, इंजन रेलवे के हैं, स्टेशन और बिजली के तार रेलवे के हैं। इसके अलावा डिब्बे और सिग्नल प्रणाली भी रेलवे की ही हैं।

वैष्णव ने कहा कि उनके पूर्ववर्ती रेलमंत्री पीयूष गोयल भी पहले स्पष्ट कर चुके हैं कि रेलवे का ढांचा जटिल है और इसका निजीकरण नहीं होगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि मालगाड़ियों का भी निजीकरण नहीं किया जा रहा है। रेल मंत्री ने कहा, ह्यह्यसरकार की दृष्टि में ह्यरणनीतिक क्षेत्रह्न के रूप में रेलवे की सामाजिक जवाबदेही है। इसका अब तक पालन किया गया और आगे भी किया जाएगा।

गौरतलब है कि इस विषय पर चर्चा के दौरान कांग्रेस और कुछ अन्य विपक्षी दलों के सदस्यों ने सरकार पर रेलवे के ह्यनिजीकरणह्न की ओर कदम बढ़ाने और सिर्फ मुनाफा कमाने पर ध्यान देने का आरोप लगाकर लोकसभा में कहा था कि सरकार की ओर से रेल आधुनिकीकरण की बात करना सिर्फ ह्यदुष्प्रचारह्न है। रेल मंत्री ने कहा कि रेलवे की सामाजिक जवाबदेही पर ध्यान दें तब स्पष्ट होगा कि हम 60 हजार करोड़ रुपए की सब्सिडी दे रहे हैं। मंत्री के जवाब के बाद सदन ने ह्यवर्ष 2022-23 के लिए रेल मंत्रालय के नियंत्रणाधीन अनुदानों की मांगोंह्न को मंजूरी प्रदान कर दी। वैष्णव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जीवन से रेल से जुड़ा रहा है, वह रेल को बहुत अच्छी तरह समझते हैं। उन्होंने कहा कि आज रेलवे किस मोड़ पर है, यह जानने के लिए हमें पीछे जाना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने से पहले जैसी नीतिगत पंगुता थी, उसका प्रभाव रेलवे पर भी था।

रेल मंत्री ने कहा कि मोदी सरकार के सत्ता में आने से पहले रेलवे में निवेश की कमी एवं नजरिये की दिशाहीनता थी, साथ ही प्रौद्योगिकी में बदलाव नहीं हो पा रहा था, कर्मचारियों में विभागीय प्रतिस्पर्धा थी और इसके कारण रेलवे लगातार बाजार में हिस्सेदारी खोता जा रहा था। सरकार के कदमों का उल्लेख करते हुए रेल मंत्री ने कहा, ह्यह्यहमारी सरकार बनने के बाद सबसे पहले सफाई पर ध्यान दिया गया। इसके बाद जमीनी कार्यालयों के स्तर पर अधिकारियों को शक्तियां दी गईं।

संक्षिप्त समाचार

## 20 मार्च से पल्स पोलियो अभियान का होगा शुभारंभ

मदरलैंड संवाददाता, मैनपुरी मुख्य चिकित्साधिकारी डा. पी.पी. सिंह ने बताया की 20 मार्च रविवार को नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र हिन्दपुरम अबर्न क्षेत्र में जिलाधिकारी अविनाश कृष्ण सिंह द्वारा शिशुओं को पोलियो ड्रॉप पिलाकर अभियान का भव्य शुभारंभ किया जायेगा।

## जिला अधिकारी ने जनपद वासियों को दी होली की शुभकामनाएं



मदरलैंड संवाददाता, मैनपुरी। जिलाधिकारी अविनाश कृष्ण सिह ने होली के पावन पर्व पर जनपदवासियों को शुभकामनाएं देते हुए सभी से होली का त्योहर आपसी सदभाव,सौहार्द व शान्तिपूर्ण ढंग से मनाने की अपील करते हुये कहा है कि रंगो का पर्व हमारी राष्ट्रीय एकता, अखण्डता तथा अनेकता में एकता की पहचान है, जिसमें देश की अटूट शक्ति विद्यमान है, होली आपसी प्रेम, भाईचारे व सद्भाव का रंग बिरंगा त्योहार है। उन्होने सभी का आह्वान करते हुए कहा कि होली के पावन पर्व पर रंगो का ही प्रयोग करे, किसी के ऊपर कीचड़ आदि की गन्दगी न डाले, बीमार व शारीरिक तौर से अक्षम व्यक्तियों के साथ उनकी आशा के अनुरूप ही बतार्व करें। श्री सिह ने जनपदवासियों का आव्हान करते हुये कहा कि कोरोना प्रोटोकॉल का पालन कर एक दूसरे का सम्मान करते हुए अपनी परम्परा का निवर्हन करें। उन्होने अपने बधाई सन्देश के माध्यम से विश्वास व्यक्त किया कि होली पर्व पर सभी जनपदवासी अपनी समझदारी का परिचय देते हुए त्योहार को हंसी-खुशी के साथ बड़े ही हषोर्ल्लास के साथ मनायेगें।

## फकरूदीन रेहनियां को नूंह का नम्बरदार अध्यक्ष चुना गया



मदरलैंड संवाददाता, नूंह/मेवात। जिला मुख्यालय नूंह(मेवात) के नम्बरदारों की बुधवार को लघु सचिवालय नूंह प्रांगण में एक बैठक का आयोजन हुआ। बैठक में जिला प्रधान पद के चयन के लिए गहनता से हुए मंथन के बाद सर्व सम्मति से फकरूदीन रेहनियां को अध्यक्ष चुना गया और बैठक में मौजूद नम्बरदारों ने हाथ खड़े कर खुलकर समर्थन किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि नूंह के नम्बरदारों का करीब 6 माह से मानदेय रूका हुआ है, नम्बरदारों का बीमा नहीं हुआ है, स्मार्टफोन आज तक नहीं मिले हैं, तहसील परिसर में नम्बरदारों के लिए बैठने की उचित व्यवस्था नही हैं और वह इन समस्याओं को पूर्ण करने में एक मिशन के तौर पर काम करेंगे और नम्बरदारों की आवाज को शासन-प्रशासन तक पहुंचाऐंगे। इस मौके पर उनका फूलमालाओं से स्वागत किया गया। इस मौके पर इस्लाम नम्बरदार, युनुस, गनी, इसराईल आकेडा, युनुस सालाहेडी, सुभाष उजीना, तेजपाल उजीना, नौसाद आकेडा, मुकीम कोतलाका, जाकिर मेवली, आबिद कोराली, बदल दिहाना सहित क्षेत्र के नम्बरदार मौजूद रहें।

## वित्त वर्ष 2022-23 का 5 करोड़ आय वाला का बजट पारित, वर्ष 2020-21 में आय से अधिक हुआ व्यय



मदरलैंड संवाददाता,कनीना। कनीना नगरपालिका में बजट बैठक आयोजित की गई। बीते वर्ष का आय-व्यय का ब्यौरा पेश किया। वहीं वित्त वर्ष 2022-23 का पांच करोड़ का बजट पारित किया गया है। पालिका प्रधान सतीश जेलदार ने बताया कि स्टांप ड्यूटी, विविध,दुकानों का किराया, प्रापर्टी टैक्स, कृषि भूमि से आय, तहबाजारी फीस, भवन निर्माण फीस, भूमि/दुकानों की बिक्री, फायर टैक्स, लाइसेंस फीस, डीएचबीवीएन कनीना से बिजली का टैक्स आदि सभी मिलाकर करीब पांच करोड़ आय वाला बजट वित्त वर्ष 2022-23 का पारित किया गया। वहीं वर्ष 2022-23 के बजट की जानकारी देते हुए पालिका प्रधान ने बताया कि 5.03 करोड़ की आय हुई है जबकि 4.66 करोड़ रुपये खर्च के बजट का अनुमान रखा गया है। उधर वर्ष 2020-21 में आय 5.92 करोड़ के करीब हुई जबकि व्यय 7.60 करोड़ के करीब हुआ है। उन्होंने कहा कि आगामी वर्ष जहां दुकानों का किराया वसूला जाएगा। दुकानों का करोड़ो रुपये दुकानों का किराया बाकी है, उसे वसूलने के प्रयास किए जाएंगे तथा अन्य स्त्रोतों से भी आय बढ़ाने का प्रयास किया जाएगा। इस प्रकार करीब 5 करोड़ रुपये वाला बजट पारित किया है। बैठक में जहां 15 में से 14 विभिन्न पार्षद पहुंचे वहीं पूर्व प्रधान एवं पार्षद मा दलीप सिंह, दलीप सिंह पार्षद वार्ड एक, लेखाकार मनोज कुमार, सचिव प्रदीप कुमार, संतोष देवी,राजकुमार भरद्वाज, ओमप्रकाश यादव, मनीष कुमार, प्रहलाद पार्षद, कमल पार्षद, रीना, अरुणा कौशिक, राजेंद्र, अशोक कुमार ठेकेदार उप प्रधान सहित विभिन्न पदाधिकारी मौजूद थे।

## सड़क हादसे में घायल की शिकायत पर कैंटर गाड़ी के चालक के खिलाफ किया मामला दर्ज

मदरलैंड संवाददाता,कनीना। पुलिस ने गांव चेलावास के पास हुए सड़क हादसे में घायल मनोज कुमार की शिकायत पर एक कैंटर गाड़ी के चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। मनोज कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि राजस्थान के काकोड़ा का रहने वाला है और धारूहेड़ा में एक प्राइवेट कम्पनी में कार्य करता है। मनोज कुमार ने बताया कि 11 मार्च को वह अपने ससुराल से बाइक पर सवार होकर कम्पनी जा रहा था। गांव चेलावास के पाए एक कैंटर ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। जिसमें वह घायल हो गया। मनोज कुमार ने बताया कि हादसे के बाद कैंडर का चालक गाड़ी को रोककर आया और थोड़ी देर बाद अपनी गाड़ी को लेकर वहां से चला गया। पुलिस ने मनोज कुमार की शिकायत पर कैंटर चालक के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# बैठक में सवर्सम्मति से दोपहर 1 बजे तक होली खेलने का लिया गया निर्णय

## सभी ने तेज ध्वनि वाले डीजे का प्रयोग न करने का भी लिया फैसला

» अजय सक्सेना, मदरलैंड संवाददाता



मैनपुरी। जिलाधिकारी अविनाश कृष्ण सिंह ने जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक में कहा कि जनपदवासी होली, शबे-बारात के पर्व को खुशनुमा माहौल में मनाएं, ऐसा कोई कृत्य न करें, जिससे किसी की धामिर्क भावना को ठेस पहुंचे, सांप्रदायिक सौहाद के साथ आपसी भाईचारे, अपनी गौरवमयी परंपरा को कायम रख एक दूसरे का सम्मान करते हुये खुशनुमा माहौल में होली के पर्व का आपस में खुशियां बांटकर मनाएं। उन्होने कहा कि जिला प्रशासन होली पर मुकम्मल व्यवस्थाएं करेगा, जिला प्रशासन हर मूल-भूत सुविधा मुहैया करायेगा, होली के दिन जल, विद्युत की निबार्ध आपूर्ति सुनिश्चित होगी। शहरी, ग्रामीण क्षेत्रों में निधार्रित रोस्टर के अनुसार निबार्ध बिजली की आपूर्ति होगी नगर निकायों द्वारा अपने-अपने क्षेत्रों में साफ-सफाई के बेहतर इंतजाम किए जाएंगे, जलापूर्ति की व्यवस्था सुनिश्चित होगी, ग्रामीण क्षेत्रों में भी साफ-सफाई के बेहतर इंतजाम किये जायेंगे। उन्होने कहा कि हमारे देश में जो महापुरूष, ऋषि-मुनि, संत-फकीर रहे हैं, यह त्याग और बलिदानों का देश रहा है, अक्सर कर त्योहारों पर लोग बात का बतंगड़ बना लेते हैं, ऐसे लोगों को जो सम्भ्रान्त, जिम्मेदार व्यक्ति है उन्हे बड़ा दिल दिखाकर अपना बड़प्पन दिखाते हुये छोटी-मोटी शरारतों को समाप्त करायें, इसी में हम सबकी तरक्की, भाईचारा है, यही हमारी सबसे बड़ी ताकत है।

जिलाधिकारी ने अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका से कहा कि होली, शबे-बारात के अवसर पर विशेष अभियान चलाकर साफ-सफाई का काय किया जाये, कूड़े का निस्तारण किया जाये, सड़कों, नालियों की बेहतर ढंग से सफाई करायी जाये। उन्होने सम्बन्धित अधिकारी को निदेर्शित करते हुये कहा कि बाजार में खरीदारी पर नजर रखी जाये, जमाखोर और निधार्रित मूल्य से अधिक सामान की बिक्री करने वालों पर सख्ती से निपटा जाये, सभी कोटा डीलर होली से पूव राशन का वितरण कराना सुनिश्चित करें, जहां-जहां विद्युत तार ढीले व टूटे हुये हैं वहा विद्युत के तारों को ठीक कराया जाये। उन्होने जनपदवासियों का आव्हान करते हुये कहा कि सभी लोग कीचड़, केमीकल वाले रंगों के प्रयोग से बचें, होली के अवसर पर मंदिरा पान कर हुड़दंग न मचायें, होली आपसी सौहाद, भाईचारे का त्यौहार हैं, खुशनुमा माहौल में होली के रंगों को बिखेरने का त्यौहार है, इसे सभी लोग मिलजुल कर मनायें और अपनी गंगा-जमुनी तहजीब को कायम रखें। उन्होने सभी अधिकारियों, कमर्चारियों को धन्यवाद देते हुये कहा कि हाल ही में आपके सहयोग, मेहनत, लगन समस्त अधिकारियों, कमर्चारियों की कतर्व्य निष्ठा के कारण विधान सभा सामान्य निवार्चन-22 शांतिपूण वातावरण में सम्पन्न हुआ, जागरूक मतदाताओं के कारण इस बार गत विधान सभा निवार्चन के सापेक्ष जनपद में इस बार 03.50 प्रतिशत अधिक मतदाताओं ने मतदान प्रक्रिया में प्रतिभाग कर लोकतंत्र को मजबूत बनाने में अपना योगदान दिया, महिला मतदाताओं ने भी मतदान प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी निभाई, कोई भी अप्रीय घटना घटित नहीं इसके लिए सभी जनपदवासी बधाई के पात्र हैं।

श्री सिंह ने कहा कि सोशल मीडिया सक्रीय रहे, इस पर सभी ध्यान दें कि कोई भी निराधार, मैसेज या वीडियो फारवड करने से परहेज करें। उन्होने पुलिस अधिकारियों से कहा कि जिले के सभी संबेदनशील स्थलों पर पैट्रोलिंग बढ़ाई जाये, पयार्प्त सतकर्ता, सुरक्षा एवं शांति व्यवस्था बनाये रखने की कायवार्ही की जाये, जिसमें किसी प्रकार की कोई अप्रिय घटना घटने की कोई स्थिति उत्पन्न न हो। उन्होने उप जिला मजिस्ट्रेट, क्षेत्राधिकारी को निदेर्शित करते हुये कहा कि अपने-अपने क्षेत्रान्तगर्त समस्त कार्यों एवं व्यवस्थाओं को सुचारू रूप से संचालन करने के साथ-साथ पयार्प्त सतकर्ता, सुरक्षा एवं शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए आपस में समन्वय स्थापित कर कार्य करें।

पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार राय ने कहा कि होली के त्यौहार की मूल भावना आपस के मत-भेद मिटाकर, विद्वेष को जलाकर खत्म करने की है, बुराइयों, द्वेष, ईष्या को मिटाकर जीवन में रंगों से भरें, यही इस पर्व का उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि आपस में झगड़ा-फसाद करने से किसी भी पक्ष का कोई फायदा नहीं होता इसलिए किसी भी बात पर आपस में झगड़ा न करें, यदि कहीं कोई समस्या है तो जिला प्रशासन के संज्ञान में लायें, जिला प्रशासन तत्काल प्रभावी कायवार्ही करेगा।

बैठक में सवर्सम्मति से निणर्य लिया गया कि जुमे के कारण होली के दिन दोपहर 01 बजे तक ही होली खेलेंगे ताकि मुस्लिम भाईयों को जुमे की नमाज अदा करने में कोई असुविधा न हो, बैठक में डीजे का प्रयोग न करने का भी फैसला उपस्थित सम्भ्रात व्यक्तियों द्वारा निणर्य लिया गया। बैठक में नितिन चतुवेर्दी, शफी मंसूरी, मुजम्मिल मिजा आदि ने शांति समिति की बैठक में सुझाव दिए, अधिकांश लोगों ने होली के दिन विद्युत, पानी की निबार्ध आपूति, साफ-सफाई कराये जाने को कहा। उन्होने जनपदवासियों का आव्हान करते हुये कहा कि पानी बबार्द न हो, इसके लिए गुलाल, फूलों की होली खेलें। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी विनोद कुमार, अपर जिलाधिकारी राम जी मिश्र, अपर पुलिस अधीक्षक मधुबन कुमार सिंह, डिप्टी कलेक्टर प्रेम प्रकाश,, उपजिलाधिकारी सदर, भोगांव, करहल, किशनी, नवोदित शमा, राज नारायण त्रिपाठी, आर.एन. वमा, जय प्रकाश, क्षेत्राधिकारी नगर अमर बहादुर सिंह, अधीक्षण अभियंता विद्युत, अधिशाषी अभियंता विद्युत, अधिशाषी अधिकारी सहित जनपद के तमाम संभ्रांत व्यक्ति आदि मौजूद रहे।

## जिला अधिकारी ने 12 से 14 वर्ष के आयु के बच्चों का टीकाकरण अभियान का किया शुभारंभ

» मदरलैंड संवाददाता




मैनपुरी। राष्ट्रव्यापी कोविड टीकाकरण अभियान की चरणबद्ध श्रंखला में 12 से 14 आयु वर्ग के बच्चों के कोविड टीकाकरण का शुभारंभ 100 बेड एम.सी.एच. विंग जिला महिला चिकित्सालय में जिलाधिकारी अविनाश कृष्ण सिंह ने किया। आज कु. श्वेता, कम्पोजिट स्कूल मदार गेट को 12-14 आयुवर्ग के प्रथम लाभार्थी कोविड टीकाकरण वर्ष से आच्छदित कर अभियान का शुभारंभ किया गया, जनपद में गत 16 जनवरी, 2021 से अब तक कुल 1581238 प्रथम डोज, 1279932 द्वितीय डोज तथा 19537 नागरिकों का बूस्टर डोज कोविड टीकाकरण किया जा चुका है जिसमें 15-17 आयु वर्ग के 130417 का प्रथम तथा 62178 द्वितीय डोज कोविड टीकाकरण सम्मिलित है।

इसी क्रम में शासन के निदेशार्नुसार आगामी पल्स पोलियो अभियान चरण 20 मार्च, 2022 की प्रस्तावित गतिवधियों के क्रम में पल्स पोलियो अभियान के व्यापक प्रचार प्रसार हेतु जनपद स्तर पर जिला महिला चिकित्सालय से कायार्लय मुख्य चिकित्सा अधिकारी, मैनपुरी तक आयोजित जन जागरुकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। रैली में मैनपुरी अबर्न क्षेत्र के कायर्रत आशा, आंगनवाडी कायर्कर्तियों सहित वाहन फ्लीट सम्मिलित रहीं, दि. 20 मार्च, 2022 से प्रस्तावित पोलियो अभियान में कुल 984 बूथ स्थापित किये जायेंगे, जिन पर अभियान के दौरान 0-5 वर्ष तक के कुल 339541 शिशुओं को आच्छादित किये जाने का लक्ष्य निधार्रित है, 21 मार्च, 2022 से 05 दिवसीय घर-घर अभियान में 589 टीमों द्वारा घर-घर जाकर 0-5 वर्ष के शिशुओं को पोलियो ड्रॉप से आच्छादित किया जायेगा। अभियान में अनुश्रवण एवं मूल्यांकन कार्य हेतु 06 जिला स्तरीय अधिकारी सुपरविजन हेतु 189 सुपरवाइजस एवं 22 सेक्टर ऑफीसर को नामित किया गया है।

इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी डा. पी.पी. सिंह, उप जिलाधिकारी सदर नवेदिता शमा, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा. ए.के. पचैरी, जिला महिला चिकित्सालय, डा0 राकेश कुमार जिला प्रतिरक्षण अधिकारी, डा0 अनिल कुमार, डा0 राजीव रॉय, डा0 संजीव बहुादर राव ए0सी0एम0ओ0, अरविन्द प्रताप सिंह सी0 डी0 पी0 ओ0, सुमित कुमार वमा ए0 बी0 एस0 ए0, सत्य नारायन सिंह ए0 एम0 ओ0, डा0 वी0 पी0 सिंह एम0 एस0ओ0 डब्ल्यू0एच0ओ0, डा0 अंकुर शाक्या प्रभारी चिकित्सा अधिकारी रवीन्द्र सिंह गौर डी0 एच0 ई0 आई0ओ0, डा0 राजविक्रम सिंह एपेडेमियोलॉजिस्ट, संजीव वमा डी0पी0एम0 एन0 एच0 एम0, संजीव पाण्डेय डी0 एम0 सी0 एस एम नेट यूनीसेफ, अनुज कुमार, शैलेन्द्र सिंह, संतोष कुमार सिंह, संजय शमा, विकास सिंह एफ0 एम0, आमिर अली यू0 एन0 डी0पी0, श्रीमती शशी प्रभा ए0 एन0 एम0, श्रीमती पुष्पा राघव पी0 एच0 एन0, शिवम कुमार, अंकित अरोरा, राजीव कुमार, सुरेन्द्र सिंह, संजय कुमार, अजय कुमार, आदि चिकित्सा, शिक्षा एवं आई0सी0डी0एस0 विभाग के अधिकारी एवं कमचार्री उपस्थित रहे

## विधायक विनोद भयाना ने हांसी हलके के विकास को लेकर विधानसभा में रखी कई मांगे

» मनमोहन शर्मा, मदरलैंड संवाददाता



हांसी। विधायक विनोद भयाना ने कहा कि हांसी फल एवं सब्जियों का बहुत बड़ा उत्पादक क्षेत्र है इसलिए यहा फूड प्रोसेसिंग का बड़ा प्लांट स्थापित करवाया जाए तथा हांसी को संपूर्ण जिला बनाया जाए।

श्री विनोद भयाना ने उक्त मांगों समेत हल्के विकास के लिए कई मांगे बुधवार को विधानसभा में रखी। उन्होंने कहा कि हांसी क्षेत्र फल और सब्जियों का बहुत बड़ा उत्पादन क्षेत्र है इसे फल एवं सब्जियों का घर कहा जाए तो अतिशयोक्ति नहीं होगा इसलिए यहां एक बड़ा फूड प्रोसेसिंग प्लांट स्थापित किया जाए ताकि यहां लोगों को रोजगार एवं स्वरोजगार के साधन उपलब्ध हो सके। क्षेत्र से बहुत बड़ी मात्रा में फल एवं सब्जियां पंजाब तथा हरियाणा समेत दिल्ली में सप्लाई की जाती हैं। उन्होंने हांसी को पुलिस जिला बनाने के लिए मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल का हल्के की ओर से धन्यवाद किया और मांग की हांसी को संपूर्ण जिला बनाया जाए। उन्होंने कहा कि घिराय गांव में अनाज मंडी बनाने की घोषणा माननीय मुख्यमंत्री द्वारा की जा चुकी है इसलिए यहां अनाज मंडी बनवाई जाए। अनाज मंडी के लिए ग्राम पंचायत द्वारा 188 कनाल भूमि भी मुहैया करवा दी गई है। उन्होंने यह भी कहा कि हांसी क्षेत्र ने देश को कई अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी दिए हैं लेकिन यहां कोई भी बड़ा खेल स्टेडियम नहीं है उन्होंने मांग की कि हांसी में मल्टी गेम स्टेडियम बनवाया जाए। स्टेडियम निर्माण के लिए यहां सरकारी जमीन भी उपलब्ध है। इनके अलावा विधायक विनोद भयाना ने हलके के विकास को लेकर कई अन्य मांगे भी रखी।

## वह शहर के चहुंमुंखी विकास के लिए वचनबद्ध हैं- मनीता आशीष गर्ग

» मदरलैंड संवाददाता



नूंह/मेवात। तावडू नपा अध्यक्ष व भाजपा नेत्री मनीता आशीष गर्ग ने दावा कर कहा कि वह शहर के चहुंमुंखी विकास के लिए वचनबद्ध हैं। उन्होंने बताया कि कोरोना काल की चुनौतियों से निपटने के बाद तावडू शहर के विकास कार्यों की दिशा में मजबूती से काम किया जा रहा हैं खासकर ठप पड़ी सीवर, पानी की लाईनों की दिशा में आ रही दिक्कतों को आसान कर कार्य को गति दी जा रही है। वहीं ,आज पुरानी अनाज मंडी स्थित आवास पर पत्रकारों से बातचीत में कहा कि शहर के विकास के साथ-साथ पार्टी संगठन मजबूती की तरफ कदम उठाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि पांच राज्यों के आये चुनाव नतीजों में चार में पार्टी की मजबूती के बाद कार्यकताओं में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री की नीतियों में विश्वास बढ़ा है।

इस अवसर पर नपा उपाध्यक्ष कर्म सिंह उर्फ कल्लू, पार्षद सुरेन्द्र प्रजापति, पोहप सिंह, पार्षद परिजन विजयपाल, जोगिन्दर कुमार, मनीष गर्ग, देवेन्द्र कुमार व आशीष गर्ग आदि भी मौजूद रहें। इस पर उनका व उनके पति का फूलमालाओं से स्वागत किया गया।

## वरिष्ठ कांग्रेसी नेता पहलवान सतबीर खटाना को बधाई देने वालों का लगा तांता

» मदरलैंड संवाददाता



नूंह/मेवात। वरिष्ठ कांग्रेसी नेता पहलवान सतबीर खटाना को हरियाणा प्रदेश कांग्रेस ओ.बी.सी.मोर्चा का सलाहाकार नियुक्त होने पर कार्यकताओं ने खुशी जताते हुए कांग्रेस अध्यक्षा श्रीमती सोनिया गाँधी ,राहुल गाँधी व अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ओ.बी.सी सेल के चैयरमैन कप्तान अजय यादव का आभार व्यक्त किया है। उनकी नियुक्ति की खबर के बाद बुधवार को कार्यकताओं ने उनके सोहना स्थित निवास स्थान पर पहुंचकर पुष्पगुच्छ व फूलमालाओं से उनका गर्मजोशी से स्वागत किया और साथ ही कहा कि पहलवान सतबीर खटाना आगे बढ़ो हम आपके साथ हैं। कार्यकताओं ने इस दौरान उनको होली पर्व की मुबारकबाद देते हुए उनका मूंह मीठा किया। उन्होंने कार्यकताओं का आभार व्यक्त करते हुए भरोसा दिलाया कि पार्टी ने जो जिम्मेवारी उन्हें सौंपी हैं उसे वह पूरी निष्ठा से बाखूबी निभाने का हर संभव प्रयास करेंगे और साथ ही दावा कर कहा कि वह क्षेत्र की समस्याओं व लोगों के सुख-दुख में सदैव अग्रणीय रहेंगे।

इस मौके पर पूर्व सरपंच रणजीत खटाना, सूबेदार गोपी साहब, स्वराज सरपंच, अजीत प्रधान,महाशय बीरसिँह, मेमू पहलवान, प्रसराज खटाना, जगपाल खटाना,तेजा दमदमा, शेर सिँह पोसवाल बेरका,अमर खटाना, सुन्दर खूँटी आदि मौजूद रहे।

## पीसीबी के अधीन होंगे होटल, रेस्टोरेंट, ढाबा और मैरिज पैलेस, चलाने के लिए लेनी होगी अनुमति

» मयंद मोहन, मदरलैंड संवाददाता



नूंह/मेवात। जिला नूंह(मेवात) में नियमों को ताक पर रखकर चल रहे व्यक्तिगत प्रतिष्ठानों, होटल, मोटल, रेस्टोरेंट, ढाबा, बैंक्वेट हाल के प्रबंधन जिला में वायु, ध्वनि प्रदुषण को बढावा देने में लगे हैं और इनके पास कोई सरकारी मापदण्ड न होने से यह सरकार को मोटा चूना लगा रहे हैं खासकर नूंह के नल्हड़ रोड के अलावा तावडू, नगीना, पुन्हाना,पिनगवा व फिरोजपुर झिरका आदि में इनकी बाढ़ आई हुई है जो प्रतिष्ठानों का नाम बदलकर इनमें विवाह-शादी व अन्य कार्यक्रमों के आयोजन के दौरान खुलकर पर्यावरण मापदंडो को उडाते हैं। लेकिन अब जिला प्रशासन ने इस ओर ध्यान दे दिया हैं और अब इन पर गाज गिरने वाली हैं। अतिरिक्त उपायुक्त डा. सुभिता ढाका ने जानकारी दी है कि व्यक्तिगत प्रतिष्ठानों और होटल, मोटल, रेस्टोरेंट, ढाबा, बैंक्वेट हाल के क्षेत्र व क्लस्टर पर पर्यावरण मानदंडो का प्रवर्तन की जांच के लिए टीम का गठन किया गया है। इस टीम के सदस्य अधीक्षक अभियंता यूएचबीवीएनडीएचबीवीएन, अधीक्षक अभियंता पीएचईडीसी, उप-पुलिस अधीक्षक, जिला नगर नियोजक, जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी, हरियाणा जल संसाधन संरक्षण, विनियम एवं प्रबंधन, क्षेत्रीय अधिकारी, हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, सचिव नगरपालिका समिति परिषद को उपरोक्त वर्णित ईकाईयों की पहचान के लिए टीम में शामिल किया गया है।

अतिरिक्त उपायुक्त डा. सुभिता ढाका आज सचिवालय में पर्यावरण मानदंडो प्रवर्तन की जांच हेतु गठित टीम के सदस्यों के साथ समीक्षा बैठक कर रही थी। उन्होंने कहा कि उपरोक्त वर्णित अधिकारी ईकाईयों की पहचान हेतु सर्वेक्षण करेगें तथा हरियाणा शहरी स्थानीय निकाय विभाग के आदेशों की अनुपालना में 21 मार्च से पहले रिपोर्ट भेजना सुनिश्चित करेगें। अतिरिक्त उपायुक्त ने कहा कि संचालकों को अब नियमों के साथ-साथ पाल्यूशन कंट्रोल बोर्ड (पीसीबी) के नियमों का पालन अनिवार्य रूप से करना होगा। साथ ही कामर्शियल प्रतिष्ठानों का संचालन करने के लिए पीसीबी से कन्सन्ट टू आपरेट यानि सहमति पत्र लेना होगा। इसके बाद ही इन प्रतिष्ठानों के संचालन हो सकेंगे। साथ ही इन प्रतिष्ठानों को वेस्ट वाटर मैनेजमेंट, सालिड वेस्ट मैनेजमेंट, ध्वनि और वायु प्रदूषण इत्यादि का विशेष ध्यान रखना होगा। उन्होंने कहा कि सालिड वेस्ट मैनेजमेंट रूल 2016 के तहत कचरे का सेग्रीगेशन करना होगा। 100 किलोग्राम प्रतिदिन कचरा उत्पन्न करने वाले संस्थान गीले कचरे का खाद तैयार करेंगे। वेस्ट खाने में से वैज्ञानिक तरीके से तेल व चिकनाई अलग करके फेंका जा सकेगा। सेव एनर्जी बिजली बचाने के लिए एलईडी लाइट उपयोग अनिवार्य होगा। खाना बनाने के लिए एलपीजी, पीएनजी, इत्यादि ईंधन का उपयोग अनिवार्य। ध्वनि प्रदूषण विनियम एवं नियमन कानून 2020 के प्रविधान की पालना अनिवार्य है और रात 10 बजे के बाद डीजे नहीं बजा सकेंगे। उन्होंने सभी से अपील है कि वे प्रदूषण रोकथाम में सहयोग करें। सभी के प्रयास से शहर स्वच्छ व साफ होगा। उन्होंने कहा कि सडको पर पार्किंग न करें पार्किंग में अपने वाहनों को खड़ा करें।

## संक्षिप्त समाचार

### भागवत कथा के चैथे दिन भगवान श्री कृष्ण के जन्म पर सुनाई कथा

देहरादून, एजेंसी। भागवत कथा का आयोजन 19 मार्च तक प्रमोद पंत, रवि पंत एवं समस्त परिवार आईटी पार्क स्थित डांडा लखौड में किया जा रहा है। आज श्रीमद् भागवत कथा का पूरी धार्मिक परंपरा के साथ चैथे दिन का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर भागवत कथा के चैथे दिन भगवान श्री कृष्ण के जन्म पर कथा सुनाई गई। उन्होंने कहा कि भगवान कृष्ण में जन्म से ही सिद्धियां मौजूद थी उनके पिता वासुदेव माता देवकी की विवाह के समय जब मामा कंस अपनी बहन देवकी को ससुराल पहुंचाने जा रहे थे तभी एक आकाशवाणी हुई जिसमें बताया गया कि देवकी के आठवें पुत्र के हाथों कंस का वध होगा। उन्होंने कहा कि इसके बाद वासुदेव और देवकी को कंस ने कारागार में डाल दिया। अष्टमी के दिन रात्रि 12 बजे कंस के कारागार के सभी ताले टूट गए और सभी सैनी गहरी नींद में सो गए और आकाश में बादल छाने लगे, भयंकर बारिश होने लगी। इसके बाद श्रीकृष्ण का जन्म हुआ। श्री कृष्ण चंद्रवंशी हैं चंद्रदेव उनके पूर्वज, भगवान श्रीकृष्ण का रात्रि में जब जन्म हुआ। तब पूरे ब्रह्मांड का वातावरण सकारात्मक हो गया। देवी देवता मंगल गीत गाने लगे और ईश्वर का गुणगान करने लगे। पृथ्वी से लेकर इंद्रलोक तक चारों तरफ ईश्वर के आने की खुशी थी जब ईश्वर ने पृथ्वी पर जन्म लिया तो देवी देवताओं ने स्वर्ग से फूल बरसाए। इस अवसर पर अनेकों श्रद्धालुजन शामिल रहे।

### विस अध्यक्ष प्रेमचंद अग्रवाल ने की रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से भेंट

देहरादून, एजेंसी। उत्तराखंड विधानसभा अध्यक्ष प्रेमचंद अग्रवाल ने केन्द्रीय रक्षा मंत्री एवं उत्तराखंड के पर्यवेक्षक राजनाथ सिंह से अपने दिल्ली दौरे के दौरान शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने विधानसभा अध्यक्ष प्रेमचंद अग्रवाल को ऋषिकेश विधानसभा क्षेत्र से चैथी बार निर्वाचित होने एवं उत्तराखंड में बीजेपी को मिली प्रचंड जीत के लिए बधाई दी। इस अवसर पर शिष्टाचार भेंट के दौरान केंद्रीय रक्षा मंत्री एवं विधानसभा अध्यक्ष प्रेमचंद अग्रवाल के बीच उत्तराखंड के राजनीतिक परिदृश्य समेत विभिन्न विषयों पर वार्ता हुई, वहीं रक्षा मंत्री ने प्रेमचंद अग्रवाल को उनके विधानसभा अध्यक्ष के पद पर रहे सफलतम कार्यकाल के लिए भी बधाई दी।

### जितेंद्र कुमार डंडोना 'कल्कि गौरव अवॉर्ड 2022' से सम्मानित

देहरादून, एजेंसी। दून फूड रिलीफ रिलीफ फाउंडेशन के अध्यक्ष जितेंद्र कुमार डंडोना को न्यूज ट्रस्ट नोएडा ने कल्कि गौरव अवॉर्ड 2022 से सम्मानित किया है। यहां जानकारी देते हुए दून फूड रिलीफ रिलीफ फाउंडेशन के अध्यक्ष जितेंद्र कुमार डंडोना ने कहा कि बीते रोज आयोजित हुए एक ऑनलाइन समारोह में उन्हें यह अवार्ड प्रदान किया गया। इस अवसर पर संस्था के सभी पदाधिकारियों का आभार व्यक्त करते हुए डंडोना ने कहा है कि यह अवार्ड उन्हें आगे और सामाजिक कार्य जैसे निर्धन बच्चों की शिक्षा, गरीब कल्याण, मरीजों की दवाइयों इत्यादि की व्यवस्था करने के लिए प्रोत्साहित करेगा। उन्होंने कहा कि पूर्व में भी उन्हें विभिन्न संगठनों द्वारा उनके इन कार्यों के लिए सम्मानित किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि वह लगातार सामाजिक सेवा करते हुए आ रहे हैं।

### कांग्रेस पार्षद संजय कंडेरी ने राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी से मांगा इस्तीफा

देहरादून, एजेंसी। उत्तराखण्ड सहित पांच राज्यों में हार के बाद कांग्रेस में हड़कंप मचा हुआ है। कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल का इस्तीफा हो चुका है। चमोली जिले के पार्षद संजय कंडेरी ने जहां पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी से इस्तीफा मांगते हुए नगर महामंत्री पद छोड़ दिया है। यह सिलसिला लगातार जारी रहेगा। यहां जारी एक बयान में उन्होंने कहा है कि तो पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत, रणजीत रावत, प्रीतम सिंह की जुबानी जंग जारी है जिससे उत्तराखण्ड कांग्रेस में खलबली है। चमोली जिले के नंदप्रयाग के कांग्रेस के एकमात्र सभासद संजय कंडेरी ने जिला महामंत्री कांग्रेस सेवादल चमोली और नगर महामंत्री कांग्रेस पार्टी के पद से इस्तीफा दे दिया। इस अवसर पर संजय कंडेरी ने कहा कि जब तक कांग्रेस हाईकमान अपना इस्तीफा नहीं देते वो कांग्रेस के लिए आगे काम नहीं करेंगे। आपको बता दें कि संजय कंडेरी नन्दप्रयाग में कांग्रेस के एकमात्र सभासद हैं, और कंडेरी निर्विरोध जीत कर आए थे, भाजपा ने भी उनके खिलाफ प्रत्याशी नहीं उतारा था, जबकि निकाय चुनाव में नन्दप्रयाग में बाकी सीटों पर कांग्रेस की हार हुई थी। अब जहां पांच राज्यों में कांग्रेस को मिली करारी हार के बाद पार्टी में हडकंप मचा हुआ है पांचों राज्यों के प्रदेश अध्यक्षों के इस्तीफे हो चुके है वहीं अब पार्टी के निचले स्तर के नेता भी इस्तीफा देने में लग गये हैं।

### अखिल भारतीय देवभूमि ब्राह्मण जन सेवा समिति ने किया विधायकों का अभिनंदन

देहरादून, एजेंसी। अखिल भारतीय देवभूमि ब्राह्मण जन सेवा समिति ने विधायकों का अभिनंदन किया। इस अवसर पर अखिल भारतीय देवभूमि ब्राह्मण जन सेवा समिति के एक प्रतिनिधि मण्डल ने समिति के संरक्षक मंडल के उमेश शर्मा काऊ व विनोद चमोली के प्रचण्ड बहुमत से पुनः विधायक निर्वाचित होने पर उनके निवास पर उनका अभिनंदन किया। इस अवसर पर समिति के संरक्षक पवन शर्मा, केंद्रीय अध्यक्ष अरुण कुमार शर्मा, उत्तराखंड प्रदेश अध्यक्ष विजय जोशी, देहरादून जिला अध्यक्ष अनुराग गौड, महानगर देहरादून प्रचार मंत्री उमेश कौशिक, केंद्रीय कार्यकारणी सदस्य वासु वशिष्ठ ने विधायक उमेश शर्मा काऊ व विधायक विनोद चमोली को समिति के माध्यम से पुष्प गुच्छ, अंगवस्त्र व परशुराम का फरसा प्रतीक चिह्न के रूप में प्रदान किया। इस अवसर पर कहा गया है कि आशा है कि विधायक देवभूमि के सम्मान की रक्षा, जनउपयोगी कार्यो को करते हुए ब्राह्मण समाज के उचित सम्मान के लिए भी कार्य करेंगे। यह दोनों ही विधायक समाज सेवा की मूल जड़ नगर निकाय से कार्य करते हुए प्रदेश की राजनीति में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। इस अवसर पर कहा गया कि जनता की मूलभूत आवश्यकताओं का इन्हें भलीभांति ज्ञान है और इसलिए नगर की जनता इन्हें बार बार अपने प्रतिनिधि के रूप में चुन कर देवभूमि की सेवा करने का अवसर दे रही है। इस अवसर पर कहा गया कि समिति को विश्वास है की देवभूमि उत्तराखंड की सरकार में दोनों विधायकों को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी केंद्र द्वारा प्रदान की जाएगी। इस अवसर पर अरूण कुमार शर्मा सहित अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता शामिल रहे।

# कार्यवाहक सीएम धामी ने कि अमित शाह से मुलाकात

## शाह ने दोबारा बीजेपी को दो तिहाई बहुमत मिलने पर दी बधाई

देहरादून, एजेंसी। उत्तराखंड के कार्यवाहक सीएम पुष्कर सिंह धामी ने संसद में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से शिष्टाचार भेंट की। उनके साथ राज्यसभा सांसद अनिल बलूनी भी थे। इससे पहले भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने भाजपा प्रदेश नेतृत्व के साथ चुनावों के बाद की समीक्षा की। सीएम धामी अमित शाह से मिले और उन्होंने पुष्पगुच्छ देकर शाह का अभिनंदन किया। सूत्रों का कहना है कि धामी की काफी देर तक शाह के साथ चुनावी नतीजों को लेकर चर्चा हुई। शाह ने उत्तराखंड में दोबारा बीजेपी को दो तिहाई बहुमत मिलने पर बधाई दी। माना जा रहा है कि शाह ने खटीमा से हार की वजह के बाबत भी धामी से पूछा और भरोसा दिया कि भविष्य में सब अच्छा ही रहेगा।



इससे पहले पुष्कर सिंह धामी, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष मदन कौशिक, प्रदेश महामंत्री संगठन अजेय कुमार की राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से मुलाकात हुई। सूत्रों ने बताया कि नड्डा ने कई विधानसभा क्षेत्रों में उम्मीदवारों की जीत और हार का फीडबैक लिया। इसके साथ ही 19 मार्च को होने वाली संभावित विधायक दल की बैठक को लेकर भी चर्चा की। इस दौरान उत्तराखंड चुनाव प्रभारी प्रहलाद जोशी, उत्तराखंड प्रभारी दुष्यंत गौतम के साथ ही सह प्रभारी लाकेट चटर्जी, रेखा वर्मा और आरपी सिंह भी मौजूद रहे। जेपी नड्डा ने उत्तराखंड में चुनाव प्रबंधन में लगी टीम को भी बधाइयां दी। भाजपा विधायक दल की बैठक होली के तुरंत बाद 19 मार्च को होने की संभावना है। केंद्रीय रक्षा मंत्री और प्रवेशक राजनाथ सिंह ओरछा पर्यवेक्षक मीनाक्षी लेखी भी इसी दिन पहुंचेंगे। सूत्रों ने बताया कि भाजपा हाईकमान उत्तराखंड के नए मुख्यमंत्री का नाम तय कर चुका है। मुख्यमंत्री की दौड़ में कार्यवाहक सीएम धामी, निवर्तमान कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज, धन सिंह रावत के साथ ही विधायक रितु खंडूड़ी, का नाम चल रहा है। निवर्तमान स्पीकर और ऋषिकेश के विधायक प्रेमचंद अग्रवाल बीच मंगलवार को दिल्ली रवाना हो गए उनकी हाईकमान के कुछ नेताओं के साथ मुलाकात हुई। बाद में उन्होंने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से भी मुलाकात की। बिरला ने उन्हें लगातार चौथी जीत पर बधाइयां दी। बताया जा रहा है कि कोटेद्वार विधायक रितु खंडूड़ी, धर्मपुर विधायक विनोद चमोली, रानीखेत के विधायक प्रमोद नैनवाल और कई अन्य विधायक भी दिल्ली में मौजूद हैं।

# बदलते शिक्षा परिदृश्य में टियर दो और टियर तीन शहर अभी भी बहुत पीछे

देहरादून, एजेंसी। शीर्ष भारतीय शहरों में नए जमाने की शिक्षण तकनीकों की काफी अच्छी सुविधाएं हैं, लेकिन बदलते शिक्षा परिदृश्य में टियर दो और टियर तीन शहर अभी भी बहुत पीछे हैं। इस अवसर पर अक्षत जैन ने कहा कि टियर दो और टियर तीन शहर के छात्रों के सपनों को पूरा करने के उद्देश्य को मन में लेकर अक्षत कहते हैं कि मौजूदा रुझानों को देखते हुए, यह स्पष्ट है कि भारत के युवाओं में कड़ी प्रतिस्पर्धा है। इसका सामना करने के लिए, एक युवा को कई क्षेत्रों में कुशल होने की जरूरत है, लेकिन टियर दो और टियर तीन शहर की बुनियादी कमजोरी के कारण इन शहरों के छात्र यह करने में असमर्थ हैं। इसलिए इस विषय में जीत पाने के लिए हमको यह सभी व्यवधानों को समाप्त करने की सख्त आवश्यकता है। अक्षत आगे बताते हैं कि कोविड महामारी और परिणामी लॉकडाउन ने स्कूल और कॉलेज जाने वाले बच्चों की एक पूरी पीढ़ी को प्रभावित किया है। उनका कहना है कि ई-लर्निंग की सुविधा का लाभ भी केवल कुछ ही छात्र उठा पाए जो समर्थ थे, लेकिन आज भी भारत के कई ऐसे युवा हैं जो पाठ्यक्रम और प्रशिक्षण का लाभ उठाने के लिए डिजिटल उपकरणों की कमी होने के कारण शिक्षित नहीं हो पाए हैं। उनका कहना है कि सामाजिक, मौद्रिक, भौगोलिक और कई अन्य कारकों के वजह से टियर दो और टियर तीन शहर के छात्र शिक्षा प्रदान करने में असमर्थ हैं। अक्षत ने अपनी स्कूली शिक्षा वेल्हम ब्वॉयज स्कूल से हासिल की है। उनके स्कूल की पूर्व प्रधानाचार्या गुनमीत बिंद्रा बताती हैं कि अक्षत वेल्हम के अपने समकक्ष छात्रों में शीर्ष में शुमार रहे हैं। उन्होंने कहा कि उन्हें अडिग मूल्यों और जमीनी युवा के रूप में विकसित होते हुए देखना दिल को छू लेने वाला है। मैं हार्वर्ड स्कूल ऑफ एजुकेशन में मास्टर डिग्री के लिए एडमिशन होने पर बधाई देती हूँ। मुझे अक्षत की सफलता पर बेहद गर्व है। उनका कहना है कि मैसाचुसेट्स के टफ्ट्स विश्वविद्यालय से स्नातक करने के बाद, अक्षत को एक बहुराष्ट्रीय कंपनी से नौकरी का प्रस्ताव मिला, लेकिन अपने देश के लिए अपने अपार प्यार और विश्वास को देखते हुए उन्होंने इस आकर्षक विदेशी अवसर को अस्वीकार कर दिया।

# महंगी साईकिल चोरी करने वाले तीन गिरफ्तार

- आरोपियों से छह साईकिल व एक बाइक बरामद
- साईकिल चोरी कर मेरठ में सस्ते दामों में बेचते थे

हरिद्वार, एजेंसी। कनखल पुलिस ने महंगी साईकिल चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जिनकी निशानदेही से पुलिस ने छह साईकिले व एक बाइक बरामद की है। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने हरिद्वार, ट्टषिकेश से साईकिल चोरी करने तथा मेरठ ले जाकर कम दामों में बेचेने की बात स्वीकारी है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ सम्बंधित धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है। जिनको मेडिकल के बाद न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया। कनखल प्रभारी निरीक्षक मुकेश सिंह चैहान ने बताया कि नितिन वालिया पुत्र राजेश वालिया निवासी जगजीतपुर कनखल ने 14 मार्च को तहरीर देते हुए शिकायत की थी कि राजा गार्डन स्थित उसके प्रतिष्ठान डेली नीडस स्टोर के बाहर खड़ी स्पोर्टस रेंजर साईकिल चोरी हो गयी है। तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज करते हुए आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों को खंगालते हुए चोर की शिनाख्त के प्रयास कर तलाश शुरू कर दी। पुलिस महंगी साईकिल चोरी करने वाले की तलाश में जुटी थीं। इसी दौरान मंगलवार को मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने प्राथमिक विद्यालय जियापोता तिराहे के समीप चोरी हुई स्पोर्टस रेंजर साईकिल के साथ तीन संदिग्धों को दबोच लिया। जिनको थाने लाया गया। जहां पर पूछताछ के दौरान आरोपियों ने अपना नाम शहजाद उर्फ भूरा पुत्र यामीन निवासी इस्लामनगर मालियान टीपीनगर मेरठ यूपी, साजिद उर्फ सोनू पुत्र नूर मौहम्मद निवासी उपरोक्त और राहुल पुत्र रामपाल निवासी मुल्ताननगर बागपत रोड़ टीपी नगर मेरठ बताया है। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही से छह साईकिल और एक बाइक बरामद की है। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने साईकिलों को हरिद्वार, ऋषिकेश से चोरी करना बताते हुए खुलासा कि मंहगी साईकिलों को चोरी कर वह मेरठ में सस्ते दामों में बेचते है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। जिनको मेडिकल के बाद न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया।




# डीएम ने ली जनपद में पॉलीथीन के रोकथाम को लेकर बैठक

## अधीनस्थों अधिकारियों को दिये दिशा-निर्देश

हरिद्वार, एजेंसी। जिलाधिकारी विनय शंकर पाण्डेय की अध्यक्षता में बुधवार को कलक्ट्रेट सभागार में जनपद में पॉलीथिन के प्रयोग की रोकथाम के सम्बन्ध में एक बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि प्लास्टिक का प्रयोग स्वास्थ्य के लिये हानिकारक तो है ही इसके अलावा हमारे आसपास बिखरा हुआ प्लास्टिक वहां के वातावरण तथा वहां की छवि पर भी बुरा प्रभाव डालता है। डीएम ने बैठक में नेशनल हाईवे, लोक निर्माण विभाग, नगर निगमों, स्थानीय निकाय के अधिकारियों को निर्देश दिये कि वे 15 दिन का एक विशेष अभियान प्रतिदिन का लक्ष्य निर्धारित करते हुये पॉलिथिन आदि के एकत्रीकरण के लिये चलायें।




उन्होंने नेशनल हाईवे के अधिकारियों से कहा कि हाईवे की जितनी भी प्रमुख सड़कें हैं, उनके दोनों तरफ जो भी प्लास्टिक या प्लास्टिक से बनी वस्तुयें इधर-उधर बिखरी हैं, उन्हें एक समर्पित टीम गठित कर इक्कठा करवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि सड़क के दोनों ओर कोई भी प्लास्टिक का कूड़ा दिखाई नहीं देना चाहिये। उन्होंने कहा कि इसके अलावा बार्डर पर विशेष ध्यान देना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि शहर के जितने भी प्रवेश मार्ग हैं, वे साफ-सुथरे दिखने चाहिये। जिलाधिकारी ने लोक निर्माण के अधिकारियों को निर्देशित करते हुये कहा कि जितनी भी लोक निर्माण विभाग की सड़कें हैं, उसके लिये भी प्लास्टिक एकत्रीकरण का एक विशेष अभियान चलाया जाये। उन्होंने इसी तरह का अभियान नगर निगम हरिद्वार, नगर निगम रूड़की तथा स्थानीय निकायों आदि के अधिकारियों से अपने-अपने क्षेत्रें में चलाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि हरिद्वार का अपना एक विशेष महत्व है, जहां पर विभिन्न क्षेत्रें से लोगों का आवागमन लगा रहता है। इसलिये सभी की जिम्मेदारी है कि हरिद्वार साफ-सुथरा दिखाई दे। हरिद्वार को साफ-सुथरा बनाने तथाा प्लास्टिक मुक्त करने के लिये आम जन का भी सहयोग लिया जाये तथा घर-घर जागरूकता पहुंचाने के लिये शिक्षण संस्थाओं, स्वयं सेवी संस्थाओं, मानव श्रृंखला आदि का सहयोग लेने के साथ ही डिजिटल माध्यमों-ऑडियो, वीडियो आदि का भी पूरा उपयोग जन-जागरूकता फैलाने के लिये किया जाये। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी डॉ. सौरभ गहरवार, अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) पीएल शाह, एमएनए हरिद्वार दयानन्द सरस्वती, एएमएनए रूड़की विजय नाथ शुक्ल, महाप्रबन्धक उद्योग सुश्री पल्लवी गुप्ता, अधिशासी अभियन्ता लोक निर्माण सुरेश तोमर, डीपीआरओ अतुल प्रताप सिंह सहित पुलिस प्रशासन तथा जिला प्रशासन के सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# गर्भवती महिलाएं होली में बरतें सावधानी, हर्बल रंगों से ही खेलें होली

देहरादून, एजेंसी। होली खुशियों और मस्ती से भरपूर त्यौहार है, लाजिमी है तो भला इस खुशी और उमंग से गर्भवती महिलाएं क्यों पीछे रहें। होली एक ऐसा खुशियों और मस्ती से भरा हुआ त्यौहार है, जिसका हर कोई अपने परिवार तथा दोस्तों के साथ लुत्फ उठाना चाहता है। वहीं गर्भवती महिलाओं को खान-पान का भी खास ख्याल रखना बेहद आवश्यक है। इस अवसर पर संजय ऑथोपीडिक, स्पाइन एवं मैटरनिटी सेंटर की स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉक्टर सुजाता संजय का मानना है कि गर्भवती महिलाओं में प्रतिरोधक क्षमता कम हो जाती है, ऐसे में बीमारियों और इंफेक्शन का खतरा भी उन्हें अधिक होता है। साथ ही प्रेग्नेंसी के दौरान आपकी स्किन भी बेहद सेंसिटिव रहती है। उनका कहना है कि इस कारण जिन रंगों से सामान्य लोगों को कोई परेशानी नहीं होती है, उन रंगों के प्रति भी प्रेग्नेंट महिलाएं संवेदनशील हो सकती हैं। मार्केट में आमतौर पर मिलने वाले रंगों में सिंथेटिक, इंडस्ट्रियल डाई और ऑक्सिडाइज्ड मेटल होता है। ऐसे में ये रंग होने वाले बच्चे के नर्वस सिस्टम और सांस से संबंधित रेस्पिरेटरी सिस्टम को नुकसान पहुंचा सकते हैं। इतना ही नहीं केमिकल वाले रंगों की वजह से मिसकैरेज, प्रीमच्योर डिलिवरी और जन्म के वक्त बच्चे का वजन कम होना जैसी गंभीर दिक्कतें भी हो सकती हैं। इस अवसर पर डॉ. सुजाता संजय कुछ सावधानी बरतने की सलाह देती हैं, ताकि गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य न बिगड़े और उनमें त्यौहार का उत्साह बना रहे। उनका कहना हैं कि सावधानी न बरतने पर समय से पहले बच्चे का जन्म होना, जन्म के दौरान बच्चे के वजन में कमी तथा गर्भपात जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। उनका सुझाव है कि गर्भवती महिलाएं हर्बल के रंगों से खेल सकती हैं, जो फलों तथा फूलों के द्वारा बनाई जाती है। उन्होंने कहा कि रंगों में डूब जाने का त्योहर, मेल-जोल, खाने-पीने, मस्ती और हुड़दंग का त्योहार होली बस आने ही वाला है। हर तरफ होली की धूम है। हर कोई रंगों में भीग जाना चाहता है। लेकिन आम लोग होली पर जितनी मस्ती, उछल-कूद और हुड़दंग कर सकते हैं, प्रेग्नेंट महिलाओं को उतनी ही सावधानी बरतनी पड़ती है।

# अहंकार और घमंड के नाश का पर्व है होली पर्वः एसएसपी

## प्रेस क्लब के पत्रकारों ने धूमधाम से मनाई होली

हरिद्वार, एजेंसी। प्रेस क्लब हरिद्वार का होली मिलन समारोह हिल बाईपास मार्ग पर स्थित वेदा ग्रीन बैंकट हॉल में होली पर्व धूमधाम के साथ मनाया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर मौजूद पुलिस उपमहानिरीक्षक डॉ. योगेंद्र सिंह रावत ने होली मिलन समारोह में सभी पत्रकार बंधुओ को अपनी शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जब हम होली की कल्पना करते हैं तो दो चीजें सामने आती है। एक होलिका दहन और दूसरा होली का रंग। होलिका दहन में भक्त प्रहलाद और होलिका की कथा सामने आती है। जहां होलिका को घमंड था कि अग्नि उसका कुछ बिगाड़ नहीं सकती। वहीं प्रहलाद को विश्वास था कि जब उन्होंने कुछ गलत नहीं किया तो उनका अहित कैसे होगा। आखिरकार प्रहलाद के विश्वास की जीत हुई और होलिका का घमंड चूर-चूर हो गया। इसी प्रकार होली का रंग लगाने से व्यक्ति के अहं का नाश होता है। वह मैं को भूलाकर हम में समाहित हो जाता है। इसलिए होली को मिलन का त्यौहार भी कहा जाता है जहां व्यक्ति ऊंच-नीच, जात-पात से दूर होकर इस पर्व को मनाता है। होली मिलन और आनंद का पर्व है। इसलिए इसे परस्पर प्रेम और सौहार्द के साथ मनाना चाहिए। इसके पूर्व दीप



प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम का उद्घाटन डीआईजी योगेंद्र सिंह रावत, श्रीगंगा सभा महामंत्री तन्मय वशिष्ठ, निर्मल अखाड़े के महंत जसविंदर शास्त्री, प्रेस क्लब अध्यक्ष राजेन्द्र नाथ गोस्वामी, संस्थापक सदस्य कौशल सिखौला, गोपाल रावत, संजय आर्य, रजनीकांत शुक्ल के द्वारा संयुक्त रूप से किया। उत्तराखंड संस्कृति विभाग द्वारा होली पर्व पर आधारित कार्यक्रमों की शानदार प्रस्तुति दी गई। कौशिक आर्ट एंड क्रिएशन निदेशक नीरा कौशिक के नेतृत्व में छात्राओं ने शानदार नृत्य कला का प्रदर्शन कर उपस्थित दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। प्रेस क्लब होली मिलन आयोजन समिति की ओर से सभी अतिथियों का पटका और स्मृति चिह्न से भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मशहूर कवि प्रताप सिंह फौजदार, विनय विन्रम और रजनी अवनी ने हास्य और व्यंग से भरपूर कविताओं को सुनाकर दर्शकों को उत्साहवर्धन कर दिया। कार्यक्रम के अंत में राधा कृष्ण के मयूर नृत्य पर सभी लोग झूम कर नाचे। इस मौके पर अतिथियों में नैनीताल भाजपा विधायक रेखा आर्य, जिला महामंत्री हरिद्वार विकास तिवारी, श्री गंगा सभा अध्यक्ष प्रदीप झा, एडवोकेट सुभाष त्यागी, कांग्रेस नेता अरविन्द्र शर्मा, भाजपा नेता सुभाष चंद्र के साथ प्रेस क्लब महासचिव राजकुमार, कोषाध्यक्ष तनुज वालिया संस्थापक अध्यक्ष डॉ. शिवशंकर जायसवाल, पूर्व महासचिव देवेन्द्र शर्मा, मुदित अग्रवाल, रामचंद्र कनौजिया, विकास कुमार झा, संस्थापक सदस्य सुनील दत्त पांडे, धर्मेंद्र चैधरी, श्रवण कुमार झा, सुभाष कपिल, त्रिलोक चंद भट्ट, अवधेश शिवपुरी, रामेश्वर गौड, अश्वनी शर्मा, डॉ. मनोज सोही, जोगेन्द्र मावी, सुदेश आर्या, राहुल वर्मा, संदीप रावत, मनोज खन्ना, केके पालीवाल, अमित कुमार शर्मा, जयपाल सिंह, बृजेन्द्र हर्ष, गुलशन नैय्यर, अविक्षित रमन, एडवोकेट सुरेंद्र शर्मा, वेद प्रकाश चैहान, मुकेश वर्मा, कुशल पाल सिंह चैहान, अमित गुप्ता, संजय आर्य, कुलभूषण शर्मा, ठाकुर शैलेंद्र सिंह, दीपक नौटियाल, संजय रावल, मनोज रावत, रामेश्वर शर्मा, संजीव शर्मा, पुरुषोत्तम शर्मा, ललितेंद्र नाथ, श्रवण कुमार अरोड़ा, आनन्द गोस्वामी, डॉ. शिवा अग्रवाल, नवीन पाण्डेय, विवेक शर्मा, अश्वनी अरोड़ा, तनवीर अली, दिनेश भारद्वाज, राम कुमार शर्मा, श्रीमती कुमकुम शर्मा, श्रीमती निशा शर्मा, मंजू नेगी, सुनील मिश्रा, स्वरूप पुरी, सुनील पाल, महावीर नेगी, महेश पारिक, शिवकुमार शर्मा, दयाशंकर वर्मा सहित बड़ी संख्या में पत्रकार सदस्य मौजूद रहे।

संक्षिप्त समाचार

## 11वीं वूशु स्टेट चैंपियनशिप में अरविंदो स्कूल के खिलाड़ी छाए



विनोद कुमार, मदरलैंड संवाददाता, चंडीगढ़। सेक्टर 28 स्थित श्री अरबिंदो स्कूल ऑफ इंटीग्रल एजुकेशन के खिलाड़ी खेलों में स्कूल का नाम रोशन कर रहे हैं।11वीं वूशु स्टेट चैंपियनशिप के भिन्न-भिन्न वेट कैटेगरी में देव, भूमिका, दिग्विजय, वंशिका ने गोल्ड मेडल और लक्षित ने सिल्वर मेडल जीता। स्कूल के चेयरमैन अरविंद मेनन और प्रिंसिपल गरिमा भारद्वाज ने खिलाड़ियों को बधाई दी इस मौके पर स्कूल की स्पोर्ट्स टीचर अंजू मोदगिल की उपस्थित थीं।

## बिना एन ओ सी के मोटी रकम लेकर लुधियाना में सभी तहसीलों में हो रही है रजिस्ट्रीया

हरप्रीत सिंह, मदरलैंड संवाददाता, लुधियानाः आम आदमी पार्टी के पंजाब में सरकार बनाने के बाद भी आज भी खुले आम भ्रष्टाचार हो रहा है तहसीलों के बाहर बैठे दलालों ने खूब लूट मचा रखी है सूत्रो ने बताया कि जिनके पास एन ओ सी नहीं है उन लोगो से 15 से 20 हजार रुपए रिश्वत ली जा रही है खुले आम सरकार को मोटा चुना लगाया जा रहा है जितनी भी गैर कानूनी तरीके से काटी गई कॉलोनी है उनकी सभी की बिना एन ओ सी की रजिस्ट्री हो रही है कैसे पंजाब में खत्म होगा भ्रष्टाचार जबकि एक तरफ पंजाब के मुख्यमंत्री भगवान सिंह मान ने कहा कि शहीदे आजम भगत सिंह की सोच पर पहरा देंगे वहीं दूसरी ओर यह अक्सर सरकार को ही मोटा चूना लगा रहे हैं और खुलेआम रिश्वत मांगी जा रही है क्या इन सब पर भगवंत मान लगाम लगा सकेंगे शहीद भगत सिंह की राह पर चल सके कि यह सरकार कई सवाल खड़े हो रहे हैं आम आदमी पार्टी इन सब पर लगा सकेगी लगाम

## विधायक रामकुमार गौतम की टिप्पणी का जताया समाज ने विरोध

संतोष यादव, मदरलैंड संवाददाता, नारनौल। अखिल भारतीय अग्रवाल संगठन, अग्रवाल वैश्य महासम्मेलन , श्री महाराजा अग्रसेन चैरिटेबल ट्रस्ट एवं विभिन्न अग्र समाज संगठनों की आवश्यक बैठक अग्रवाल सभा भवन में आयोजित हुई ।बैठक में गत दिवस विधान सभा सत्र में विधायक रामकुमार गौतम ने अरविंद केजरीवाल के बजरिये से पूरे अग्रवाल समाज को लेकर बेहद घटिया टिपण्णी देते हुए कहा हैं कि सांप, बिच्छू या टोने टोटके का भी इलाज हैं, लेकिन बनिये के लड़े का कोई इलाज नहीं हैं। जिसका विरोध किया गया ।बैठक में अखिल भारतीय अग्रवाल संगठन के प्रदेश अध्यक्ष किशन चोधरी अधिवक्ता एवं अग्रवाल वैश्य महासमेलन के प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश मित्तल ने सामूहिक रूप से विधायक रामकुमार गौतम के द्वारा समाज के लिए की गई अभद्र भाषा के उपयोग पर निंदा करते हुए उन्हें माफी मांगने की चेतावनी दी। महाराजा अग्रसेन चैरिटेबल ट्रस्ट के सचिव केशव संघी अधिवक्ता ने कहा कि अगर विधायक रामकुमार गौतम ने माफी मांगते हुए अपने बयान वापिस नहीं लिए तो पांच दिन बाद शहर में मुख्य चौराहों पर उनके पुतले फूंके जाएंगे एवं विरोध प्रदर्शन होगा एवं अग्रवाल समाज द्वारा उनके ऊपर मानहानि का दावा भी डाला जाएगा। उन्होंने कहा कि हरियाणा विधानसभा में 10 प्रतिशत हिस्सेदारी अग्रवाल समाज की है। वे स्वयं भी 36 कोम के मतों से विधायक बने है ना कि किसी एक बिरादरी के समर्थन से ।समस्त अग्रवाल समाज हरियाणा स्तर पर उनका विरोध कर रहा है। भविष्य में भी माफी ना मांगने तक जारी रखेगा । इस मौके पर अग्रवाल सभा महेंद्रगढ़ के प्रधान नवीन मित्तल, नितिन चोधरी अधिवक्ता, अमित सिंघल काटी वाले, शुभम कंछल कारोता वाले, मुकेश मामचंद मित्तल, तुषार मित्तल , विभु अग्रवाल, हन्नु गर्ग, नीतीश गर्ग, अंशु अग्रवाल, आयुष मित्तल, सुंदर कंछल , टेकचंद तायल, गोपाल लम्बरदार, आर्यन मित्तल , राजू अग्रवाल , देवकीनन्दन गोयल , ओमप्रकाश तायल , पंकज गोयल , हेमंत बंसल , अनुराग गोयल , राघव चौधरी , लोकेश तायल एवं समस्त अग्रवाल समाज ने रोष प्रकट किया।

## राजेश यादव अखिल भारतीय यदुवंशी महासभा के प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त



मदरलैंड संवाददाता, नारनौल। अखिल भारतीय यदुवंशी महासभा द्वारा सिहार निवासी राजेश यादव को संस्था का हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया गया। अखिल भारतीय यदुवंशी महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष विजेन्द्र यादव ने राजेश यादव को नियुक्ति पत्र सौंपते हुए उन्हे प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेदारी का कार्य सौंपा। राजेश सिहार को प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेदारी मिलने पर क्षेत्र के समस्त यादव समाज में हर्ष की लहर है। राजेश यादव ने प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर अखिल भारतीय यदुवंशी महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष विजेन्द्र यादव का आभार व्यक्त करते हुए अपनी जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा, ईमानदारी व मेहनत से निभाने की शपथ ग्रहण की।

## पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के न्यायाधीश सुधीर कुमार मित्तल जिले में स्थित न्यायालयों का करेंगे निरीक्षण

मदरलैंड संवाददाता,कनीना। पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के न्यायाधीश सुधीर कुमार मित्तल 17 मार्च तक जिले में स्थित न्यायालयों का निरीक्षण करेंगे। इस विषय में जानकारी देते हुए कनीना की अतिरिक्त सिविल जज मेनका सिंह ने बताया कि पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय की तरफ से न्यायाधीश सुधीर कुमार जिले के न्यायालयों का निरीक्षण कर आम जन से न्यायिक प्रशासन में सुधार संबंधित शिकायतें व सुझाव सुनेंगे। जिसके लिए कोई भी व्यक्ति अपने सुझाव उनके समक्ष रख सकता है ताकि उन सुझावों पर विचार-विमर्श करके उन्हें अमल में लाया जा सके।

# वूट सलेक्ट ने अपने प्रतिष्ठित शो, अपहरण - सबका कटेगा दोबारा का दूसरा सीजन प्रस्तुत किया!




चंडीगढ़ : विभिन्न शैलियों में अपने बेहतरीन कंटेंट और शो की विस्तृत लाईब्रेरी के साथ, वूट सलेक्ट भारत में सबसे तेजी से विकसित होते हुए ओटीटी प्लेटफॉर्म्स में से एक बन गया है। अपनी बेहतरीन सूची में एक और शो को शामिल करते हुए वूट अपने सबसे लोकप्रिय शोज में से एक, अपहरण 2 का दूसरा सीजन लेकर आया है।इस एक्शन-थ्रिलर को नए आयाम पर ले जाते हुए, अपहरण 2 - सबका कटेगा दोबारा एकता कपूर और जियो स्टूडियोज के साथ अरुणोदय सिंह, निधि सिंह, स्नेहिल दीक्षित मेहरा, सानंद वर्मा और सुखमणि सडाना जैसे श्रेष्ठ कलाकार एवं महान अभिनेता, जीतेंद्र कपूर को लेकर आया है। 11 एपिसोड की यह सीरीज केवल वूट सलेक्ट पर शुक्रवार, 18 मार्च, 2022 से स्ट्रीमिंग के लिए उपलब्ध होगी।सिद्धार्थ सेनगुप्ता, उमेश पाडलकर एवं अनाहत मेनन की सनसनीखेज कहानी और संतोष सिंह के निर्देशन में बनी अपहरण 2 बेहतरीन रेट्रो संगीत, पॉवर-पैक्ड एंटरटेनर, सस्पैंस और ड्रामा का रोमांचक मिश्रण है, जो शुरू से अंत तक दर्शकों की दिलचस्पी बनाकर रखेगी। भारत और सर्बिया की पृष्ठभूमि में मजबूत व साहसी कॉप रुद्रा (अरुणोदय सिंह अभिनीत) अपहरण की एक और दिलचस्प कहानी लेकर आए हैं, जिसमें अनपेक्षित ट्विस्ट और टर्न हैं। भारत का सबसे लोकप्रिय कॉप एक बार फिर एक बहुत चालाक अपराधी, बिक्रम अहादुर शाह के साथ अपहरण के खतरनाक सफर पर निकल रहे हैं। यह अपराधी भारत को दुनिया के नक्शे से मिटाना चाहता है। अपहरण के पहले सीजन में दर्शकों ने दांतों तले उंगलियां दबा लीं। यह बहुप्रतीक्षित सीक्वेल एक बार फिर उन्हें भावनाओं के जबरदस्त भंवर में ले जाएगा। इंटेंस ड्रामा, प्यार, पैशन से लेकर कॉमेडी, ऑब्सेशन एवं सैपरेशन तक, इस सीरीज में सबकुछ देखने को मिलेगा। इसके ट्रेलर को लाखों लोगों ने पसंद किया है, जो दिल थामकर इंतजार कर रहे हैं कि इस सीजन में उन्हें क्या देखने को मिलेगा।अभिनेता अरुणोदय सिंह ने कहा, ह्यह्यअपहरण 2 के ट्रेलर ने सीक्वेल के लिए दर्शकों की उत्सुकता बढ़ा दी है, लेकिन अब ज्यादा इंतजार नहीं करना पड़ेगा। रुद्रा श्रीवास्तव का किरदार निभाने का अनुभव मेरे लिए यादगार था। पूरी कास्ट ने अपने-अपने किरदार में उतरने के लिए हर बारीक चीज का बहुत ध्यान रखा। हमने उनके शारीरिक और भावनात्मक गुणों को पूरी तरह से उतार दिया।इस सीरीज का रोमांच आपको अचंभित कर देगा।ह्लह्लतो तैयार हो जाईये, ह्यअपहरण 2 - सबका कटेगा दोबाराह्ल का प्रीमियर 18 मार्च, 2022 को केवल वूट सलेक्ट पर होगा।

# 75 करोड़ सूर्य नमस्कार प्रकल्प 2022 में उत्कृष्ट योगदान एवं सहयोग के लिए कुलदीप मेहरा को सम्मानित किया



» मदरलैंड संवाददाता

चंडीगढ़। 75 करोड़ सूर्य नमस्कार प्रकल्प 2022 के समापन समारोह का आयोजन नेशनल योगासन स्पोर्ट्स फेडरेशन (ठरऋ) के तत्वावधान में चंडीगढ़ योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन द्वारा पीजीजीसी सेक्टर 11, चंडीगढ़ में किया गया। इस कार्यक्रम में सरकारी मॉडल स्कूल सेक्टर 35 के स्पोर्टस टीचर कुलदीप मेहरा को 75करोड़ सूर्य नमस्कार प्रकल्प 2022 में उत्कृष्ट योगदान एवं सहयोग के लिए खेल निदेशक चंडीगढ़ श्री तेजदीप सिंह सैनी, (ढउर) और 75 करोड़ सूर्य नमस्कार के राष्ट्रीय अध्यक्ष, हरियाणा योग आयोग के चेयरमैन एवं ठरऋ के राष्ट्रीय महासचिव डॉ. जयदीप आर्य द्वारा प्रशंसा पत्र एवं सम्मानित चिन्ह (ट्रॉफी) देकर सम्मानित किया गया। इसके साथ उनके स्कूल 35 मॉडल चंडीगढ़ को भी 75करोड़ सूर्य नमस्कार प्रकल्प 2022 के लिए प्रशंसा पत्र एवं सम्मानित चिन्ह (ट्रॉफी) दी गई।

उन्होंने अपने स्कूल के प्रिंसिपल देवेंद्र गोसाई सहित स्कूल के सभी शिक्षकों और कक्षा 6वीं से 12वीं के सभी विद्यार्थियों को सोशल मीडिया नेटवर्किंग, ऑनलाइन और ऑफलाइन माध्यम से अपने मार्गदर्शन में बढ़ चढ़कर प्रतिभागिता करवाई।

## सांस लेने में परेशानी झेल रहे मेघोत बिंजा के महेश ने की डीसी से मुलाकात

» मदरलैंड संवाददाता

नारनौल। जिला के गांव मेघोत बिंजा में सांस लेने में परेशानी झेल रहे महेश नाम के युवक ने आज ग्रामीणों के साथ उपायुक्त श्याम लाल पूनिया से मुलाकात की। युवक की परेशानी को देखते हुए डीसी ने तुरंत इलाज व जांच के लिए मुख्य चिकित्सा अधिकारी से बात की।

सीएमओ ने एंबुलेंस भेज कर मरीज को नागरिक अस्पताल नारनौल में ले जाने की व्यवस्था की। इसके बाद वहां पर उसका एक्स-रे तथा अन्य जांच की गई। चिकित्सकों ने नागरिक अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में दाखिल कर लिया। सीएमओ डॉ अशोक कुमार ने बताया कि अगर जरूरत पड़ी तो मरीज को रोहतक सरकारी एंबुलेंस से रेफर कर दिया जाएगा।

इसी दौरान उपायुक्त ने जिला रेडक्रॉस समिति के सचिव श्यामसुंदर को निर्देश दिए कि युवक को जरूरत के अनुसार दवाइयां तथा एक ऑक्सीजन कंसंट्रेटर दिया जाए। ऑक्सीजन कंसंट्रेटर मिलने के बाद उसे ऑक्सीजन सिलेंडर लाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। यह मशीन उसकी जरूरत के



अनुसार ऑक्सीजन सप्लाई करती रहेगी। जिला रेडक्रॉस समिति के सचिव ने नागरिक अस्पताल पहुंचकर मरीज को ऑक्सीजन कंसंट्रेटर मशीन सौंप दी तथा उन्हें जरूरत पड़ने पर दवाइयां देने का भरोसा दिया। महेश कुमार ने इस सहायता के लिए जिला प्रशासन का धन्यवाद किया।

डीसी ने ग्रामीणों से कहा कि मरीज को यहां लाने की बजाय पहले उनसे मिलना चाहिए था। वे खुद मरीज के घर चले जाते। इस तरह से मरीज को अनावश्यक रूप से नहीं लाना चाहिए।

उपायुक्त ने ग्रामीणों को भरोसा दिलाया कि वह सरकार की ओर से जो भी योजना होगी उसका इस मरीज को लाभ दिलाने का प्रयास करेंगे। सबसे पहले जरूरी है कि इस मरीज की बीमारी का पता चले तथा उसी के अनुसार आगे की कार्यवाही की जा सकेगी।

## फोर्टिस मोहाली के डॉक्टरों ने जन्मजात विकृत रीढ़ की हड्डी से ग्रस्त 21 वर्षीय लडकी की सर्जरी कर दिया नया जीवन

» मदरलैंड संवाददाता

चंडीगढ़। फोर्टिस अस्पताल मोहाली में स्पाइन सर्जरी टीम ने 21 वर्षीय रोगी पुष्पा पर कंप्यूटर-नेविगेटेड स्पाइन सर्जरी सफलतापूर्वक की, जो गंभीर जन्मजात क्यफोस्कोलियोसिस से पीड़ित थी।

फोर्टिस मोहाली के स्पाइन सर्जरी के एडिनशनल डायरेक्टर डॉक्टर दीपक जोशी के नेतृत्व में डॉक्टरों की अत्यधिक कुशल टीम ने एक 360-डिग्री प्रोसिजर- क्यफोसिस डिफॉर्मिटी करेक्शन सर्जरी की, जो लगभग 8 घंटे तक चली।

गंभीर जन्मजात क्यफोस्कोलियोसिस एक विकृति है जो तब होती है जब एक या अधिक रीढ़ में वरटीब्रेय का पूरी तरह से नही बनते हैं, जिससे असामान्य वक्रता हो जाता है। यदि इसे अनुपचारित छोड़ दिया जाता है, तो क्यफोस्कोलियोसिस न केवल हृदय और फेफड़ों को प्रभावित करता है, बल्कि रोगियों में मनोवैज्ञानिक संकट भी पैदा करता है। यह दुर्लभ विकृति प्रत्येक 10,000 नवजात शिशुओं में से केवल 1 में होती है।

सिरसा की 21 वर्षीय रोगी पुष्पा को जन्म



से ही रीढ़ की हड्डी में दुर्लभ विकृति (गंभीर जन्मजात क्यफोस्कोलियोसिस) थी और उनकी स्थिति उम्र के साथ बिगड़ती जा रही थी। रोगी ने पिछले साल जून में अपनी इस गंभीर समस्या के साथ फोर्टिस मोहाली में डॉ जोशी से संपर्क किया था।

एडवांसड न्यूरो-मॉनिटरिंग टेक्नोलॉजी और न्यूरो-नेविगेशन की मदद से-नर्व डैमेज से बचने के लिए नर्वस के कार्यप्रणाली पर नजर रख डॉक्टर दीपक जोशी के नेतृत्व में डॉक्टरों की अत्यधिक कुशल व अनुभवी टीम ने एक 360-डिग्री प्रोसिजर- क्यफोसिस डिफॉर्मिटी करेक्शन सर्जरी की और मरीज पुष्पा के स्पाइनल कॉलम को काट दिया गया और स्क्रूज के साथ रखा गया, और एंगुलर कफोसिस को रोड्स पर ठीक किया गया। फोर्टिस मोहाली में स्पाइन सर्जरी टीम द्वारा समय पर मरीज को पूरी तरह से ठीक करने में मदद मिली।

# ज्वाइंट एक्शन कमेटी की कार्यकारणी की बैठक वाटर वर्क्स सेक्टर 37 चंडीगढ़में हुई

» मदरलैंड संवाददाता

चंडीगढ़। ज्वाइंट एक्शन कमेटी ऑफ चंडीगढ़ एडमिनिस्ट्रेशन एंड एमसी एम्प्लॉयीज एंड वर्कर्स की कार्यकारणी की बैठक सुरमुख सिंह की अध्यक्षता में वाटर वर्क्स सेक्टर 37 में हुई और यूटी कर्मचारियों की मांगों पर विस्तार से

चर्चा हुई। बैठक में फैसला किया के ज्वाइंट एक्शन कमेटी से सम्बंधित सभी यूनियंस की कार्यकारणी की बैठकों की सुरुवात 22 मार्च से की जाएगी इस के बाद प्रसाशन और एमसी के खिलाफ बड़ा आंदोलन किया जाएगा।कमेटी के कंवीनर अशवनी कुमार अशवनी कुमार चेयरमैन सुरमुख और पैटर्न राजा राम ने बताया कि बैठक में कर्मचारियों की मांगों को पूरा ना करने पर चंडीगढ़ प्रसाशन की आलोचना की। अशवनी कुमार ने बताया कि कर्मचारियों की मांगों में आउटसोर्सिंग वर्कर्स का डीसी रेट बढ़ाना जो के चंडीगड़ प्रसाशन बार बार वादे कर वादों से मुकर रहा है,और डीसी रेट नही बढ़ा रहा ,खाली पदों को भरना हर विभाग में प्रमोशन और डायरेक्ट कोटे के खाली पद पड़े है उन खाली पदों को भरना, दिसंबर 1996 के बाद भर्ती हुए डेली वेज कर्मचारियों को पालिसी में कवर करके रेगुलर करना, नगर निगम कर्मचारियों के रुलो में संशोधन करना ता जो कर्मचारियों की रुकी हुई प्रोमोशन हो सके, एमसी



मनीमाजरा में काम करने वाले डेली वेज कर्मचारियों को रेगुलर करना, डीसी रेट का एरियर देना, डेली वेज वर्कर्स को छठे वेतन आयोग की रिपोर्ट मुताबिक वेतन में बढ़ोतरी करना, पब्लिक हेल्थ विभाग एमसी में काम करने वाले ट्यूबवेल ऑपरेटर्स को मल्टी टास्क वर्कर्स बना दिया है उनको दुबारा ट्यूबवेल ऑपरेटर्स बनाना,और मृतर्क के वारिशों को नोकरी देना आदि मांगो पर चर्चा हुई। बैठक में चंडीगढ़ प्रसाशन और नगर निगम के प्रशासनिक अधिकारियों से अपील की यूटी कर्मचारियों की मांगों को जल्द पूरा किया जाए अन्यथा आंदोलन तेज करेंगे।बैठक में अशवनी कुमार,सुरमुख सिंह,राजा राम,राजिंदर कुमार,जगमोहन सिंह,रवि सिंह,सतविंदर नारद,रविंदर बिंदु, नरिंदर चौधरी, सुरिंदर कुमार,लालजीत और कमल कुमार ने अपने विचार रखे।

## वृद्धावस्था पेंशन 5 हजार रुपये प्रतिमाह करने की मांग

» मदरलैंड संवाददाता

कनीना। प्रजा भलाई संगठन के सुप्रीमो समाजसेवी अतरलाल एडवोकेट ने राज्य सरकार से वृद्ध, विधवा व विकलांग पेंशन में वृद्धि कर इसे पांच हजार रुपये प्रतिमाह करने की मांग की है।

इस संबंध में मुख्यमंत्री मनोहरलाल को भेजे पत्र में अतरलाल ने कहा है कि हाल में हरियाणा विधानसभा में रखे बजट प्रस्तावों में बूढ़ों, विधवाओं व विकलांग पेंशन में वृद्धि न किए जाने से हरियाणा के बूढ़ों, विधवाओं तथा विकलांगों में भारी रोष व्याप्त है। बजट प्रस्तावों में बूढ़ों, विधवाओं तथा विकलांग लोगों की उपेक्षा की गई है। जिसके कारण उक्त लाभार्थी ठगा सा महसूस कर रहे हैं। उन्होंने भाजपा तथा जजपा के चुनाव घोषणा पत्रों की याद दिलाते हुए कहा की घोषणा पत्रों में पांच हजार रुपये मासिक पेंशन करने का वादा किया गया था। परन्तु अब राज्य सरकार न केवल अपने वादे को भूल रही है, बल्कि नई-नई शर्तें जोड़कर उनकी पेंशन काटने की कार्यवाही भी कर रही है। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि बजट प्रस्तावों में संशोधन कर सरकार ने उनकी पेंशन बढ़ाने तथा नाजायज शर्तें हटाने की विधानसभा में घोषणा नहीं की तो वृद्ध, विधवा व विकलांग आंदोलन करने पर मजबूर होंगे।

# लक्ष्य तय कर उसके लिए कड़ी मेहनत करें विद्यार्थी: प्रो. टंकेश्वर कुमार

## हकेवि में सात दिवसीय एनएसएस शिविर का हुआ समापन

» जयप्रकाश भारद्वाज, मदरलैंड संवाददाता

महेंद्रगढ़। हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) बुधवार को सात दिवसीय शिविर का समापन हआ। शिविर के समापन समारोह में स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने विद्यार्थियों को सामाजिक सरोकारों से जुड़े मुद्दों के लिए बढ़-चढ़कर कार्य करने के लिए प्रेरित किया।

कुलपति ने कहा कि विद्यार्थी जीवन में अपना लक्ष्य तय करके उसे प्राप्ति के लिए कड़ी मेहनत करनी चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों से नशे से दूर



रहने और जनकल्याण व समाज कल्याण के कार्यों के लिए आगे आने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों ने इस शिविर में जो कुछ भी सीखा है वह भविष्य में उनके अवश्यक काम आएगा। इस अवसर पर शिक्षा पीठ के प्रो. प्रमोद ने स्वयंसेवको से राष्ट्र निर्माण में कार्य करने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम संयोजक डॉ. दिनेश चहल ने शिविर का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया तथा सात दिवसीय शिविर की रिपोर्ट साझा की। इस अवसर पर राकेश को एनएसएस वालंटियर और सुषमा को बेस्ट वालंटियर से सम्मानित किया गया। साथ ही राष्ट्रीय सेवा योजना पुरस्कृत अलोकनाथ पांडे, राज्य एनएसएस पुरस्कृत मयंक कुमार, स्वयंसेवक शिवम, साई गणेश, अनमोल, पूनम, पुष्पा, रैना, योगेश और अन्य स्वयंसेवको को प्रशस्ति पत्र भी दिए गए।

newsdesk@motherlandvoice.org
editor@motherlandvoice.org



# लोकगीतों में खूब जमता है होली का रंग !



डा0श्रीगोपालनारसन

देश के अलग-अलग क्षेत्रों में अलग-अलग तरीकों से होली मनाई जाती है। मध्य प्रदेश के मालवा अंचल में होली के पांचवें दिन रंगपंचमी मनाई जाती है ।यह मुख्य होली से भी अधिक जोर-शोर से मनाई जाती है ।ब्रज की होली पूरे भारत में मशहूर है। बरसाना की लट्ठमार होली देखने के लिए देश विदेश से लोग आते हैं। हरियाणा में भाभी द्वारा देवर को सताने की परंपरा है। महाराष्ट्र में रंग पंचमी के दिन सूखे गुलाल से खेलने की परंपरा है ।दक्षिण गुजरात के आदि-वासियों के लिए होली एक खास पर्व है। छत्तीसगढ़ में होली पर लोक-गीतों का प्रचलन है।

विभिन्न रंगो का पर्व होली एक ऐसा सामाजिक त्यौहार है जिसे सभी मिलकर हर्षोल्लास के साथ मनाते है। फाल्गुन पूर्णिमा के दिन होली का मुख्य पर्व मनाया जाता है। भद्रा रहित लग्न में सायंकाल के बाद होलिका दहन करने की होली पर परम्परा है। इससे पूर्व दिन भर होलिका का पूजन किया जाता है तथा घर की बालिकाओं द्वारा गोबर से बनाये गए बडकल्ले भी होलिका पर चढाये जाते है ।होलिका दहन के बाद होलिका की राख ठन्डी होने पर उसे भस्म रूप में शरीर पर लगाने की भी परम्परा है। ताकि मन और शरीर वर्षभर स्वस्थ्य रह सके। वैदिक काल में होली पर्व को नवान्नेष्टि यज्ञ कहा जाता था। खेत में पैदा हुए अधपके अन्न को यज्ञ में आहुत किया जाता था और यज्ञ में पके अन्न को होला कहा जाता था। इसी कारण इस पर्व का नाम होला से होली पडा है। एक अन्य मान्यता के अनुसार होली अग्नि देव की पूजा का माध्यम भी है। चूंकि इस दिन मनु महाराज का जन्म हुआ था इस कारण इस पर्व को मन्वादितिथि भी कहा जाता है। इस पर्व का एक उददेश्य काम दहन से भी है। कहा जाता है कि भगवान शंकर ने अपनी क्रोधाग्नि से कामदेव को भस्म कर दिया था, तभी से इस पर्व की शुरूआत होना बताई गई है ।प्रकृति जब अपना आवरण बदलने लगे ,मौसम में बासंती ब्यार बहने लगे और लोगो में मस्ती का भाव जगने लगे तो समझो फाल्गुन आ गया और होली लोगो के दिलो पर दस्तक देकर उन्हे अपने रगं में रगंने लगती है। प्रकृति का यही उल्लास लोगो के मन में एक नई उमंग,एक नई खुशी, एक नई स्फूर्ति को जन्म देकर उनके मन को आल्हादित करती है। प्रकृति की इस अनूठी छटा व मादकता के उत्सव को होलिकोत्सव के रूप में मनाए जाने की परम्परा सदियों से चली आ रही है। जिस पर हम सब रंगो से सराबोर हो जाते है।

होली के इस पर्व को यौवनोत्सव,मदनोत्सव,बसंतोत्सव दोलयात्रा व शिमागा के रूप में मनाये जाने की परम्परा है ।लेकिन इस पर्व की वास्तविक शुरूआत प्रकृति परिवर्तन से ही होती है। प्रकृति अपना आवरण बदलती है। पेड पोधे अपने पुराने पत्तो को त्यागकर पेड का तना अपने बक्कल को छोडकर नये पत्तो व नये स्वरूप में परिवर्तित होते है। इसी प्रकार मनुष्य के शरीर की खाल तक धीरे धीरे बदल जाती है।

पांच तत्वों से बना हमारा शरीर भी चूंकि प्रकृति का अंग है इसकारण वह भी मन और शरीर दोनो तरह से अपने आपमें परिवर्तन का अनुभव करता है। यही अनुभव हम होली के रूप में तहसूस करते है।

धार्मिक पुस्तको व शास्त्रों में होली को लेकर विभिन्न दन्त कथायें प्रचलित है। इन कथाओं के अनुसार नारद पुराण में यह पर्व हिरण्यकश्यप की बहन होलिका के अन्त व भक्त प्रहलाद की ईश्वर के प्रति आस्था के प्रति विजय का प्रतीक है ।प्रचलित कथा के अनुसार हिरण्य कश्यपको जब उनके पुत्र प्रहलाद ने भगवान मानने से इंकार कर दिया तो अहंकारी शासक हिरण्य कश्यप ने अपने पुत्र प्रहलाद की हत्या के लिए उसे आग में न जलने का वरदान प्राप्त होलिका की गोद में जलती चिता में बैठा दिया किन्तु होलिका का आग में न जलने का वरदान काम नही आया और वह आग में जलकर भस्म हो गई। जबकि प्रहलाद सकुशल बच गया। तभी से होलिकोत्सव पर होली दहन की परम्परा की शुरूआत हुई।

होली पर्व पर गाये जाने वाले होली से जुडे लोकगीतो की अनूठी परम्परा है। मै कैसे खेलू होली सांवरियां के संगए कोरे कोरे कलस भराये उनमें धोला रंग ।जैसे लोक गीत का गायन कर महिलाएं झूम झूम कर होली पर नृत्य भी करती है। होली के लोकगीतो में ब्रज में हरि होरी मचाईए इतते निकली सुधर राधिका उतते कुंवर कन्हाईखेलत फाग परस्पर हिलमिलए शोभा वरनी न जाई।

जहां लोकप्रिय हैए वही होली आई रे कन्हाई ब्रज के रसिया एहोली आई रे भी जोर सोर से गाया जाता है। चाहे शहर हो या गांव हर गली मोहल्ले में पुरातन परम्परा से जुडी महिलायें पूर्णिमा की चांदनी में एकत्र होकर होली के गीत गाती है और होली नृत्य करती है। इन होली लोकगीतो में ,होली खेलो जी राधे सम्भाल के। जमना तट श्याम खेले होरी जमना तट । होरी खेलन आयों श्यामएआज याको रंग में बोरो सखी वृन्दावन के बीच आज ढफ बाजे है। फागुन आयों रे ऐ ली फागण आयों रे ,मेरी भीजे रेशम चुनरी रे,मै कैसे खेलूं होरी रे ।होरी खेल रहे नन्द लाल मथुरा की कुंज गलिन मे ।एआज बिरज की होरी रे रसिया होरी तो होरी बरजोरी रे रसिया उडत अबीर गुलाल कुमकुम केसर की पिचकारी रे रसिया। आदि शामिल है। होली के पर्व को मुगल शासक भी शान से मनाया करते थे।

मुगल बादशाह अकबर अपनी महारानी जोधाबाई के साथ जमकर होली खेलते थे। बादशाह जहांगीर ने भी अपनी पत्नी नूरजहां के साथ रंगो की होली खेली। इसी तरह बादशाह औरंगजेब उनके पुत्र शाह आलम और पोत्र जहांदर शाह ने भी होली का त्योहार रंगो के साथ मस्ती के आलम में मनाया जिसका उल्लेख इतिहास में पढने को मिलता है। जिससे स्पष्ट है कि हिन्दू ही नही मुस्लमान भी होली का पर्व मनाते रहे है। पिरान कलियर के वार्षिक उर्स में पाकिस्तान से आने वाले जायरीन हर साल फूलो की होली खेलते है जिसमें हिन्दू और मुस्लमान दोनो शामिल होते है। राजस्थानी की होली रेगिस्तान की पहचान राजस्थान में सांभर की होली का अपना महत्व है। सांभर की होलीमनाने के लिए आदिवासी समाज की लडकियां वस्त्रो की जगह अपने शरीर को टेसू की फूल मालाओं से ढककर अपने प्रेमियों के साथ नदी किनारे जाकर सर्प नृत्य करती है। इस सर्प नृत्य के बाद इन लडकियो की शादी उनके प्रेमियों के साथ कर दी जाती है।

होली जिसमें देवर भाभी व जीजा शाली एक दुसरे को कोडे मार कर होली के रगं में रंग जाते है। इसी राजस्थान में होली पर अकबर बीरबल की शोभा यात्रा निकालकर होली का रगं व गुलाल खेला जाता है। राजस्थान के बाडमेंर में तो होली की मस्ती के लिए जीवित व्यक्तियों की शवयात्रा बैण्डबाजे के साथ निकालने की परम्परा है। वही राजस्थान के जालोर क्षेत्र में होली पर लूर नृत्य किया जाता है तो झालावाड क्षेत्र में गधे पर बैठकर होली की मस्ती में झूमने की परम्परा है। बीहड क्षेत्र में तो पुरूष धाधरा चोली पहन कर ढोल नंगाडे बजाते हुए होली का नृत्य करते है तथा होली का गायन करते है। मथुरा की लठठमार होली बीकानेर की डोलचीमार होली की कहानी भी गजब है। मथुरा की लठठमार होली लठठमार होली मथुरा के बरसाने में खेली जाती है।

जिसमें महिलाए पुरूषो पर लठठ से प्रहार करती है और पुरूष ढाल का उपयोग कर अपना बचाव करते है ।इस लठठमार होली को देखने के लिए देश विदेश से बडी सख्ंया में श्रद्धालु मथुरा आते है। भले ही इस होली को लठठमार होली के रूप में मनाया जाता हो परन्तु किसी के भी मन में होली खेलते समय कोई बैर भाव नही होता सभी प्यार और माहब्बत को नया जन्म देने के लिए यह होली खेलते है। होली यानि पवित्र होने का दिन यूं तो होली रंगों का त्यौहार है ताकि जीवन रंग बिरगां रहे और कोई भी दुख दर्द पास न आने पाये लेकिन साथ ही यह पर्व पांच विकारों को त्यागने का भी एक बडा अवसर है। होली शब्द का अर्थ यदि हम अंग्रेजी के में देखे तो पवित्र होता है जिसका मायने है कि हमें होली पर पवित्र बनने का सकल्प लेना चाहिए। जिसके लिए जरूरी है काम,क्रोध,मोह लोभ और अहंकार से मुक्त हो जाना। तभी हमारा जीवन देवतूल्य बन सकता है और होली पर्व की सार्थकता हो सकती है। लेकिन कुछ लोग होली पर नशा करते है। एक दुसरे पर कीचड उछालते है और होली के रंग को बदरंग बना देते है। जो कि पूरी तरह से गलत है। होली का सही मायने है ।पर होली पर हुड़दंग ठीक नही है।

## संपादकीय



# हिजाब और उस पर प्रतिबंध ?

कर्नाटक उच्च न्यायालय ने स्कूल-कालेजों में हिजाब पर प्रतिबंध को सही ठहरा दिया है। मेरी राय में हिजाब पहनना और हिजाब पर प्रतिबंध, दोनों ही गैर-जरुरी हैं। हमें उससे आगे की सोचना चाहिए। मुसलमान औरतें हिजाब पहनें, हिंदू चोटी-जनेऊ रखें, सिख पगड़ी-दाढ़ी-मूंछ रखें और ईसाई अपने गले में क्रॉस लटकाएं- ये निशानियां धर्म का अनिवार्य अंग कैसे हो सकती हैं? धर्म तो शाश्वत और सर्वकालिक होता है और इस तरह की ये बाहरी निशानियाँ देश-काल से बंधी होती हैं। आप जिस देश में जिस काल में रहते हैं, उसकी जरुरतों को देखते हुए इन बाहरी चीजों का प्रावधान कर दिया जाता है। इन्हें सार्वकालिक और सार्वदेशिक बना देना तो बड़ा ही हास्यास्पद है। यदि कनाडा की भयंकर ठंड में कोई पुरोहित सिर्फ धोती या लुंगी पहनकर पूजा-पाठ कराए या विवाह-संस्कार करवाए तो उसे ढेर होने से उसका परमात्मा भी नहीं बचा सकता। केनाडा में सिख पगड़ी पहनें तो वहां के मौसम में वह धक सकती है लेकिन अरब देशों में वह आरामदेह रहेगी क्या? इसी तरह पैगंबर मोहम्मद के जमाने में श्रेष्ठी महिलाओं को दुष्कर्मियों से बचाने के लिए और चालू औरतों से अलग दिखाने के लिए हिजाब का चलन शुरू किया गया था। अब उसी परंपरा को डेढ़ हजार साल बाद दुनिया के सभी देशों की मुसलमान औरतों पर थोप देना कहां तक उचित है? दुनिया के कई मुस्लिम और यूरोपीय देशों ने हिजाब पर प्रतिबंध लगा रखा है, क्योंकि चेहरे को छिपाने के पीछे दो गलत कारण काम करते हैं। एक तो अपराधियों को शै मिलती है और दूसरा सामूहिक अलगाव प्रकट होता है। सांप्रदायिकता पनपती है। मैं तो सोचता हूं कि हिंदू पर्दा और मुस्लिम हिजाब, दोनों ही औरतों के अधिकारों का हनन भी है। ऐसी असामयिक और अनावश्यक प्रथाओं का त्याग करवाने का अभियान धर्मध्वजियों को आगे होकर चलाना चाहिए। स्कूल-कालेजों में यदि विशेष वेश-भूषा का प्रावधान है तो उसे सबको मानना चाहिए लेकिन यदि कोई छात्रा हिजाब पहनकर कक्षा में आना चाहती है तो वह अपने आप को खुद मजाक का केंद्र बनाएगी। उसका हिजाब अपने आप उतर जाएगा। उसकी अक्ल पर पड़े हिजाब को आप अपने आप क्यों नहीं उतरने देते? तीन-चार हजार छात्र-छात्राओं के कॉलेज में पांच-छह लड़कियां हिजाब पहनकर आती रहें तो उससे क्या फर्क पड़ना है? यह हिजाबबाजी घोर सांप्रदायिकता, घोर अज्ञान और घोर पोंगापंथ के कारण भी हो सकती है। हमारी मुसलमान माँ-बहनें स्कूलों में ही नहीं, सर्वत्र इससे बचें, इसके लिए कानून से भी ज्यादा जिम्मेदारी है, हमारे मुल्ला मौलवियों की। वे यदि इस्लाम को आधुनिक बनाने और उसके बुनियादी सर्वहितकारी सिद्धांतों को मुसलमानों में लोकप्रिय करने का जिम्मा ले लें तो किसी कानून की जरुरत ही नहीं पड़ेगी।

# शत्रुता समाप्त करने का पर्व होली



डॉ. वंदना सेन



**भारत के मुख्य त्यौहारों में शामिल होली का त्यौहार विविधता को एक रूप में स्थापित करते हुए सामाजिक एकता का बोध कराने वाला है। जिस प्रकार अनेक रंग मिलकर एक नया रंग बनाते हैं, उसी प्रकार भारत के विभिन्न हिस्सों में रहने वाले जन भी एक ही भाव से होली का त्यौहार मनाते हैं। यहां क्षेत्रीयता के आधार पर विभाजन करने वाली दीवारें धराशायी हो जाती हैं। पूरे भारत में होली का उल्लास ही दिखाई देता है। सब एक ही रंग में रंगे हुए दिखाई देते हैं। इसलिए होली को भारत की एकता का त्यौहार निरूपित किया जाए तो कोई अतिश्योक्ति नहीं होगी।**

**होली को कुछ लोग हुड़दंग का त्यौहार बताते हैं, जबकि सत्य यह है कि यह हुड़दंग ही होली की मस्ती है, यह मस्ती होली का उल्लास है। हमने फिल्म शोले का एक गाना अवश्य ही सुना होगा। होली के दिन दिल खिल जाते हैं, दुश्मन भी गले मिल जाते हैं। वास्तव में यह गाना भले ही काल्पनिक चित्रांकन का हिस्सा है, लेकिन इस गीत में होली के वास्तविक स्वरुप से परिचय कराया गया है।**

भारत संस्कृति प्रधान देश है। इसी कारण भारत का वातावरण भी सांस्कृतिक है। ऐसे वातावरण को बनाने में हमारे त्यौहारों का विशेष योगदान है। इन त्यौहारों के पीछे जो संदेश छिपे होते हैं, वह सामाजिक एकता का संदेश प्रवाहित करते हैं। लोक चेतना के भाव से अनुप्राणित हमारे त्यौहार वास्तव में हमारे जीवंत संस्कारों की ऐसी धरोहर है, जिसकी मिसाल विश्व के किसी भी देश में देखने को नहीं मिलती, लेकिन जहां इन त्यौहारों की झलक प्रादुर्भित होती है, वहां किसी न किसी रूप में भारत के संस्कारों का प्रभाव है। आज दुनिया के कई देशों में भारतीय त्यौहार भी धूमधाम और परंपरा के साथ मनाए जाते हैं। जो निश्चित ही यह बोध कराता है कि हमारी संस्कृति सर्वग्राही है, सर्वव्यापक है। लेकिन मुख्य सवाल यह है कि हम भारतीय जन अपने त्यौहारों की व्यापकता को विस्मृत करते जा रहे है। उनका स्वरूप बदल दिया है। इसीलिए ही हमारे देश की नई पीढ़ी अपने भारत से दूर होती दिखाई देने लगी है। यह दृष्टिकोण जहां मानसिक विचारों में संकुचन का भाव पैदा कर रहा है, वहीं अपनी संस्कृति से दूर होने का अहसास भी करा रहा है।

भारत के मुख्य त्यौहारों में शामिल होली का त्यौहार विविधता को एक रूप में स्थापित करते हुए सामाजिक एकता का बोध कराने वाला है। जिस प्रकार अनेक रंग मिलकर एक नया रंग बनाते हैं, उसी प्रकार भारत के विभिन्न हिस्सों में रहने वाले जन भी एक ही भाव से होली का त्यौहार मनाते हैं। यहां क्षेत्रीयता के आधार पर विभाजन करने वाली दीवारें धराशायी हो जाती हैं। पूरे भारत में होली का उल्लास ही दिखाई देता है। सब एक ही रंग में रंगे हुए दिखाई देते हैं। इसलिए होली को भारत की एकता का त्यौहार निरूपित किया जाए तो कोई अतिश्योक्ति नहीं होगी।

होली को कुछ लोग हुड़दंग का त्यौहार बताते हैं, जबकि सत्य यह है कि यह हुड़दंग ही होली की मस्ती है, यह मस्ती होली का उल्लास है। हमने फिल्म शोले का एक गाना अवश्य ही सुना होगा। होली के दिन दिल खिल जाते हैं, दुश्मन भी गले मिल जाते हैं। वास्तव में यह गाना भले ही काल्पनिक चित्रांकन का हिस्सा है, लेकिन इस गीत में होली के वास्तविक स्वरुप से परिचय कराया गया है। यह गाना हमारे जीवन का हिस्सा है। इसलिए कहा जा सकता है कि होली के रंग प्यार और अपनत्व की भाव धारा को ही प्रस्फुटित करते हैं, जिसमें शत्रुता के भावों का स्वतः ही शमन हो जाता है। होली का त्यौहार हिल मिलकर जीने का संदेश देता है। इसमें जो रंग उड़ते दिखाई देते हैं वे प्यार के रंग हैं, तकरार के नहीं। होली दुश्मन को भी दोस्त बनाने वाला त्यौहार है। हम होली के वास्तविक स्वरूप को समझेंगे तो स्वाभाविक रूप से हमें होली का संदेश भी समझ में आएगा और समाज में कोई दुश्मन भी नहीं रहेगा।

भारत में होली की प्रचलित धारणाओं के बारे में यही कहा जाता कि होली का वास्तविक स्वरूप देखना हो तो ब्रज की होली को साक्षात देखिए। वहां दोस्त ही नहीं दुश्मनों के साथ भी होली खेलने का आनंद दिखाई देता है। ब्रज की लठ्ठमार होली विश्व प्रसिद्ध है, जिसे देखने के लिए कई देशों के लोग ब्रजभूमि में आते हैं और होली खेलने वाले लोगों को फटी आंख से देखते रहते हैं। विदेशी लोगों के लिए भारत की होली का यह स्वरूप एक अजूबा जैसा ही होता है। ब्रज भूमि में होली को देखकर यह सहज में ही पता चल जाता है कि होली का त्यौहार संस्कृति और धर्म से गहरा नाता स्थापित किए हुए है। इतना ही नहीं होली का त्यौहार प्रकृति के साथ सामंजस्य भी स्थापित करता है। हम जानते कि भारत एक कृषि प्रधान देश है। होली के अवसर पर किसान अपनी फसल को देखकर प्रसन्न होता है। खेत में खड़ी फसल उत्पादन का पहला हिस्सा अग्नि को समर्पित करता है। उसके बार उसे घर लाने की तैयारी होने लगती है। कुल मिलाकर किसान अत्यंत ही प्रसन्न रहता है, जो एक उल्लास के रूप में प्रकट होता है। इसके साथ ही होली के अवसर प्रकृति का मनोहारी रूप भी दिखाई देता है यानी प्रकृति भी उल्लासमय है। यह बातें होली के त्यौहार को प्रकृति से जुड़ा होने का प्रमाण हैं।

हिंदी महीने के फागुन मास में मनाए जाने वाले इस त्यौहार में बुराई पर अच्छाई का संदेश भी छिपा हुआ है। हिरण्यकश्यप नाम का राक्षस अपने आपको भगवान के। समतुल्य मानने की भूल कर बैठा था, लेकिन उसका पुत्र प्रह्लाद भगवान की भक्ति में लीन रहता था। हिरणकश्यप को अपने पुत्र की यह भक्ति नागवार गुजरती थी। इसी के चलते हिरण्यकश्यप ने प्रह्लाद की जान लेना चाही और आग में न जलने का वरदान प्राप्त कर चुकी अपनी बहन होलिका की गोद में प्रह्लाद को बैठा दिया। होलिका जल गई और भगवान की कृपा से प्रह्लाद बच गया। इसलिए यह कहना तर्कसंगत ही होगा कि जिस पर भगवान की कृपा होती है, उससे मृत्यु भी दूर हो जाती है।

होली वास्तव में एक ऐसा सतरंगी त्यौहार है, जिसे सभी भारत वासी पूरे उत्साह और उमंग के साथ मनाते हैं। प्यार भरे रंगों से सुसज्जित यह त्यौहार संप्रदाय और जाति के बंधनों को खोल देता है, सभी भाई चारे के साथ होली के त्यौहार को मनाते हैं।

होली एक ऐसा रंगबिरंगा त्योहार है, जिस हर धर्म के लोग पूरे उत्साह और मस्ती के साथ मनाते हैं। प्यार भरे रंगों से सजा यह पर्व जाति और संप्रदाय के बंधनों से मुक्त होकर होली मनाने की प्रेरणा देता है। इस दिन सारे लोग अपने पुराने गिले-शिकवे भूल कर गले लगते हैं और एक दूजे को गुलाल लगाते हैं। बच्चे और युवा रंगों से खेलते हैं। वर्तमान में हम सभी को यह भी ध्यान रखना है कि आजकल बाजार में जो रंग मिलते हैं, उसमें कई प्रकार के हानिकारक रसायन मिलाए जाते हैं जो हमारे जीवन के रंग में भंग का काम कर सकता है। इससे त्वचा को भारी नुकसान भी हो सकता है। इस मनभावन त्यौहार पर रासायनिक रंग व नशे आदि से दूर रहना चाहिए। इसलिए मिलजुलकर पूरे उल्लास के साथ होली मनाएं, यही होली की सार्थकता है।

# राजनीतिक दलों के लिए बड़ा सबक हैं चुनावी नतीजे



योगेश कुमार गोयल

पांच राज्यों (उत्तर प्रदेश, पंजाब, उत्तराखण्ड, गोवा तथा मणिपुर) में हुए विधानसभा चुनावों में जहां पंजाब में अरविंद केजरीवाल की आम आदमी पार्टी का जादू मतदाताओं के सिर चढ़कर बोला है, वहीं अन्य चारों राज्यों में भाजपा दोबारा सरकार बना रही है। पंजाब के चुनाव में तो केजरीवाल की पार्टी ह्यआपह्ल ने इतिहास रच डाला है। भले ही ह्यआपह्ल का जादू उत्तराखण्ड और उत्तर प्रदेश में नहीं चल सका लेकिन पंजाब के अलावा 40 सदस्यीय गोवा विधानसभा चुनाव में भी दो सीटें जीतकर वह वहां भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराने में सफल हुई है। एक ओर जहां कांग्रेस, बसपा जैसे विपक्षी दलों को मतदाताओं ने कड़ा संदेश दिया है, वहीं राष्ट्रीय राजनीति में ह्यआपह्ल के भाजपा के विकल्प के रूप में उभरने का मार्ग भी पंजाब के नतीजों के बाद प्रशस्त हुआ है। पंजाब में ह्यआपह्ल की जिस तरह की आंधी चली और मतदाताओं ने अन्य पार्टी के बड़े-बड़े शूरमाओं के मुकाबले केजरीवाल की पार्टी पर भरोसा जताया, उसके बाद आप भारत की राजनीति का तेजी से उभरता हुआ सितारा बन गई है।

इन विधानसभा चुनावों में एक और जहां उत्तर प्रदेश में कभी अपने ही बूते लगातार पांच साल पूर्ण बहुमत की सरकार चलाने वाली बहुजन समाज पार्टी का अस्तित्व प्रदेश की राजनीति से करीब-करीब खत्म हो गया है, वहीं इन चुनावों में सबसे बड़ा खामियाजा अगर किसी को भुगतना पड़ा है तो वो है कांग्रेस पार्टी, जिसके समक्ष अब अपना अस्तित्व बनाए रखने की बहुत बड़ी चुनौती मुंह बाये खड़ी है। दरअसल यह तय है कि अब पांच विधानसभा चुनावों में भी पार्टी की करारी हार के बाद पार्टी के भीतर गांधी परिवार के प्रति विरोध बढ़ेगा और कांग्रेस के अंदर बगावत के सुर पहले के मुकाबले और ज्यादा तेज होंगे। इसका स्पष्ट संकेत चुनावी नतीजों पर टिप्पणी करते हुए जी-23 के नेता मनीष तिवारी के उस बयान से भी लगाया जा सकता है, जिसमें उन्होंने कहा है कि यह राहुल गांधी से ही पूछा जाना चाहिए कि कांग्रेस की ऐसी दुर्दशा क्यों हुई? माना जा रहा है कि आने वाले दिनों में कांग्रेस की इस दुर्गति का असर महाराष्ट्र की राजनीति में भी देखने को मिल सकता है।

उत्तर प्रदेश में पिछली बार के मुकाबले भाजपा गठबंधन को भले ही 50 के करीब सीटों का नुकसान हुआ लेकिन फिर भी भाजपा की उत्तर प्रदेश सहित चार राज्यों में धमाकेदार जीत ने देश की राजनीति में आने वाले दिनों में कई महत्वपूर्ण बदलावों के संकेत दे दिए हैं। उम्मीदों से परे भाजपा को मिली इस बड़ी चुनावी जीत के बाद देश में तमाम विपक्षी पार्टियों के लिए भाजपा से निपटना अब और भी बड़ी चुनौती होगा, वहीं इस जीत ने वैश्विक स्तर पर पहले से काफी मजबूत माने जाते रहे ह्यमोदी ब्रांडह्ल को और मजबूत कर दिया है। भाजपा के खिलाफ भले ही चुनाव में तमाम बड़े मुद्दे थे और कुछ जगहों पर सत्ता विरोधी लहर भी दिखाई दे रही थी लेकिन इसके बावजूद नरेन्द्र मोदी की राजनीतिक सूझबूझ और रणनीति के चलते उनके जादू के समक्ष सब बेअसर साबित हुआ। हालांकि अकेले होने के बावजूद अखिलेश यादव ने जाटों, अल्पसंख्यकों और अति पिछड़ों के बीच अच्छा तालमेल बनाया था और उनकी प्रत्येक चुनावी सभाओं में उमड़ती भीड़ से चुनावी माहौल कुछ और ही कहानी कहता दिखता था लेकिन चुनावों ने स्पष्ट कर दिया कि चुनावों में जुटती भारी भीड़ किसी की जीत की गारंटी नहीं हो सकती। चुनाव परिणामों से स्पष्ट है कि किसानों की नाराजगी, महंगाई, बेरोजगारी, खेतों में फसलों को रौंदते जानवर जैसे कई बड़े मुद्दे कहीं पीछे छिपकर रह गए और अपनी चुनावी रणनीतियों की बदौलत इन तमाम मुद्दों के बावजूद भाजपा बड़ी आसानी से रिकॉर्ड बहुमत के साथ दोबारा उत्तर प्रदेश में अपनी सरकार बना रही है।

भाजपा के बारे में यह विख्यात हो चुका है कि वह किसी भी चुनाव को जीतने के लिए अपनी चुनावी रणनीतियां बहुत पहले ही बना लिया करती है। वैसे भाजपा के पास चेहरे के अलावा संसाधन, संगठित कार्यकताओं की मजबूत ताकत और आनुषंगिक संगठनों का सहयोग चुनावों में सोने पे सुहागा साबित हुआ है। चुनाव से ठीक पहले उत्तर प्रदेश में तीन कद्दावर मंत्रियों और करीब दर्जन भर विधायकों का विद्रोह भाजपा के लिए परेशानी का कारण बना था लेकिन आलाकमान ने चुनावी वैतरणी पार करने के लिए जिस तरह के समीकरण साधे, उससे विपक्ष के मंसूबों पर आसानी से पानी फिर गया। किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री आवास योजना, निशुल्क गैस कनैक्शन, आयुष्मान भारत योजना के अलावा पिछले दो वर्षों से हर वर्ग के गरीबों को वितरित किए जा रहे निशुल्क राशन जैसी योजनाओं ने महंगाई, बेरोजगारी जैसे मुद्दों को पीछे छोड़ दिया। भाजपा नेता स्वयं यह स्वीकारने से गुरेज नहीं कर रहे कि मुफ्त राशन वितरण योजना पार्टी के लिए गेमचेंजर साबित हुई है। भाजपा में इन चुनावों में उत्तर प्रदेश तथा उत्तराखण्ड जैसे राज्यों में जातियों की राजनीति के तिलिस्म को तोड़ने में भी सफलता हासिल की है और भाजपा की प्रचण्ड जीत ने यह तय कर दिया है कि इन राज्यों में अब जातिगत राजनीति की जगह धार्मिक पहचान की राजनीति तेजी से परवान चढ़ेगी।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व संपादक संजय कुमार उपाध्याय द्वारा विवेक पब्लिशर्स, ए 16, सेक्टर 7, नोएडा, जिला गौतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश, से मुद्रित एवं 203 एफ 32, विजय ब्लॉक लक्ष्मी नगर, दिल्ली -11 00 92 से प्रकाशित। सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है। किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा दिल्ली न्यायालय में ही किया जाएगा। संपादकः संजय कुमार उपाध्याय। मो.: 8700635881, आर.एन.आई नं. DELHIN/2019/78266

**संक्षिप्त समाचार**

## खोदावन्दपुर के तीन स्वास्थ्य कर्मियों को प्रशस्ति पत्र देकर किया गया सम्मानित




मदरलैण्ड संवाददाता, बेगूसराय। प्लस पोलियो अभियान में उत्कृष्ट सेवा देने के लिए बुधवार को खोदावन्दपुर के तीन स्वास्थ्य कर्मियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया.खोदावंदपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आयोजित कार्यक्रम में प्रखंड प्रमुख संजू देवी, बीडीओ राघवेंद्र कुमार, सीओ अमरनाथ चौधरी, बीसीओ अजीत शर्मा, आइसीडीएस के अल्का कुमारी एवं प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ जगत रंजन से संयुक्त रूप से सीएचसी की एएनएम प्रमिला कुमारी, आंगनबाड़ी सेविका प्रेमा कुमारी एवं आशा कार्यकर्ता नीलम देवी को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया. इस मौके पर स्वास्थ्य प्रबंधक सुरेन्द्र कुमार, बीसीएम दया शंकर पासवान के अलावे अन्य स्वास्थ्य कर्मी मौजूद थे.

## मंदबुद्धि नव विवाहिता मायके से लापता, थाने में शिकायत दर्ज



मदरलैण्ड संवाददाता, सारण। तरैया थाना क्षेत्र के नंदनपुर गांव से एक मंदबुद्धि नव विवाहिता अपने मायके से लापता हो गई है। इस संबंध में उक्त गांव निवासी शिवनाथ शर्मा ने तरैया थाने में एक शिकायत प्रतिवेदन दिया है। कहा गया है कि उनकी 28 वर्षीय पुत्री प्रियंका कुमारी की शादी 2017 में मसरख थाना क्षेत्र के चांद कुंदरिया गांव निवासी संतोष शर्मा के साथ हुई थी। गत कुछ दिनों से वह अपने नंदनपुर ग्राम स्थित मायके में रह रही थी। वह थोड़ा मंदबुद्धि की थी। गत 12 मार्च को अपने मायके नंदनपुर से भटक गई है। काफी खोजबीन किया गया परंतु अब तक उसका कोई अता-पता नहीं है। इस संबंध में प्राप्त आवेदन के आलोक में तरैया थाना पुलिस जांच में जुट गई है।

## पत्नी के साथ मारपीट के मामले में आरोपी पति गिरफ्तार, भेजा गया न्यायिक अभिरक्षा में



मदरलैण्ड संवाददाता, बेगूसराय। पत्नी के साथ मारपीट करने के मामले में आरोपी पति को खोदावन्दपुर पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया. गिरफ्तार युवक गढ़पुरा थाना क्षेत्र के सुजानपुर गांव निवासी सुरेश सहनी के पुत्र संजय सहनी है. इसकी जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष सुदीन राम ने बताया कि बाड़ा गांव के सुरेश सहनी की विवाहिता पुत्री सृष्टि कुमारी ने अपने पति संजय सहनी पर दहेज के लिए प्रताड़ित करने एवं बराबर मारपीट करने का आरोप लगाया है.पीड़िता ने पुलिस को बताया है कि उसकी शादी लगभग तीन वर्ष पहले सुजानपुर गांव में हुई थी.शादी के बाद से ही ससुराल वाले और दहेज की मांग कर उसे प्रताड़ित कर रहे थे.गत 13 मार्च की रात उसका पति अपने ससुराल आकर उसके साथ मारपीट की और जान से मार डालने का प्रयास किया. उसके द्वारा शोरगुल करने पर जुटे पड़ोसियों ने उसकी जान बचायी.थानाध्यक्ष ने बताया कि पीड़िता के दिये गये आवेदन पर प्राथमिकी थाना कांड संख्या- 55/022 दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया.और बुधवार को आरोपी पति को न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया।

## इंटर परीक्षा में तरैया के परीक्षार्थियों ने लहराया परचम

» मदरलैण्ड संवाददाता









सारण। बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा बुधवार को इंटरमीडिएट परीक्षा का रिजल्ट जारी किया गया जिसमें तरैया के परीक्षार्थियों ने परचम लहराया है। भागवतपुर पंचायत के भागवतपुर गांव निवासी मुन्ना गिरी के पुत्र गोलू कुमार ने 419 अंक लाकर प्रखंड व जिले का मान बढ़ाया है। उन्होंने बताया कि आगे की पढ़ाई पूरी कर वह एनडीए में जाना चाहता है। परीक्षा में सफलता का श्रेय उसने अपने माता पिता व गुरुजनों को दिया। वही डुमरी पंचायत के डुमरी गांव निवासी शशि भूषण सिंह के पुत्र निखिल कुमार सिंह जो मैकडोनाल्ड उच्चतर माध्यमिक विद्यालय देवरिया का विद्यार्थी है ने 81.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर पंचायत, प्रखंड व जिले का मान बढ़ाया है। डुमरी पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि धनवीर कुमार सिंह बिक्कू के चचेरे भाई निखिल सेल्फ स्टडी कर तथा अपने परिश्रम पर भरोसा कर तैयारी किया था। उसने अपने सफलता का श्रेय अपने माता-पिता तथा गुरुजनों को दिया है। डुमरी का ही एक लड़का प्रिंस कुमार सिंह 401 अंक लाया है। चंचलिया गांव निवासी बच्चा राम की पुत्री जानकी कुमारी 409 अंक लाकर अपने अभिभावकों व गुरुजनों की मान बड़ाई है। पचभिण्डा पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि हरेंद्र सहनी की पुत्री गोल्डी कुमारी को 382 अंक प्राप्त हुए हैं। राम कुमार गुप्ता की पुत्री हनी कुमारी 397 अंक लाई है। सभी सफल परीक्षार्थियों को प्रखंड प्रमुख प्रीति कुमारी, मुखिया प्रतिनिधि धनवीर कुमार सिंह विक्कू, हरेंद्र सहनी, मां गायत्री ट्यूटोरियल नेवारी के निदेशक मुकेश अभिनंदन, प्रो. ज्वाला प्रसाद, अशोक कुमार सिंह, गुलाब कुमार यादव, अमित कुमार सिंह समेत अन्य लोगों ने बधाई दिया है।

## खोदावंदपुर अंचल कर्मियों ने होली मिलन समारोह का किया आयोजन, एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर दी शुभकामनाएं



» मदरलैण्ड संवाददाता

बेगूसराय। खोदावन्दपुर अंचल कर्मियों ने बुधवार को होली मिलन समारोह का आयोजन किया.मेघौल पेठिया स्थित होटल बसंत विहार में आयोजित इस कार्यक्रम में बीडीओ राघवेंद्र कुमार, अंचलाधिकारी अमरनाथ चौधरी, बीसीओ अजीत शर्मा, प्रभारी अंचल निरीक्षक कुमार रजनीश ने प्रखंड व अंचल कर्मियों, जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकताओं के अलावे समस्त नागरिकों को रंगों का त्योहार होली की हार्दिक शभकामनाएँ दी.इस मौके पर एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर बसन्तोत्सव की अग्रिम बधाई दी. कार्यक्रम में समाजसेवी राम गुलजार महतो, अजीत कुमार, राकेश कुमार, रणधीर कुमार, राजेश कुमार, हल्का कर्मचारी अरुण कुमार, अमरनाथ मिश्रा, प्रखंड प्रधान सहायक व नाजिर राकेश कुमार, अंचल प्रधान सहायक बागीश झा, अंचल नाजिर पंकज कुमार सिन्हा, अंचल अमीन कन्हैया कुमार, अशोक कुमार,कार्यपालक सहायक अभिषेक कुमार, रोहित कुमार, सुशील कुमार के अलावे जीतेन्द्र कुमार, अर्जुन कुमार, ऋषि कुमार, गौड़ी कुमार समेत अनेक लोग मौजूद थे.

## अनुमंडल पत्रकार संघ के होली मिलन में जमकर उड़े अबीर और गुलाल, होली गीतों पर झूमे श्रोता

» मदरलैण्ड संवाददाता

- ज्ञानस्थली इंटर नेशनल स्कूल के डारेक्टर रवीं रंजन ने पत्रकारों किया सम्मानित



पटना। शहर के स्टेशन रोड़ स्थित एसबी कॉम्पलेक्स में भव्य होली मिलन सामारोह का आयोजन हुआ।कार्यक्रम की अध्यक्षता पत्रकार सधीर कुमार सिंह ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ वरिष्ठ पत्रकार गौतम , कोल्हर पंचायत के मुखिया उपेंद्र यादव और ज्ञान स्थली के डायरेक्टर रवि रंजन ने किया। ।कार्यक्रम में शर्मा म्युजकल ग्रुप फतुहा के द्वारा होली गीत,संगीत नृत्य की भव्य प्रस्तुती हुई।दिल्ली से आए पत्रकार रवि कुमार के होली गीतों पर श्रोता झूम उठे। कार्यक्रम में ज्ञान स्थली के डायरेक्टर रविरंजन ने उपस्थित सभी पत्रकारों को शील्ड देकर सम्मानित किया ।इस अवसर पर लोगों ने लजिज प्यंजनों का जमकर लुफ्त उठाया।

कार्यक्रम में पत्रकारों ने आगत अतिथियों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया।इस मौके पर पत्रकार श्रवण राज, विनोद सिंह,,अमरेंद्र कर्तूनिष्ट, टीपू सिंह,समाजसेवी शिशुपाल कुमार सुधीर पासवान, अनिल राज, अमरेंद्र कुमार, मनोज यादव,रंजित यादव सहित विभिन्न राजनीतिक दल के नेता कार्यकर्ता एंव सैकडों की संख्या में गणमान्य लोग मौजूद थे।

## एक से अधिक छात्र बने इंटर में टॉपर, जानें तीनों संकाय के टॉप-3 छात्रों के नंबर

» मदरलैण्ड संवाददाता

पटना। बिहार बोर्ड इंटर परीक्षा का रिजल्ट जारी कर दिया गया है. शिक्षा मंत्री विजय कुमार चौधरी ने बुधवार को रिजल्ट जारी किया. गोपालगंज कॉलेज के संगम कुमार ने सबसे अधिक 482 नंबर हासिल कर टॉप किया है. संगम आर्टस के साथ ही पूरे प्रदेश के टॉपर बने हैं. उन्हें 96.4% मार्क्स मिले हैं. कॉमर्स में अंकित कुमार गुप्ता ने टॉप किया जबकि साइंस में सौरभ कुमार और अर्जुन कुमार ने टॉप किया.

**विज्ञान संकाय के टॉप 3 छात्र**

रैंक- नाम- रॉल नंबर- कॉलेज- नंबर- प्रतिशत

1- सौरभ कुमार- 22010743- के.एल. एस कॉलेज, नवादा- 472- 94.4%

1- अर्जुन कुमार- 22010064- प्लस टू अशोक हाईस्कूल, दाउदनगर औरंगाबाद- 472- 94.4%

2- राज रंजन- 22010279- एम एस कॉलेज, मोतिहारी, पूर्वी चंपारण- 471- 94.2%

3- सेजल कुमारी- 22010357- गया कॉलेज, गया- 470- 94%

**आर्टस के टॉप 3**

रैंक- नाम- रॉल नंबर- कॉलेज- नंबर- प्रतिशत

1- संगम राज- 22030356- वी. एम.इंटर कॉलेज, गोपालगंज-482- 96.4%

2- श्रेया कुमारी- 22030201- यू.डी.एम. गर्ल्स इंटर स्कूल, कटिहार- 471- 94.2%

3- रीतिका रत्न- 22030076- गुरुकुल एसएस स्कूल, पटोरी, सिंहेश्वर- मधेपुरा-470-94%

**कॉमर्स के टॉप 3**

रैंक- नाम- रॉल नंबर- कॉलेज- नंबर- प्रतिशत

1- अंकित कुमार गुप्ता- 22020317- बीडी कॉलेज, पटना- 473-94.6%

2- विनित सिन्हा- 22020170- केएलएस कॉलेज नवादा- 472- 94.4%

2- पीयूष कुमार- 22020449- कॉलेज ऑफ कॉमर्स, आर्टस एंड साइंस पटना- 472- 94.4%

3- मुस्कान सिंह- 22020208- गया कॉलेज,गया- 470-94%

3- अंजली कुमारी- 22020003- धर्मदेव इंटर कॉलेज, गोपालगंज- 470-94%

**कुल 80.15 प्रतिशत परीक्षार्थी हुए पास**

बिहार बोर्ड के तीनों संकाय साइंस, कॉमर्स और आर्ट्स को मिलाकर 1062557 परीक्षार्थी पास हुए. जिनमें 528817 महिला व 533740 पुरुष शामिल हैं. कुल 80.15 प्रतिशत परीक्षार्थी इंटर परीक्षा 2022 में पास हुए हैं. जिनमें 82.39 प्रतिशत महिलाएं व 78.04 प्रतिशत पुरुष परीक्षार्थी शामिल हैं. बता दें कि बिहार बोर्ड ने एक महीने के अंदर रिजल्ट जारी करके नया रिकॉर्ड बनाया है।

## बिहार में टैक्स फ्री हुई फिल्म द कश्मीर फाइल्स, डिप्टी सीएम तारकिशोर प्रसाद ने की घोषणा

» मदरलैण्ड संवाददाता




पटना। चर्चित फिल्म कश्मीर फाइल्स को टैक्स फ्री कर दिया गया है. बुधवार को डिप्टी सीएम तार किशोर प्रसाद ने इसकी घोषणा की. डिप्टी सीएम और बिहार के वित्त मंत्री तार किशोर प्रसाद ने विधान परिषद में कहा कि कश्मीर फाइल को बिहार में टैक्स फ्री करने का फैसला लिया गया है.उन्होंने कहा कि वित्त मंत्री तरकिशोर प्रसाद ने कहा कि इस फिल्म की चर्चा सभी जगहों पर हो रही हैं. पीएम मोदी ने भी इसकी चर्चा की हैं. बैठक के बाद इसकी विधिवत घोषणा कर दी गयी. दरअसल विधानसभा और विधान परिषद में कश्मीर फाइल को टैक्स फ्री करने की मांग उठी थी.

बिहार विधान परिषद में संजय मयूख ने मांग उठायी थी, जिसके बाद भाजपा के तमाम सदस्यों ने इस मांग का समर्थन किया. डिप्टी सीएम द्वारा सिनेमा को बिहार में टैक्स फ्री करने की इस घोषणा के साथ ही पूरे सदन में भारत माता की जय के नारे लगने लगे. इस पर, विधान परिषद् के सभापति ने कहा कि इसके पहले भी एक फिल्म आयी थी उसे सभी सदस्यों को दिखाया गया था. वह भी टैक्स फ्री थी. आप से भी आग्रह हैं कि इस फिल्म को सभी सदस्यों के साथ दिखाया जाए.

इस पर तारकिशोर प्रसाद ने कहा कि इसे भी सभी सदस्यों के साथ दिखाया जायेगा. बता दें कि इससे विधानसभा में भाजपा के विधायक संजय सरावगी ने ह्यद कश्मीर फाइल्सह्ल को बिहार में कर मुक्त करने का आग्रह किया था.

कश्मीरी पंडितों के साथ हुई हिंसा और पलायन की पृष्ठभूमि पर बनी फिल्म ह्यद कश्मीर फाइल्सह्ल देश भर के सिनेमाघरों में दिखायी जा रही है. काफी बड़ी संख्या में लोग इसके देखने के लिए सिनेमाघरों और मल्टीप्लेक्स जा रहे हैं. उत्तर प्रदेश, हरियाणा, गुजरात, कर्नाटक और मध्य प्रदेश के बाद अब बिहार में भी ह्यद कश्मीर फाइल्सह्ल को टैक्स फ्री कर दी गयी है।.

## बिहार इंटर परीक्षा में 4.5 लाख से अधिक इस बार फर्स्ट डिवीजन, बेटों से अधिक पास हुई बेटियां

» मदरलैण्ड संवाददाता




पटना। बिहार बोर्ड इंटर परीक्षा रिजल्ट जारी कर दिया गया है. प्रदेश के शिक्षा मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने रिजल्ट जारी किया. गोपालगंज कॉलेज के संगम कुमार ने इस बार टॉप रैंक हासिल किया है. संगम आट्र्स संकाय के साथ ही पूरे बिहार के टॉपर बने हैं. 96.4% अंक हासिल करके उन्होंने शीर्ष स्थान हासिल किया है.बिहार बोर्ड इंटर परीक्षा 2022 में कुल 6 लाख 41 हजार 829 महिला परीक्षार्थी शामिल हुईं. जिनमें 5 लाख 28 हजार 817 महिला परीक्षार्थी पास हुईं. यानी 82.39% महिला परीक्षार्थी इस बार पास हुई हैं. पुरुष परीक्षार्थियों की संख्या 6 लाख 83 हजार 920 रही. जबकि 5 लाख 33 हजार 740 पुरुष परीक्षार्थी इस बार पास हुए हैं. यानी पुरुष परीक्षार्थियों के पास होने का प्रतिशत 78.04 रहा. कॉमर्स में सबसे अधिक 93.99% महिला परीक्षार्थी पास हुईं. साइंस में 83.70 प्रतिशत तो आट्र्स में 81.28 प्रतिशत महिला परीक्षार्थी पास रहीं.

आर्टस संकाय में 155461 छात्र प्रथम श्रेणी में पास किये हैं. जबकि 308615 छात्र सेकेंड डिविजन में पास किये हैं. थर्ड डिविजन में पास करने वाले कुल 90345 छात्र रहे. कॉमर्स में 31354 छात्र प्रथम श्रेणी में पास किये. 19036 छात्र सेकेंड डिविजन जबकि 4415 छात्र थर्ड श्रेणी में पास हुए हैं. साइंस में 265221 छात्र प्रथम श्रेणी में, 182918 छात्र सेकेंड डिविजन में जबकि 4764 छात्र थर्ड डिविजन में पास किये हैं.वोकेसनल में 142 छात्र प्रथम श्रेणी में, 261 छात्र सेकेंड डिविजन तो 18 छात्र थर्ड डिविजन में पास किये हैं. इस तरह प्रथम श्रेणी में पास करने वाले कुल 4 लाख 52 हजार 178 छात्र रहे. सेकेंड डिविजन में पास करने वाले कुल 51 हजार 8 सौ 30 छात्र रहे. वहीं थर्ड डिविजन में पास करने वाले कुल 99 हजार 5 सौ 42 छात्र रहे. गौरतलब है कि बिहार बोर्ड ने 16 मार्च 2022 को इंटर का रिजल्ट जारी करके नया रिकॉर्ड बनाया है. एक महीने के अंदर रिजल्ट जारी करके बिहार बोर्ड ने देशभर में ये रिकॉर्ड कायम किया है. बता दें कि बोर्ड ने अपने पूर्व के ही रिकॉर्ड को ध्वस्त किया।

## होली को लेकर सुरक्षा के रहेंगें पुख्ता इंतजाम: मंजूनाथ

» मदरलैण्ड संवाददाता

देवघर। उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी श्री मंजूनाथ भजंत्री के निदेशानुसार होली, 2022 के अवसर पर स्वास्थ्य व्यवस्था, विधि व्यवस्था व सुरक्षा व्यवस्था सम्बन्धी संयुक्त जिला आदेश जारी किया गया है। इसके अलावा उपायुक्त द्वारा अनुमण्डल पदाधिकारी, अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी, सभी थाना प्रभारी, पुलिस निरीक्षक एवं प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी, को निदेश दिया कि इस वर्ष होली का त्यौहार दिनांक 17.03.2022 एवं 18.03.2021 को मनाया जायेगा। दिनांक 17 मार्च की रात्रि में होलिका दहन तथा दिनांक 18 मार्च को होली खेली जायेगी। ऐसे में होली के मौके पर दण्डाधिकारियों, पुलिस पदाधिकारियों व पुलिस जवानों की तैनाती की गयी है। स्वास्थ्य विभाग व अग्निशमन विभाग को चैबिसों घंटे इमर्जेन्सी सेवा के लिए तैयार रहने का निदेश दिया गया है। संयुक्त आदेश के जरीये जिले के विभिन्न स्थानों पर दण्डाधिकारी व पुलिस बल के जवानों की तैनाती का निदेश दिया गया है। साथ हीं सभी थाना के थाना प्रभारियों के संवेदनशील क्षेत्रों की निगरानी करने का निदेश दिया गया है। होली पर्व को लेकर उपायुक्त ने प्रतिनियुक्त अधिकारियों व पुलिस अधिकारियों को होली की अगली सुबह तक पूरी चैकसी बरतने का निदेश सभी को दिया है। इसके अलावे होली के पर्व के दौरान दूसरों के सामान को जबरन उठाने, उसे होलिका में डालने की प्रवृति के प्रति आगाह करते हुए सभी पुलिस पदाधिकारियों को सचेत किया गया है। स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिया गया है कि इमरजेंसी सेवा के लिए चिकित्सक व उपकरण तैयार रखा जाए। फायर ब्रिगेड को किसी भी स्थिति से निपटने के लिए तैयार रहने का निर्देश दिया गया है। इसके अलावा होली के अवसर पर चैबिसों घंटे नियंत्रण कक्ष को चालू रखने का निदेश दिया गया है। इस पर्व के अवसर पर निम्नांकित कारणों से कभी-कभी तनावपूर्ण स्थिति उत्पन्न हो जाती है एवं विधि व्यवस्था की गंभीर समस्या खड़ी हो जाती है-

1. साम्प्रदायिक भावना, जातिगत भावना एवं धृष्टतावश किसी व्यक्ति विशेष के लकड़ी के सामानों को चुराकर होलिका दहन में डाल देना तथा रंग अबीर डालने के क्रम में प्रताड़ित करना।
2. किसी व्यक्ति विशेष के ऊपर जबरदस्ती रंग डालना तथा अबीर-गुलाल आदि लगाना।
3. होलिका दहन में प्राथमिकता के प्रश्न पर ग्रामीणों द्वारा अपने गॉव की सीमा पार कर दूसरे गाँव में लुकारी फेंके जाने एवं बलपूर्वक दूसरों की लकड़ियाँ, छप्पर आदि को आग में डाल दिये जाने के कारण।
4. अभद्रता/अश्लील गायन/कीचड़/धूल आदि से होली खेले जाने के कारण।
5. किसी जाति विशेष एवं सम्प्रदाय विशेष के ईलाके/धर्मिक स्थानों में झुमटा गाने वालों की टोली गुजरने एवं रूककर अश्लील गायन करने के कारण।
6. किसी सम्प्रदाय विशेष के धार्मिक स्थलों पर कीचड़ आदि डाले जाने के कारण।
7. महिलाओं के साथ जबरन छेड़छाड़ करना तथा रंग-अबीर एवं कीचड़ लगाना तथा महिलाओं को देखकर छींटाकसी करना एवं अश्लील गायन करना।
8. वाहनों के ऊपर कीचड़ फेंकना एवं शीशे आदि को तोड़-फोड़ करना।
9. मादक द्रव्य एवं मादक पदार्थ का सेवन कर अभद्र व्यवहार करना।
10. होलिका दहन के स्थान को लेकर विवाद उत्पन्न होना।

ऐसे में होली के अवसर पर उपायुक्त श्री मंजूनाथ भजंत्री ने संबंधित अधिकारी को निदेशित करते हुए कहा कि कई जगहों पर उपर्युक्त बिन्दुओं के अतिरिक्त अन्य कारणों से भी विवाद उत्पन्न होने एवं विधि-व्यवस्था तथा साम्प्रदायिक सद्भावना भंग होने की संभावना बनी रहती है। उपर्युक्त बिन्दुओं के आलोक में उपायुक्त ने होली के अवसर पर विशेष सतर्कता एवं सावधानी बरतने के साथ सभी थाना प्रभारी/पुलिस निरीक्षक एवं प्रखण्ड विकास पदाधिकारी/अंचल अधिकारी/अनुमण्डल पदाधिकारी/अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी को निदेशित किया गया है कि वे उपर्युक्त बिन्दुओं को ध्यान में रखते हुए होली के अवसर पर शांति व्यवस्था एवं साम्प्रदायिक सद्भावना बनाये रखने हेतु एहतियाति बरतेंगें तथा निरोधात्मक कार्रवाई सुनिश्चित करेंगें। देवघर।

## पुलिस ने दो साइबर अपराधियों को किया गिरफ्तार, 40 महिलाओं का आधार कार्ड लेकर साइबर अपराधियों ने राशि की अवैध निकासी

» मदरलैण्ड संवाददाता





बेगूसराय। साइबर अपराधियों द्वारा पासवर्ड आईडी को हैक कर लाखों रुपये गबन कर लिए जाने का मामला प्रकाश में आया है.मंगलवार की बीती रात खोदावंदपुर पुलिस के सहयोग से हरियाणा पुलिस ने खोदावंदपुर में छापामारी अभियान चलाकर इस अपराध में संलिप्त दो युवकों को गिरफ्तार किया है, जबकि साइबर क्राइम का सरगना माने जाने वाला एक युवक मौके से पुलिस को चकमा देकर भागने में सफल रहा. गिरफ्तार किए गए युवकों में खोदावंदपुर पंचायत के वार्ड नंबर एक स्थित बजही गांव निवासी व सीएसपी संचालक श्रीराम कुमार एवं इसी पंचायत के गौरबद्धा टोला के मुकेश कुमार शामिल है. इसकी जानकारी देते हुए हरियाणा राज्य के पंचकूला थाना के एएसआई मान सिंह ने बताया कि हरियाणा सरकार की महत्वाकांक्षी योजना जैसे गर्भवती महिलाओं एवं कुपोषण की शिकार महिलाओं को आर्थिक सहायता की दी जाने वाली राशि का गबन कर लिया गया.लाखों रुपये के इस योजना की राशि को साइबर अपराधियों ने पासवर्ड हैक कर उड़ा लिया. इस मामले में हरियाणा के पंचकूला थाना में प्राथमिकी दर्ज किया गया. हरियाणा पुलिस के एएसआई ने बताया कि तकनीकी आधार पर किए गये जांच में इस मामला का कनेक्शन बिहार से जुड़ा पाया गया.उन्होंने बताया कि इस मामले में संलिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए हरियाणा पुलिस की पांच सदस्यीय टीम बेगूसराय जिला के खोदावंदपुर थाना पहुंची.यहां स्थानीय पुलिस के सहयोग से अपराधियों के निशानदेही पर गुप्त रूप से छापामारी अभियान चलाया गया. जिसमें श्रीराम कुमार एवं मुकेश कुमार को दबोच लिया गया. उन्होंने बताया कि इस अपराध का सरगना विभूतिपुर थाना क्षेत्र के समर्था कल्याणपुर गांव निवासी विजय कुमार पुलिस को देखते ही भाग निकला.फरार अपराधी विजय कुमार रिश्ते में मुकेश कुमार का साला है. हरियाणा पुलिस के एएसआई ने बताया कि गिरफ्तार किए गए दोनों युवकों ने इस साइबर अपराध की घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार की है. उन्होंने बताया कि गिरफ्तार दोनों अपराधियों को ट्रांजिट रिमांड पर देने की अपील न्यायिक दंडाधिकारी से की गई है. दोनों साइबर अपराधियों से गहन पूछताछ के बाद मामले का उदभेदन कर दिया जाएगा.

**क्या है मामला-**

इस साइबर अपराध से जुड़े मामले में कई पीड़ित महिलाओं ने बताया कि गिरफ्तार हुए युवकों के द्वारा उनलोगों को बहला फुसलाकर आधार कार्ड ले लिया गया था. कोरोना काल में इन युवकों ने इस बात का प्रलोभन देकर कि तुमलोगों के बैंक खाता में तीन महीने तक पांच पांच हजार रुपए भेजे जाएंगें.लाभुक एवं बिचौलियों के बीच तीन हजार एवं दो हजार रुपये बांट लेने का सौदा तय हुआ था. इसी तय सौदे के आधार पर इच्छुक महिलाओं के आधार कार्ड ले लिया गया था. महिलाओं ने बताया कि एक महीना उनके बैंक खाते में पांच हजार रुपए आया था, जिसकी निकासी कर राशि का बंदरबांट कर लिया गया था. दूसरे महीने यह राशि नहीं आई. मिली जानकारी के अनुसार लगभग 40 महिलाओं का आधार कार्ड लेकर साइबर अपराधियों ने राशि की अवैध निकासी की थी. मामला उजागर होते ही संबंधित बैंक खाते को बंद कर दिया गया.

## संक्षिप्त समाचार

### होली मिलन समारोह का आयोजन



मदरलैण्ड संवाददाता, कटिहार। समेली प्रखंड क्षेत्र के ढाबा सुतारा सेमिनार हॉल में होली मिलन समारोह का आयोजन डालमिया सीमेंट के द्वारा शिवम इंटरप्राइजेज के सौजन्य से किया गया। जिसमें प्रखंड कर्मी के साथ-साथ क्षेत्र के प्रमुख, मुखिया,पंचायत समिति सदस्यों ने शिरकत किया। समारोह में कंपनी के उत्तरी बिहार के इंजीनियर आकाश कुमार मेहरोलिया ने डालमिया कंपनी के उत्कृष्ट उत्पादन के बारे में लोगों को जानकारी दी। साथ ही सीमेंट को सीमांचल के लोगों के लिए रामबाण बताया ।पूर्णिया इकाई के तकनीकी इंजीनियर मुकेश कुमार , मनीष कुमार ,दीनानाथ पांडे ,इकराम उल हक आदि ने डालमिया के बारे में विस्तार पूर्वक गुणवत्ता के बारे में बताया । क्षेत्र के अधिकृत विक्रेता पूर्व प्रमुख प्रकाश मंडल ने सभा को संबोधित करते हुए सीमेंट की विशेषताओं के बारे में बताया, साथी उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। मौके पर पंचायती राज पदाधिकारी प्रवीण कुमार, प्रमुख प्रतिनिधि संतोष कुमार उर्फ पप्पू ,मुखिया संघ के अध्यक्ष सह मुखिया मनीष ठाकुर, राजकुमार भारती, पूर्व मुखिया सुरेश कुमार, युवा नेता दिलखुश झा, दीपक मंडल, जदयू नेता मनोज कुमार मंडल, समिति सदस्य अमरेंद्र माधव, सुमन शर्मा, प्रफुल्ल मंडल सुनील शर्मा आदि ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली की बधाई दी ।

### मनिहारी में बढ़ती चोरी की घटना से व्यवसायी में दहशत व्याप्त



मदरलैण्ड संवाददाता, कटिहार। मनिहारी नगर क्षेत्र अन्तर्गत बाजार क्षेत्र मे एक के बाद एक बढ़ती चोरी की घटना से दुकानदार भयभीत हैं। मनिहारी रेलवे स्टेशन के पास ड्राईफ्रूट की दुकान मे बीती रात चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया ।वार्ड नं एक निवासी प्रवीण सिंह की शिकायत पर जीआरपी पुलिस ने मौका ए मुआईना किया। घटना की सत्यता की जांच पड़ताल की जा रही है ।पीड़ित दुकानदार प्रवीण सिंह के अनुसार चोरों ने उसके दुकान से कीमती ड्राईफ्रूट्स की चोरी कर ली ।इसके पूर्व अम्बेडकर चौक स्थित राजा हार्डवेयर की दुकान मे चोरों ने चोरी कर ली थी ।उनके दूकान से भी चोरों ने कीमती सामान उड़ा ले गये थे ।शहरी क्षेत्र मे एक के बाद एक चोरी की घटना से चिंतातुर्र हैं ।समाज सेवी करण मानस, काजल कुमार मित्रा ने त्योहारी सीजन मे दुकानदारों के लिए भयमुक्त वातावरण उपलब्ध कराने की मांग की है।

### जन वितरण प्रणाली के बिक्रेताओं की बैठक



मदरलैण्ड संवाददाता, कटिहार। फलका प्रखंड क्षेत्र के हथवाड़ा पंचायत के मुखिया भारती कुमारी की अध्यक्षता में उनके निज कार्यालय में जन वितरण प्रणाली के बिक्रेताओं की एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनवितरण विक्रेताओं ने भाग लिया। बैठक में मुखिया भारती कुमारी ने जनवितरण विक्रेताओं को संबोधित करते हुए कहा की राशनकार्ड धारी परिवारों को सरकार द्वारा निर्धारित अनाज, किरासन उचित मूल्य पर वितरण करें। लाभुको के साथ अच्छा व्यवहार रखें अगर कोई डीलर का लाभुक से शिकायत पाया गया उन पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा जिस जन वितरण प्रणाली के दुकानदार से लाभुक खुश रहेंगे उसे प्रोत्साहित किया जाएगा। पंचायत सरकार भवन में समारोह आयोजित कर सम्मानित किया जायेगा। उन्होंने यह भी कहा आम जनता की सेवा के लिए हर वक्त तात्पर्य रहूंगी। बैठक में विमल मालाकार, देवनारायण ऋषि, प्रमोद कुमार साह, धनंजय झा, निशा परवनि विकेश कुमार, सुन्दर ऋषि, संतोष कुमार झा गौतम मालाकार जन वितरण प्रणाली के विक्रेता मौजूद रहे।

### शराब के साथ एक गिरफ्तार भेजा जेल




मदरलैण्ड संवाददाता, कटिहार। हसनगंज थाना पुलिस-उत्पाद विभाग एवं एएलटीएफ टीम ड्रोन के द्वारा की संयुक्त छापेमारी में देशी शराब के साथ एक शराब महिला कारोबारी को बुधवार को गिरफ्तार किया गया है। सूत्र से मिली जानकारी के मुताबिक कि हसनगंज थाना स्थित जगरनाथपुर पोखर के मुख्य सड़क से छापेमारी के दौरान फूलकुमारी देवी साकिन जगरनाथपुर को 5 लीटर देशी चुलाय शराब के साथ गिरफ्तारी किया। थाना अध्यक्ष रामचंद्र मंडल ने जानकारी देते कहा कि देशी शराब के साथ एक के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज कर लिया गया है। जिसका मामला 27/22 के तहत कांड सख्या दर्ज कर लिया गया है। उन्होंने कहा कि ड्रोन द्वारा छापेमारी अभियान चलाया गया था उत्पाद विभाग, एएलटीएफ टीम पुलिस बल के सहयोग से गिरफ्तार किया गया है। बता दे कि पुलिस प्रशासन शराब बंदी को सफल बनाने को लेकर पूरी तरह से चौकस है। इस को लेकर लगातार पुलिस बल के सहयोग से थाना क्षेत्र में छापेमारी अभियान चलाई जा रही है। इस को लेकर सूबे की सरकार सख्त नियम बनाये है। शराब बेचने वाले एवं शराब पीने वाले के खिलाफ सख्ती बरती जा रही है।

# अपराधियों ने अधेड़ की गोली मारकर की हत्या

» मदरलैण्ड संवाददाता



कटिहार। बीती रात बेखौफ अपराधियों ने 45 वर्षीय एक व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी। घटना की चश्मदीद महिला पर भी अपराधियों ने गोली चलाई। जो उसके पैर में लगी। किसी तरह महिला ने अपनी जान बचाई। घटना नगर थाना क्षेत्र के एफसीआई चौक के समीप की है। घटना को अंजाम देने के बाद अपराधी वहां से फरार हो गए। गोली लगे घायल शैलेंद्र सिंह को इलाज के लिए दो बच्चों के द्वारा सदर अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक गौशाला का रहने वाला था। घटना की जानकारी मिलते ही नगर थाना पुलिस सदर अस्पताल पहुंचकर जांच में जुट गई।

घटना के बारे में घायल महिला माला देवी ने बताया कि वह काम कर वापस अपने घर एफसीआई चौक जा रही थी। इसी दौरान उन्होंने कुछ लड़कों को एक व्यक्ति को पीटते देखा और वह वहीं रुक कर देखने लगी। इतने में ही मारपीट कर रहे युवक ने गोली चला दी। गोली की आवाज सुनकर महिला काफी डर गई और वहां से भागने लगी। घटना को अंजाम देने वाले अपराधियों ने महिला को भागते देख लिया और उनपर फायरिंग कर दी। गोली महिला के पैर में लगी और वह किसी तरह दूसरे के घर में घुसकर अपनी जान बचाई। बाद में परिजनों के द्वारा उस महिला को इलाज के लिए सदर अस्पताल में एडमिट कराया गया है ।इधर मृतक शैलेंद्र सिंह के पिता रामविलास सिंह ने बताया कि गोलू और छोटू ने ही उनके पुत्र पर गोली चलाई है। गोली मारने के कारण पर उन्होंने बताया कि उन दोनों का उनके पुत्र के साथ पैसे का लेनदेन था। इसी वजह से उनके पुत्र की गोली मारकर हत्या कर दी। फिलहाल इस घटना के बाद शहर में काफी दहशत का माहौल है। देर शाम हुए इस घटना को लेकर चर्चा का बाजार गर्म है। इधर पुलिस घायल महिला और मृतक के परिजनों का फर्द बयान लेकर आगे की तफ्तीश में जुट गई है।

# जीविका दीदी ने प्रखंड प्रमुख नीलू देवी को बांस निर्मित सामग्री किए भेंट



» मदरलैण्ड संवाददाता

कटिहार। हसनगंज प्रखंड के जीविका से जुड़ी दीदी ने बॉस से निर्मित के सामग्री फूल गुलदस्ता और कलम स्टैंड प्रखंड प्रमुख नीलू देवी को भेंट किया गया। जानकारी के मुताबिक जीविका समूह के प्रतिभा वेणु शिल्प व जीविका उत्पादक समूह द्वारा बंबू से बने सामग्रियों का निर्माण करते है। इस के साथ ही क्षेत्र की महिला जीविका से जुड़ कर अन्य कार्यों में बेमिसाल कायम कर रही है। इस दौरान जीविका दीदी रिंकी देवी आदि ने मिल कर प्रखंड प्रमुख नीलू देवी को बांस से निर्मित बने सामग्री देकर गौरव की साहस की। बता दें कि बीते दिनों समाज सुधार यात्रा के दरमियान सीमांचल क्षेत्र के पूर्णिया जिले पहुंचे बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को रिकी देवी ने उन्हें बॉस से निर्मित लैम्प भेंट किया था। इस अवसर पर प्रखंड प्रमुख नीलू देवी ने कहा कि मुझे जीविका दीदियों के ओर से बांस से निर्मित सामग्री प्रदान किया गया है। उन्होंने जीविका से जुड़ी प्रखंड के तमाम जीविका दीदियों को जीविका से जुड़कर बेहतर करने की बात कही।

# चार सूत्री मांगों के समर्थन में थाना के समक्ष धरना प्रदर्शन काली पट्टी बांध जताया विरोध



» मदरलैण्ड संवाददाता

कटिहार। चार सूत्री मांगों के समर्थन में बुधवार को जन क्रांति मोर्चा के संयोजक ई.शाह फैसल के नेतृत्व में धरना प्रदर्शन का आयोजन थाना मुख्य द्वार के सामने अपने समर्थकों के साथ किया। विरोध जता रहे जन क्रांति संयोजक ई.फैसल ने अपने संबोधन में कहा बारसोई अनुमंडल क्षेत्र किसान

मजदूरों और गरीबों का क्षेत्र है ।यहां लोग एक गाँव से दूसरे गाँव खेत खलिहान जाते हैं ।या अपने नजदीकी बाजार वाहन जांच के नाम पुलिस पर अवैध वसूली सहित अन्य

कई आरोप लगाए ।ड्राइविंग लाइसेंस बनाने को लेकर प्रखंड कार्यालय में शिविर लगाकर बनाया जाय ।इतना हीं नहीं जमकर विरोध जताते हुए संयोजक सहित उनके साथ धरना प्रदर्शन में बैठे समर्थकों ने हाथ में काली पट्टी बांध वाहन जांच के नाम पुलिस की कार्यशैली पर सवाल खड़े किये। वहीं धरना प्रदर्शन पर पहुंचे बीडीओ सुनील कुमार सीओ संजय कुमार पहुँचे जिनको मांग पत्र सौंपते हुए धरना प्रदर्शन समाप्त किया गया ।इस दौरान आजमनगर थानाध्यक्ष मानुतोष कुमार पूरे दल बल के साथ सक्रिय नजर आये ।प्रदर्शन के दौरान ई.शाह फैसल, मो.फाएज, रिजवान राही, फैजल इलाई, सलमान, मोजाम साहब, मंटू राय, जिला परिषद मो.आफताब ताज, सगीर, मामून रसीद, परवेज, तारिक, फारूक, रोशन, जमील आदि लोग मौजूद रहे ।वहीं आजमनगर थानाध्यक्ष मानुतोष कुमार ने कहा वाहन जांच एक रूटीन वर्क के तहत किया जाता है।

# जिले में 12 से 14 साल के 1.71 लाख बच्चों को कोरोना टीका लगाने का लक्ष्य

» मदरलैण्ड संवाददाता



- जिले के सभी प्रखंडों में चिह्नित स्थलों पर किया गया विशेष टीकाकरण सत्र संचालित
- संक्रमण के खतरों से बच्चों की सुरक्षा के लिहाज से टीकाकरण जरूरी

कटिहार। जिले में 12 साल से अधिक व 14 साल से कम आयु वर्ग के बच्चों के टीकाकरण की प्रक्रिया बुधवार से शुरू हुआ। राष्ट्रीय टीकाकरण दिवस के मौके पर इस विशेष अभियान की शुरूआत की गयी। अब तक 15 साल से अधिक आयु वर्ग के सभी लोगों को कोरोना का टीका लगाया जा रहा था। इससे कम उम्र के बच्चों की बड़ी आबादी अब तक टीकाकरण से वंचित थी। लिहाजा इस आयु वर्ग के बच्चों के संक्रमित होने का खतरा अधिक था। इससे सुरक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से जारी 12 से 14 साल के बच्चों के टीकाकरण की प्रक्रिया को महत्वपूर्ण माना जा रहा है। बुधवार को निर्धारित आयु वर्ग के बच्चों के टीकाकरण को लेकर जारी अभियान की विधिवत शुरूआत की गयी।

**जिले में 1.71 लाख बच्चों को टीकाकृत किये जाने का लक्ष्य :**

टीकाकरण अभियान से संबंधित जानकारी देते हुए डीआईओ डॉ डीएन झा ने बताया कि जिले में 12 से 14 साल के कुल 1.71 लाख बच्चों को टीकाकृत करने का लक्ष्य है। इसे लेकर जरूरी तैयारियों की गयी है। सभी प्रखंडों में चयनित स्थलों पर सत्र का संचालन किया जा रहा है। ताकि सुविधाजनक रूप से बच्चों को कोरोना का टीका लगाया जा सके। उन्होंने बताया कि अब तक 15 साल से अधिक आयु वर्ग के लोगों को कोरोना का टीका लगाया जा रहा था। इससे कम आयु के बड़ी संख्या में बच्चे कोरोना टीकाकरण से वंचित थे। अब टीकाकरण की प्रक्रिया में 12 से 14 साल के बच्चों को भी शामिल कर लिया गया है। जो महामारी जनित खतरों से बचाव के लिहाज से महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि अब तक यह तथ्य पूरी तरह जाहिर हो चुका है कि टीकाकरण कोरोना संक्रमण से बचाव का महत्वपूर्ण जरिया है। उन्होंने तमाम अभिभावकों से अपील करते हुए इस आयु वर्ग के अपने बच्चों को टीकाकृत करने व दूसरों को भी इसके लिये प्रेरित करने की अपील की।

**सभी प्रखंडों में चिह्नित स्थलों पर सत्र आयोजित :**

डीपीएम स्वास्थ्य डॉ किशलय कुमार ने बताया कि जिले के सभी प्रखंडों में चयनित स्थलों पर सत्र का संचालन किया जा रहा है। चिह्नित स्थलों पर वैक्सीन की पर्याप्त मात्रा व अन्य जरूरी संसाधन के साथ-साथ प्रशिक्षित कर्मियों की प्रतिनियुक्ति की गयी है। बच्चों को कोबेर्वेक्स का टीका लगाया जाना है। बच्चों को 28 दिनों के अंदर टीका का दोनों डोज लगाये जाने की बात उन्होंने कही। डीपीएम ने कहा कि बच्चों के टीकाकरण की प्रक्रिया को सुविधाजनक बनाने को लेकर सभी जरूरी प्रयास किये गये हैं। इसके लिये सभी केंद्रों पर ऑन स्पॉट रजिस्ट्रेशन की सुविधा उपलब्ध करायी गयी है। जिले में 1.71 लाख बच्चों के टीकाकरण का लक्ष्य है।

## छात्र -छात्राओं ने शिविर में पहुंचकर टीकाकरण लेने में रुचि दिखाई

# शिविर में छात्र अनुशासित होकर भाग ले रहे है:मनीषा



» मदरलैण्ड संवाददाता

कटिहार। स्वास्थ्य विभाग द्वारा 12 से 14 वर्ष के छात्र छात्राओं को कोविड-19 का टीका करण का शिविर लगाकर टीकाकरण देने का कार्य प्रारंभ हो गया है।12 वर्ष से 14 वर्ष के आयु वर्ग के बच्चों ने पहली बार कोविड-19 का टीकाकरण शिविर पहुंचकर टीकाकरण लेने में रुचि दिखाई। 15 वर्ष से 18 वर्ष के बीच आयु वाले बच्चे भी कोविड-19 का टीकाकरण विभिन्न केंद्र पर ले रहे हैं। जिले के विभिन्न प्रखंड में स्वास्थ्य विभाग के देखरेख में टीकाकरण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शहर के विभिन्न वार्ड एवं के विभिन्न सरकारी विद्यालय में कोविड-19 का टीकाकरण शिविर चलाया जा रहा है। एच ई हाई स्कूल कटिहार में प्रतिनियुक्त जीएनएम मनीषा कुमारी ने बताया कि 15 वर्ष से 18 वर्ष के बीच आयु वाले बच्चे प्रतिदिन 30 से 40 की संख्या में टीकाकरण केंद्र में पहुंचकर कोविड-19 का टीकाकरण ले रहे हैं। आज से वर्ष 12 से लेकर 14 वर्ष के आयु वाले बच्चे भी टीकाकरण शिविर में पहुंचकर कतार में लगकर अपने-अपने बारी आने का बड़े ही अनुशासित ढंग से इंतजार कर रहे थे। सभी बालिक एवं बालिकाएं बड़े ही उत्साह पूर्ण होकर टीकाकरण शिविर में लिया। छात्र प्रियांशु कुमार ने बताया कि शिविर में प्रतिनियुक्त जीएनएम एवं एवं के द्वारा बड़े ही सहजता पूर्वक व्यवहार के साथ-साथ बच्चों को कोविड-19 के बारे में विस्तार से जानकारी दिया खासकर एचडी उच्च विद्यालय में प्रतिनियुक्त जीएनएम मनीषा कुमारी ने शिविर में आए सभी छात्र-छात्राओं को कोविड-19 की जानकारी देने के साथ-साथ सहयोगात्मक भावनाओं से कार्यों का निष्पादन किया जा रहा था इनके कार्यशैली से हम सभी छात्र खुश हैं उन्होंने कहा कि इन की कार्यशैली का प्रेरणा शिविर में प्रतिनियुक्त सभी जीएनएम एवं एएनएम को लेनी चाहियें। उधर मध्य विधालय चकला खैरा परिसर में लगाया गया। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा0 विनय कुमार सिंह ने बताया कि कोविड-19 का टीका 12 से 14 वर्ष के छात्र छात्राओं को आज से शुरू हो गई है। जिसमें 21 छात्र छात्राओं को पहले दिन दिए गए कोविड-19 का टीका लगाया गया। जिसके उपरांत छात्र-छात्राओं में खुशी देखी गई। इस अवसर पर स्वास्थ्य प्रबंधक देवभूषण, ए.एन.एम रंभा कुमारी, निशा प्रिया, कुन्दन कुमार, आशा फैसिलिटेटर आशा कर्मी आदि मौजूद थे।

# होली को लेकर निकाला गया फ्लैग मार्च



» मदरलैण्ड संवाददाता

कटिहार। होली पर हुड़दंग करने वालों से पुलिस सख्ती से निपटेगी ।बुधवार को कदवा थाना क्षेत्र के शहरी एवं देहाती क्षेत्र में फ्लैग मार्च कर पुलिस ने इसका संकेत भी दे दिया ।पूरे क्षेत्र में पुलिस की प्रमुख उपस्थिति दर्ज कराने के उद्देश्य से फ्लैग मार्च प्रमुख व्यावसायिक मार्गो के साथ गली-मोहल्लों में भी किया गया ।पुलिस महानिरीक्षक के निर्देश पर कदवा पुलिस द्वारा थाना क्षेत्र में फ्लैग मार्च निकाला गया ।फ्लैग मार्च के दौरान कदवा थानाध्यक्ष रंजय कुमार सिंह, प्रखंड विकास पदाधिकारी विशाल आनंद सहित दर्जनों की संख्या में बिहार पुलिस एवं बीएसएफ एक जवान ने कदवा थाना से फ्लैग मार्च की शुरूआत की और डाकबंगला होते कदवा, सोनैली, नुनगरा, महम्मदपुर, दुगार्गंज है हलधरपुर होते चांदपुर चौक से रानिकोला परभेली से भर्री होते हुए कुम्हड़ी तक फ्लैग मार्च निकाला गया ।लगभग चार घंटे तक शहरी एवं देहाती क्षेत्र के गली-मोहल्लों एवं प्रमुख मार्गो में फ्लैग मार्च कर पुलिस ने अपनी प्रभावी उपस्थिति दर्ज कराई ।सबसे आगे थाना की गाड़ी एवं कई वाहन में पुलिस बल और एक एम्बुलेंस तथा उसके पीछे-पीछे दर्जनों मोटरसाइकिल में कदवा पुलिस के जवान एवं बीएसएफ के जवानों का काफिला चल रहा था ।वही होलिका दहन एवं होली के दिन क्षेत्र में शांति पूर्ण वातावरण बना रहे इसके लिए शुरक्षा का पुख्ता इंतजाम किया गया है ।पर्व की आड़ में हुड़दंग करने वालों से सख्ती से निपटा जाएगा।

**हुड़दंगियों पर रहेगी नजर**

होली पर्व पर पुलिस की नजर हुड़दंगियों पर खास रहेगी ।और इस दौरान पुलिस बल भी शांति व्यवस्था के मद्देनजर ड्यूटी अलग-अलग मार्गो और थाना क्षेत्रों में तैनात रहेगी ।पुलिस अधिकारी भी थाना क्षेत्र में भ्रमण करके व्यवस्था का जायजा लेंगे।

# प्रखंड स्तरीय सरपंच संघ की बैठक संपन्न: इनेश गिरी




» मदरलैण्ड संवाददाता

बेतिया। मैनाटांड़ जेपी संतोष प्रखंड कार्यालय परिसर में बुधवार के दिन सरपंच संघ की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता सरपंच संघ के प्रखंड अध्यक्ष इनेश गिरी ने किया। बैठक में कई मुद्दों पर विचार विमर्श किया गया तथा संगठन को मजबूती से आगे ले जाने पर विचार विमर्श किया गया। प्रखंड अध्यक्ष सह इनरवा पंचायत के सरपंच इनेश गिरी ने बताया कि अगर हम सभी एकजुट होकर कार्य करें तो सरकार भी पंचायती राज अधिनियम पर ध्यान देगी। श्री गिरी ने बताया कि अपने ग्राम कचहरी में आप लोग अधिक से अधिक मामलों का निष्पादन करें ताकि गरीब तबके के लोगों को कोर्ट कचहरी का चक्कर नहीं लगाना पड़े तथा उन्हें अपने ग्राम पंचायत में ही न्याय मिल सके। वहीं सरपंच संघ के अध्यक्ष ने प्रखंड विकास पदाधिकारी को अपना मांग पत्र भी सौंपा जिसमें नोटिस तामील कराने के लिए चौकीदार, जिन पंचायतों में न्याय मित्र एवं सचिव का पद रिक्त है उसे जल्द से जल्द भरने के लिए भी आग्रह किया गया। मौके पर बीरबहादुर पासवान, संजय विश्वा, शेषनाग प्रसाद, युगल राम, नेसार अहमद, उषा देवी, रेखा शर्मा, फैयाज आलम, मोतिउर रहमान आदि उपस्थित थे।

# बलरामपुर में रोजगार सह स्वरोजगार मेला का हुआ आयोजन

## 152 से अधिक युवक युवती ने रोजगार के लिए नामांकन

» मदरलैण्ड संवाददाता




कटिहार। बलरामपुर प्रखण्ड प्रांगण में रोजगार सह स्वरोजगार मेला का आयोजन किया गया ।जिसमें बेरोजगार युवक युवती के लिए रोजगार देने के कई कंपनी के स्टाफ आए थे।

जिला परियोजना प्रबंधक शुभ रंजन कुमार ने बताया कि ये दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना के तहत जीविका के द्वारा बेरोजगार के लिए योजना चलाया जा रहा है। जिससे गाँव के युवक इससे लाभान्वित हो रहे हैं।

प्रखण्ड परियोजना प्रबंधक सुनील कुमार ने बताया कि आज के रोजगार मेला मे 152 से अधिक युवक युवती ने नामांकन किया है ।इससे पहले भी बलरामपुर प्रखण्ड के 168 युवक युवती को इससे पहले ईन योजना से नौकरी मिल चुका है और बड़े बड़े शहर में ये लोग काम पे लगे हुए हैं।

### होली में नहीं बजेगा डीजे, हुड़दंग करने वालों पर होगी कार्रवाई

# साठी थानाध्यक्ष उदय कुमार की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ शांति समिति बैठक

» मदरलैण्ड संवाददाता



बेतिया। साठी थाना परिसर में बुधवार को होली व शब-ऐ-बरात को लेकर शांतिपूर्ण रुप से संपन्न कराने हेतु साठी थानाध्यक्ष उदय कुमार की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक आयोजित की गयी। इस अवसर पर साठी थाना क्षेत्र के सभी पंचायतों से नव निर्वाचित जनप्रतिनिधि और गणमान्य नागरिक मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उपस्थित जनप्रतिनिधि, समाजसेवी व आम जनता को संबोधित करते हुए साठी थानाध्यक्ष उदय कुमार ने कहा कि डीजे पर पूर्णतया प्रतिबंध रहेगी।डीजे बजाने वालों को चिन्हित कर उनके उपर पर होगी प्राथमिकी। बैठक में साठी थानाध्यक्ष उदय कुमार ने होली के अवसर पर सभी गांवों में शराब पर पूर्णतया प्रतिबंध लगाने की अपील की है।उन्होंने कहा कि होली में शराब पीकर हुड़दंग करने वालों पर गुंडा एक्ट के तहत कार्रवाई होगी। शांति समिति की बैठक में भाग लेने वालों में जिला पार्षद कलीम गफ्फार, मुखिया लाल बहादुर साह, वीरेंद्र उपाध्याय, दीपु तिवारी, इंसान वेलफेयर फाउंडेशन के पदाधिकारी सह समाजसेवी जनाब एकरामुल हक,भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी के जिला स्तरीय वरीय नेता सुनिल कुमार वर्मा उर्फ गंगा वर्मा, तारिक अनवर, मुखिया नवीन प्रसाद, सन्नी दुबे,आदि शामिल थे।

# भुईधरवा पंचायत के बासी नदी की सफाई कार्य से मजदूरों को मिला रोजगार-उपमुखिया पति मनोज पाण्डेय

### मजदूरों ने कहा--भरण पोषण के लिए दूसरे प्रदेश नही जाना पड़ेगा



» मदरलैण्ड संवाददाता

बेतिया। भितहा प्रखंड के भुईधरवा पंचायत के वार्ड नम्बर 01 में मनरेगा के तहत हो रहे बासी नदी की सफाई कार्य प्रवासी मजदूरी को कार्य मिलना सुरु हो गया है ।काम मिलने से मजदूरों के चेहरे पर खुशी की लहर झलक रही है ।अब मजदूरों का पलायन रुक गया है ।पहले मजदूर दूसरे प्रदेश में जाकर मजदूरी किया करते थे ।अब भितहा प्रखण्ड के सभी पंचायतों में काम मिलना सुरु हो गया है ।भुईधरवा पंचायत में बासी नदी में इस बार सफाई का कार्य सुरु हुवा है ।इस सफाई कार्य मे दर्जनों से आधी मजदूरों को काम मिला है ।काम कर रहे मजदूरों ने बताया कि वे सभी घर परिवार से दूर दूसरे प्रदेश में जाकर मजदूरी का काम करते थे ।लेकिन अब मनरेगा योजना के तहत गांव में ही काम मिलना सुरु हो गया है जिसके चलते दूसरे प्रदेश जाने की जरूरत नही है ।वही भुईधरवा पंचायत के वार्ड नम्बर01 के सदस्य पति तथा उप मुखिया पति मनोज पाण्डेय ने बताया कि जिन मजदूरों द्वारा काम कराया जा रहा है समय से उनके खाता में राशि भेज दी जाएगी । तथा कार्य कर रहे मजदूरों ने जिलाधिकारी कुंदन कुमार के साथ साथ भितहा प्रखंड विकाश पदाधिकारी पन्नलाल ,व उपमुखिया पति मनोज पाण्डेय को धन्यवाद दिया ।तथा खबर लेने के क्रम में मजदूरो में खुशी की लहर देखने को मिला।

# रंगों के इस त्यौहार में बाजारों में दिखी रौनक दुकानें सजी



» मदरलैण्ड संवाददाता

बेतिया। मैनाटांड़ होली पर्व को ले खरीदारी शुरू हो चुकी है। दुकानदारों ने भी ग्राहकों की डिमांड को देखते हुए रंग-बिरंगी पिचकारी लेकर आए हैं। बच्चों को आकर्षित करने के लिए दुकानदारों ने अपनी दुकान को सजा रखा है। पिचकारी के साथ ही चिप्स-पापड़, होली टी-शर्ट का भी बाजार सज चुका है। होली पर्व से पहले प्रखंड के सभी बाजारों में 2 दिन पहले से रौनक दिखने लगी है। मैनाटांड़, इनरवा, पिडारी, पुरुषोत्तमपुर, भंगहा, रामपुर आदि बाजारों में दुकानें सज चुकी हैं। होली को देखते हुए कारोबारी तमाम तरह की वैरायटी के चिप्स-पापड़ के अलावा पिचकारी लेकर आएं हैं। बच्चों का पूरा ख्याल रखा गया है। बच्चों के लिए पंप पिचकारी के साथ ही टैंक की पिचकारी भी आई है। सस्ती से लेकर महंगी पिचकारी दुकानों की शोभा बढ़ा रही हैं। रंग-बिरंगी पिचकारी को देखकर बच्चों ने जिद शुरू कर दी है।

## संक्षिप्त समाचार

### तरैया थाने में विभिन्न कांडों में जप्त 83.80 लीटर देशी और विदेशी शराब किया गया विनष्ट

मदरलैंड संवाददाता, सारण। तरैया थाना परिसर में बुधवार को विभिन्न कांडों में जब 83.80 लीटर देशी और विदेशी शराब को विनष्ट किया गया। वरीय पदाधिकारी के निर्देश पर उत्पाद विभाग के अधिकारियों की मौजूदगी में जप्त शराब को विनष्ट किया गया। इस दौरान दंडाधिकारी के रूप में मौजूद अंचल निरीक्षक योगेंद्र कुमार सिंह, उत्पाद विभाग के अवर निरीक्षक अशोक कुमार, तरैया थानाध्यक्ष राजीव रंजन कुमार सिंह, चौकीदार हैदर अली, जुलिस मांझी, रामेश्वर मांझी समेत अन्य पुलिस कर्मी उपस्थित थे।

### गेहूं के खेत में 15 लीटर शराब के साथ एक गिरफ्तार

मदरलैण्ड संवाददाता, बेतिया। मैनाटांड़ इनरवा थाना क्षेत्र के एक गांव से गेहूं के खेत में 15 लीटर शराब बरामद की गई। साथ ही एक महिला तस्कर को गिरफ्तार किया गया। इनरवा थाना अध्यक्ष प्रकाश कुमार ने बताया कि झुमका सेनवरिया गावं में पुलिसिया कार्रवाई की जा रही थी। जिसके दौरान गेहूं के खेत में पांच 5-5 लीटर का 3 पैकेट का 15 लीटर शराब जब्त किया गया। उसी दौरान सभी तस्कर फरार हो गया। फरार तस्कर को चिन्हित कर लिया गया। सुखिया देवी, सीमा देवी और शीला देवी तीनों महिला तस्कर पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। थानाध्यक्ष ने बताया कि फरार तस्कर में से एक महिला तस्कर सुखिया देवी को गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया कि सुखिया देवी पर 2021 में 20 क्विंटल मीठा का मामला पहले से दर्ज था।

### यूपी मर्डर केस मामले में इनरवा थाना क्षेत्र से एक गिरफ्तार

मदरलैण्ड संवाददाता, बेतिया। मैनाटांड़ इनरवा थाना क्षेत्र के बरवा परसौनी से एक व्यक्ति को उत्तर प्रदेश पुलिस ने गिरफ्तार कर ले गई। इनरवा थाना अध्यक्ष प्रकाश कुमार ने बताया कि उत्तर प्रदेश के गुलरिया थाना क्षेत्र अंतर्गत मजदूरी करने गए बरवा परसौनी के नागेंद्र राम को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश पुलिस का कहना है कि नागेंद्र राम के नाम से एक कमरा बुक था उस कमरे में तीन दोस्त रहकर मजदूरी करते थे। इसके कमरे के बगल वाले कमरे में एक लड़के की हत्या कर दी गई और उसकी लाश ठेला पर लेकर ठिकाने लगाए जा रहे थे, उसी दौरान सीसीटीवी कैमरे में नागेंद्र राम के दो दोस्त की तस्वीरें कैद हो गई और दोनों दोस्त फरार हो गए। इसी सिलसिले में पूछताछ के लिए नागेंद्र राम को गिरफ्तार कर गोरखपुर के गुलरिया थाना ले जाया गया।

### होटल में घुस गई तेज रफ्तार गाड़ी, चार लोगों की दर्दनाक मौत, कई घायल

मुजफ्फरपुर : बिहार के मुजफ्फरपुर में रफ्तार का कहर देखने को मिला है, जहां एक तेज रफ्तार टाटा सुमो गाड़ी अनियंत्रित होकर एक होटल में घुस गई। इस हादसे में चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। करीब 6 लोग घायल है। डीएसपी पूर्वी मनोज पांडेय ने दर्जनाक हादसे की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि तेज रफ्तार गाड़ी से ये घटना हुई है।

# गांव और शहर से गुम हुआ सदियों पुराना फाग (पारंपरिक होली गीत)--धनन्जय यादव





» मदरलैण्ड संवाददाता

बेतिया। भितहा सामाजिक समरसता की पहचान रखने वाला होली का त्योहार धीरे-धीरे जाति और समूह के दायरे में बंट रहा है। प्राचीन परंपराएं भी तेजी से खत्म हो रही हैं। एक समय था जब शहरों में भी ढोल-मजीरे के साथ फगुआ के गीत गाए जाते थे, अब शहरों की कौन कहे, गांवों में भी यह परंपरा लोगों को भूल गई हैं।

एक दशक पहले तक फाल्गुन की आहट मिलने लगती थी। शहरों से लेकर गांवों तक फाग गाने और ढोलक की थाप सुनाई देने लगते थे। यह परंपरा बंद हो जाने के पीछे कुछ जीवन शैली में बदलाव को मानते हैं। मच्छहा निवासी धनन्जय यादव कहते है कि प्रेम सौहार्द के इस त्योहार में लोग दुश्मन के भी गले लग जाते थे। पहले होली एक महीने तक चलने वाला त्योहार था। हर गांव में एक महीने तक ढोल और मंजीरे बजते थे। लेकिन अब एक दूसरे के साथ तालमेल के अभाव, कद्रदानों की कमी और गांवों से तेज होते पलायन के चलते यह पुरानी परंपरा दम तोड़ रही है। युवा पीढ़ी को तो फगुआ गीतों के बोल तक याद नहीं है। फगुआ के गीतों में पति-पत्नी, प्रेमी प्रेमिका, देवर-भाभी के रिश्तों में हास्य का पुट तो होता ही था, धार्मिक गीतों को भी शामिल किया जाता है। इनकी जगह फूहड़ गीत बजने लगे हैं। बलुआ निवासी दुर्गेश कुमार गुप्ता( पत्रकार भितहा )व राजकुमार यादव बलुआडवा निवासी पुराने दिनों को याद करते हुये कहते हैं कि अब पहले वाली होली कहां रही। गांव का हर उत्साह से होली मनाता था। अब तो जाति-पांत की भावना सतह पर आ गई है।

# जनेउवा मसहर टोली मे अलाव से लगी आग तीन घर जल कर हुवे राख



» मदरलैण्ड संवाददाता

बेतिया। ठकराहा प्रखंड क्षेत्र के ठकराहा पंचायत स्थित जनेऊवा मुसहर बसती मे अलाव से लगी आग से तीन घर आग के चपेट मे आ गये है, पैसा बरतन कपडा और आवश्यक दस्तावेज समेत एक मवेशी के झुलसने की खबर है ।सुरेश यादव राजकुमार बीन मनैजर यादव का घर आग के चपेट में आ गये है ग्रामीणों के अथक प्रयास से आग पर काबु पा लिया गया मौके पर अग्नीशामन गाडी पहुँची है आग बुझाने का प्रयास किया जा रहा है इस घटना मे मैनेजर यादव की एक गाय झुलस गई है तथा मोटर साईकिल आगजनी मे नष्ट हो गया है प्रत्यक्ष दर्शियो के अनुसार राजकुमार बीन तथा सुरेश यादव के घर से उपयोग के सभी समान नही निकल सका है ।बताया जा रहा है कि मनैजर यादव के घर में गाय के पास अलाव जलाया गया था गाय था इसी अलाव से सुबह चार बजे आग लग गई और देखते ही देखते आस पास के तीन लोगों का फुस नुमा घर आग के जद में आ गये है।

# नीतीश की 'क्लास' के बाद भारी मन से सदन पहुंचे अध्यक्ष, न्याय दिलाने को दो दिनों से हंगामा कर रहा विपक्ष

पटना : विधानसभा में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और विधानसभा अध्यक्ष के बीच हुए टकराव के बाद आज विजय सिन्हा सदन की अध्यक्षता करने विधानसभा पहुंचे थे लेकिन सदन सिर्फ 20 मिनट तक ही चल सका। अध्यक्ष ने पहले सदन को 2 बजे तक के लिए स्थगित किया। इसके बाद सदन को स्थगित कर दिया गया। पिछले दो दिनों से लगातार विपक्ष आसन के अपमान को लेकर हंगामा कर रहा है। विपक्ष कभी विधानसभा अध्यक्ष के साथ सदन के बाहर आ गया। तमाम विपक्षी विधायकों ने नीतीश कुमार से जवाब की मांग कर रहे हैं। राबड़ी देवी ने कहा उन लोगों के मामले में हम कुछ नहीं बोलेंगे, राबड़ी देवी ने कहा हमें उनके मामले में नहीं पड़ेंगे। राबड़ी देवी ने जेडीयू और बीजेपी पर कटाक्ष करते हुए कहा कि केंद्र में और राज्य में उनकी सरकार है। उन्हीं से जाकर पूछिए, पत्रकारों ने जब राबड़ी देवी से पूछा कि कल विधानसभा अध्यक्ष नहीं आए थे और आज आए तो सिर्फ 20 मिनट में ही उठ गए। इस पर राबड़ी देवी ने कहा- इस पर हमें कुछ नहीं कहना लेकिन विपक्ष का जो काम हैगलत हो रहा है उसका विरोध कर रहा है।'दो दिनों से हंगामे की भेंट चढ़ रहा है सदनबताते चलें कि पिछले दो दिनों से सदन हंगामे की भेंट चढ़ रहा है। विपक्ष सदन के बाहर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से जवाब मांग रहा है। आरजेडी विधायक और मुख्य प्रवक्ता भाई वीरेंद्र ने कहा है ये मुख्यमंत्री की जिम्मेदारी है कि आसन का सम्मान बना रहे। सदन उन्हें अपमानित ना करें। भाई वीरेंद्र ने कहा 'मुख्यमंत्री ने संविधान की धज्जियां उड़ा दी है और आसन को निर्देशित किया है, जो कि संविधान का अपमान है, मुख्यमंत्री बिहार में अधिकारियों का और ब्यूरोक्रेट्स का राज चाहते हैं।माली विधायक संदीप सौरभ ने कहा ' लॉयन ऑर्डर के मामले पर जो विवाद विधानसभा के अंदर हुआ था उस पर अभी तक सरकार ने जवाब नहीं दिया है, सदन के अंदर मुख्यमंत्री और विधानसभा अध्यक्ष के तरफ से कई बार संविधान को चोट पहुंचाने का काम किया गया है' उन्होंने आरोप लगाया कि अध्यक्ष बीजेपी और आरएसएस की विचारधारा को लाने की कोशिश कर रहे हैं।

### मुखिया प्रतिनिधि ने किया होली मिलन समारोह

# होली आपसी सौहार्द और भाईचारा का त्यौहार--वीरेंद्र तिवारी



» मदरलैण्ड संवाददाता

बेतिया। ठकराहा प्रखंड क्षेत्र की ठकराहा पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि वीरेंद्र तिवारी ने बिहार सरकार पंचायत भवन पर पंचायत क्षेत्र के सभी वार्ड के वार्ड सदस्य ने होली मिलन मुखिया प्रतिनिधि द्वारा होली समारोह का आयोजन किया. इसमें मनोरंजन के लिए ढोल, झाल, झांझ, हारमोनियम आदि मनोरंजन के साज-सामान के साथ होली गीतों धूम मचायी गयी. मुखिया प्रतिनिधि वीरेंद्र तिवारी, समाजसेवी विनोद तिवारी, क्षेत्र पंचायत समिति सदस्य श्री प्रकाश शाह, कौशल देवान, शारदा राम, संदीप शाह आदि के साथ बीडीसी, सरपंच सभी ने होली गीत गा कर होली का भरपूर आनंद उठाया. होली मिलन समारोह में अवध तिवारी, मुनींद्र तिवारी, तारकेश्वर तिवारी, मनोज कुमार, मुकुल तिवारी, हेमेंद्र,सुदिस कुमार, इरफान अंसारी आदि थे.

# एकदिवसीय प्रमंडल स्तरीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन माननीय मंत्री श्री बादल की अध्यक्षता में किया गया....

» मदरलैण्ड संवाददाता

देवघर। एकदिवसीय प्रमंडल स्तरीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन माननीय मंत्री कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग श्री बादल की अध्यक्षता में किया गया। इस दौरान उपायुक्त सह जिला दण्डाधिकारी श्री मंजूनाथ भजंत्री, पशुपालन निदेशक डॉ0 शशी प्रकाश झा एवं संबंधित विभाग के वरीय अधिकारी व तकनीकी टीम के सदस्य आदि उपस्थित थे। आगे एकदिवसीय प्रमंडल स्तरीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला का शुभारंभ द्वीप प्रज्वलित कर माननीय मंत्री श्री बादल पत्रलेख, उपायुक्त श्री मंजूनाथ भजंत्री व उपस्थित जनप्रतिनिधियों, अतिथियों द्वारा किया गया।



इसके अलावे एकदिवसीय प्रमंडल स्तरीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला के दौरान सभी को संबोधित करते हुए कहा कि कार्यक्रम के आयोजन का मुख्य उदेश्य है कि आप सभी संथाल परगना के छः जिलों से आए हुए पशुपालन विभाग के अधिकारी, चिकित्सक, कर्मचारियों को बेहतर व आधुनिक जानकारियों से अवगत कराया जाय, ताकि ज्यादा से ज्यादा कृषकों एवं पशुपालकों को इसका लाभ मिल सके। संथाल परगना के किसानों को ज्यादा से ज्यादा सुविधाओं का लाभ व जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिले इसी उदेश्य से सभी को कार्य करने की आवश्यकता है। झारखंड में पशुपलान काफी पहले से होता आ रहा है. पशु यहां के किसानों के जीवन का अभिन्न अंग है इसके अलावा कृषि के लिए पशुओं से काफी मदद मिलती है। ऐसे में इस कड़ी को बेहतर बनाते हुए कार्य करने की आवश्यकता है, ताकि कृषि व पशुपालन से यहां के किसानों की आमदनी को बढ़ाया जा सके। इसी उदेश्य से माननीय मुख्यमंत्री जी की अगुवाई में राज्य में पशुपालन को बढ़ावा देने के लिए और किसानों को अतिरिक्त आय दिलाने के लिए राज्य में मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना चलायी जा रही है, ताकि राज्य के ज्यादा से ज्यादा किसानों को आत्मनिर्भर व सशक्त बनाया जा सके। एकदिवसीय प्रमंडल स्तरीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला के दौरान माननीय मंत्री श्री बादल ने कहा कि यह योजना ग्रामीण आबादी के आर्थिक उत्थान में झारखंड में मील का पत्थर साबित हो रही है। झारखंड के गांवो में रोजगार सृजन का यह एक महत्वपूर्ण जरिया बन रहा है। ऐसे में उन्होंने अधिकारियों को निदेशित करते हुए कहा कि अधिक से अधिक पशुपालकों को राज्य में संस्थागत दूध संग्रह प्रणाली से जोड़ने की आवश्यकता है, ताकि अधिक से अधिक लोगों को राज्य सरकार द्वारा दिए जा रहे प्रोत्साहन मूल्य का लाभ मिल सके। वर्तमान में सरकार द्वारा किसानों को समृद्ध बनाने के लिए कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग द्वारा कई तरह की जन कल्याणकारी योजनाओं का संचालन किया जा रहा है, लेकिन कई बार जानकारी के अभाव में योजनाओं का लाभ लेने से किसान वंचित रह जाते हैं। ऐसे में विभाग के अधिकारियों के साथ-साथ जनप्रतिनिधियों से भी अपील होगी कि अपने-अपने क्षेत्र में ज्यादा से ज्यादा किसानों को योजनाओं की जानकारी देते हुए उन्हें भी योजना का लाभ लेने के लिए प्रेरित करें, ताकि सरकार का उद्देश्य पूरा हो सके और किसानों की आय में बढ़ोत्तरी हो सके। आगे उन्होंने जानकारी दी कि राज्य के पशुओं की देखभाल और संरक्षण के मामले में बड़ा फैसला लिया गया है। राज्य सरकार ने राज्य की गौशालाओं में पशुओं को खिलाने के लिए प्रति पशु 100 रुपये प्रतिदिन देने का फैसला किया है। पहले यह राशि 50 रुपये प्रति पशु प्रतिदिन के हिसाब से सिर्फ 6 महीने के लिए दी जाती थी। राज्य सरकार ने इस राशि को एक साल के लिए बढ़ाकर 100 रुपये कर दिया है। जानवरों की देखभाल करना और उनकी रक्षा करना सरकार की जिम्मेदारी है। इसके लिए राज्य पशु कल्याण बोर्ड का गठन किया गया है। उन्होंने कहा कि जानवर अपनी मांग नहीं उठा सकते, वे हमारी संवेदनशीलता पर निर्भर हैं। राज्य पशु कल्याण बोर्ड के माध्यम से उनकी सभी समस्याओं का समाधान किया जाता है।

इसके अलावे उपायुक्त सह जिला दण्डाधिकारी श्री मंजूनाथ भजंत्री ने एकदिवसीय प्रमंडल स्तरीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला के दौरान माननीय मंत्री श्री बादल का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि देवघर जिले में प्रमंडलीय कार्यशाला का आयोजन कराने हेतु धन्यवाद। साथ हीं उन्होंने संथाल परगना के सभी छः जिलों से आए पशुपालन एवं सहकारिता विभाग के अधिकारियों का स्वागत करते हुए कहा कि कृषि, पशुपालन व सहकारिता विभाग का कार्य सेवाभाव एवं चुनौतियों से भरा है। वर्तमान में कृषि व पशुपालन हमारे लिए केवल उद्योग नहीं, बल्कि हमारी जरूरत और संस्कृति है। हम सभी का यह सामुहिक प्रयास होना चाहिए कि इस क्षेत्र में पारंपरिक तौर-तरीकों के साथ वैज्ञानिक पद्धति को जोड़ते हुए सरकार की जनकल्याकारी योजनाओं से कृषकों को लाभान्वित करना, ताकि सही मायने में किसानों को आत्मनिर्भर बनाते हुए उनकी आय को बढ़ाया जा सके। आगे उपायुक्त ने देवघर व दुमका जिला अन्तर्गत गेंदा फूल के साथ साथ अन्य फूलों की खेती को भी बढ़ावा देने की दिशा में कार्य करने की बात कही। साथ ही उन्होंने कहा बाबा बैद्यनाथ मंदिर, बाबा बासुकीनाथ मंदिर एवं अन्य मंदिरों में सालों भर फूलों की खपत होती है। ऐसे में बेहतर बाजार उपलब्धता के साथ यदि स्थानीय लोगों को प्रोत्साहित और प्रशिक्षित कर फूलों की खेती से जोड़ते हुए कार्य करने की आवश्यकता हैं, ताकि इस दिशा में ज्याद से ज्यादा लोगों को रोजगार से जोड़ा जा सके। साथ हीं देवघर जिले को दूध का हब बनाने के उदेश्य से कार्य योजना बनाकर कार्य करने की आवश्यकता है। जिले में आज भी बाहर से दूध की खरीद की जाती है। ऐसे में दूध का हब बनाते हुए दही, खोवा, पनीर, पेड़ा एवं दूध से बनाये अन्य उत्पादों के मामले में देवघर को आत्मनिर्भर बनाया जा सकता है और लोगों को रोजगार के नये अवसर इसके माध्यम से दिये जा सकते हैं। एकदिवसीय प्रमंडल स्तरीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला के दौरान उपायुक्त द्वारा जानकारी दी गयी कि कृषकों को सशक्त करने के उदेश्य से राज्य सरकार की अति महत्वपूर्ण योजना के तहत देवघर जिले के सभी प्रखण्डों में कोल्ड स्टोरेज का निर्माण लगभग पूर्ण कर लिया गया है। साथ हीं दो सोलर एनर्जी के माध्यम से चलने वाले कोल्ड स्टोरेज का कार्य आखिरी चरणों में है, जिससे कि आने वाले समय में यहां के कृषकों को काफी सहुलियत व सुविधा होगी।

इसके अलावे एकदिवसीय प्रमंडल स्तरीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला के दौरान पशुपालन निदेशक श्री शशी प्रकाश झा ने सभी का स्वागत करते हुए कहा कि कार्यक्रम के मुख्य बिन्दुओं व अपने-अपने जिलों में किये जाने वाले कार्यों की वास्तुस्थिति से सभी अवगत कराया। साथ हीं प्रशिक्षकों द्वारा पशुपालन विभाग के अधिकारियों व चिकित्सकों को तकनीकी जानकारियों के साथ स्कील रिसर्च न्यू डेवलपमेन्ट व टेक्नोलॉजी की विस्तृत जानकारी दी गयी। आगे एकदिवसीय प्रमंडल स्तरीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला के दौरान सशक्त व उन्नत कृषक श्री बिषु महरा ने सरकार के सहयोग से अपने द्वारा किये जा रहे कार्यों की जानकारी से सभी को अवगत कराया।

- सरकार की प्राथमिकता कृषि व पशुपालन से जुड़े योजनाओं का लाभ ज्यादा से ज्यादा लाभुकों को मिले :-माननीय मंत्री....
- राज्य सरकार जानवरों के प्रति संवेदनशील :-माननीय मंत्री श्री बादल...
- जिले में दुग्ध उत्पादन व इससे निर्मित (खोवा, पनीर, दही व पेड़ा आदि) खाद्य पदार्थो के उत्पादन को बढ़ावा देने की आवश्यकता :-उपायुक्त....
- माननीय मंत्री श्री बादल ने संथाल परगना के सभी जिलों के जिला पशुपालन पदाधिकारी को प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित....
- एकदिवसीय प्रमंडल स्तरीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला के दौरान आत्मनिर्भर व उन्नत कृषकों ने सुनाई अपनी कहानी....
- एकदिवसीय प्रमंडल स्तरीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला के दौरान नई तकनीक, स्कील रिसर्च, सर्जरी, नई संभावनाओं आदि से प्रशिक्षणार्थियों को कराया गया अवगत....

newsdesk@motherlandvoice.org
editor@motherlandvoice.org



# दूसरी जिंदगी : जगुआर आई-पेस बैटरियों द्वारा शून्य-उत्सर्जन वाली एनर्जी स्टोरेज यूनिट का संचालन

करनालः जगुआर की इंजीनियरिंग टीम ने शून्य-उत्सर्जन ऊर्जा भंडारण यूनिट को विकसित करने के लिए प्रामैक के साथ मिलकर काम किया है। इस यूनिट को सेकंड लाइफ जगुआर आई-पैस बैटरीज से पावर मिलती है, जिन्हें मॉडल और इंजीनियरिंग टेस्ट वाहनों से लिया जाता है। जगुआर लैंड रोवर में सर्कुलर इकोनॉमी टीम के बैटरी मैनेजर, एंड्रयू व्हिटवर्थ ने कहा कि, ह्लयह घोषणा इस बात की शानदार मिसाल है कि किस तरह अपने भविष्य में स्थायित्व लाने और वास्तविक चक्रीय अर्थव्यवस्था को हासिल करने के लिए हम अपने सहयोगियों के साथ साझेदारी में काम करेंगे। हम जगुआर आई-पेस की बैटरियों को दूसरी बार प्रयोग करने के लिए प्रामैक के साथ काम करके काफी उत्साहित है, जो पोर्टेबल रूप में शून्य उत्सर्जन की ताकत देती है। जगुआर लैंड रोवर ने इस सीजन में टीसीएस रेसिंग प्रतियोगिता के आयोजन का समर्थन दिया।




कंपनी के पास इन यूनिटों की क्षमता का प्रदर्शन करने का यह बेहतरीन अवसर था।ह्व

जगुआर टीम रेसिंग के टीम प्रिंसिपल, जेम्स बार्कले ने बताया कि, ह्लफॉर्मूला-ई अपनी शुरूआत के बाद दुनिया का पहला शून्य कार्बन उत्सर्जन स्पोर्ट्स इवेंट हैं। जगुआर टीसीएस रेसिंग कार्बन उत्सर्जन में सुधार करने पर ध्यान देता रहा है। इसके स्टोरेज सिस्टम का प्रयोग हमें नए अक्षय ऊर्जा का समाधान उपलब्ध कराता है। जगुआरझ्र आई पेस की बैटरियों को दूसरी बार प्रयोग इस स्थायी चक्र को पूरा करने में मदद मिलती है। यह नए-नए प्रॉडक्ट्स बनाने के मिशन में टीम का उत्साह दशार्ता है।ह्व

प्रामैक के निदेशक, डैनी जोंस ने कहा कि, ह्लजगुआर लैंड रोवर के साथ करीबी सहयोग से काम करने का सौभाग्य मिला है। जगुआर लैंड रोवर इस सफर में देश में हमारा बेहद महत्वपूर्ण सहयोगी है। इस साझेदारी से हमें मजबूत और ताकतवर वाहनों के निर्माण में मदद मिली है। इसके साथ ही हम बैटरी को दूसरी लाइफ देने के ईवी मॉडयूल्स का इस्तेमाल कर बिजनेस के लिहाज से व्यावाहरिक बनाते हैं।ह्व

# आईपीओ से पहले सुस्त पड़ी एलआईसी की ग्रोथ, निजी कंपनियां निकली आगे

नई दिल्ली, एजेंसी। आईपीओ से पहले देश की सबसे बड़ी सरकारी इंश्योरेंस कंपनी एलआईसी की ग्रोथ सुस्त पड़ गई है, जबकि प्राइवेट कंपनियों में ग्रोथ बढ़ देखी गई है। बीमा क्षेत्र के नियामक आईआरडीएआई के आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। हालांकि यदि सिर्फ नंबरों पर गौर किया जाए तो एलआईसी और निजी कंपनियों के आंकड़ों में दिन-रात का फर्क है। आंकड़ों के हिसाब से वित्त वर्ष 2021-22 के पहले 11 महीनों में एलआईसी के नए बिजनेस प्रीमियम की ग्रोथ 0.24 फीसदी रही। इस दौरान कंपनी ने 1.56 लाख करोड़ रुपए का नया बिजनेस प्रीमियम हासिल किया। इसके मुकाबले प्राइवेट इंश्योरेंस की नए बिजनेस प्रीमियम की ग्रोथ 24.7 फीसदी रही। उनका कुल नया बिजनेस प्रीमयम इस दौरान 98,213 करोड़ रुपए रहा। गौरतलब है कि एलआईसी ने सरकार ने एलआईसी आईपीओ से 60-80 हजार करोड़ रुपए जुटाने का प्लान बनाया है। आईपीओ के बाद यह देश की सबसे बड़ी कंपनियों की लिस्ट में आ जाएगी। सरकार एलआईसी में अपनी पांच फीसदी हिस्सेदारी बेचने जा रही है। इस वित्त वर्ष में अब तक सबसे बड़ी पांच प्राइवेट लाइफ इंश्योरेंस कंपनियों की न्यू बिजनेस प्रीमियम ग्रोथ एलआईसी के मुकाबले ज्यादा दर्ज की गई है। इन पांच प्राइवेट लाइफ इंश्योरेंस कंपनियों में एसबीआई लाइफ, आईसीआईसीआई प्रूडेंटल लाइफ, मैक्स लाइफ इंश्युरेंस और एचडीएफसी लाइफ इंश्युरेंस शामिल हैं। एसबीआई लाइफ ने 25 फीसदी ग्रोथ के साथ 22,613 करोड़ रुपये का नया बिजनेस प्रीमियम हासिल किया।

आईसीआईसीआई प्रूलाइफ ने 18 फीसदी ग्रोथ के साथ 12,844 करोड़ रुपए का नया बिजनेस प्रीमियम हासिल किया। मैक्स लाइफ इंश्योरेंस ने 16 फीसदी ग्रोथ के साथ 6,510 करोड़ रुपए का नया बिजनेस प्रीमियम हासिल किया। एचडीएफसी लाइफ का नया बिजनेस प्रीमियम 22.52 फीसदी ग्रोथ के साथ 21,136 करोड़ रुपए रहा। इस वित्त वर्ष की मार्च तिमाही में एलआईसी बिजनेस ग्रोथ के मामले में बहुत ज्यादा पिछड़ गई। जनवरी-फरवरी के दौरान कंपनी का नया बिजनेस प्रीमियम 30,425 करोड़ रुपए रहा। दिसंबर तिमाही में नया बिजनेस प्रीमियम 40,902 करोड़ रुपए था। सितंबर तिमाही में नया बिजनेस प्रीमियम 49,512 करोड़ रुपए था।

## संक्षिप्त समाचार

### इंडो-ऑस्ट्रेलियन चैंबर ने ईस्ट इंडिया चैप्टर शुरू किया

कोलकाता, एजेंसी। इंडो-ऑस्ट्रेलियन चैंबर ऑफ कॉमर्स (आईएसीसी) ने ऑस्ट्रेलिया और पूर्वी क्षेत्र के बीच व्यापार और निवेश को बढ़ावा देने के लिए ईस्ट इंडिया चैप्टर शुरू किया है। ऑस्ट्रेलिया के व्यापार, पर्यटन एवं निवेश मंत्री डेन तेहान ने कहा कि ईस्ट इंडिया चैप्टर की शुरूआत ऐसे समय की गई है जब दोनों देशों के बीच अंतरिम मुक्त व्यापार समझौते की प्रक्रिया पूरी होने जा रही है। यह भारत-ऑस्ट्रेलिया वृहद आर्थिक सहयोग करार (सीईसीए) के लिए नींव का काम करेगा। आईएसीसी की मुख्य कार्यपालक अधिकारी पेतुला थॉमस ने कहा कि ईस्ट इंडिया चैप्टर अप्रैल में होने वाले बंगाल वैश्विक कारोबार सम्मेलन में भाग लेगा।

### हटसन एग्रो के प्रबंध निदेशक ने 25 करोड़ में कंपनी शेयर खरीदे

नई दिल्ली, एजेंसी। हटसन एग्रो प्रोडक्ट लिमिटेड के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक चंद्रमोगन आरजी ने खुले बाजार में लेनदेन के जरिए कंपनी के करीब 25 करोड़ रुपए के शेयर खरीदे हैं। एनएसई पर उपलब्ध इस सौदे की जानकारी के मुताबिक चंद्रमोगन ने 2.08 लाख शेयर खरीदे हैं जिनकी औसत कीमत 1,194 प्रति शेयर है। इस सौदे का कुल मूल्य 24.83 करोड़ रुपए है। चंद्रमोगन कंपनी के प्रवर्तक भी हैं और दिसंबर 2021 के आखिर तक कंपनी में उनकी 56.76 फीसदी हिस्सेदारी थी।

### ओबेन इलेक्ट्रिक ने नई बाइक पेश की

नई दिल्ली, एजेंसी। बिजली से चलने वाले दोपहिया वाहन बनाने वाली स्टार्टअप कंपनी ओबेन इलेक्ट्रिक ने नई मोटरसाइकल रोर पेश की है। दिल्ली में इसकी शोरूम कीमत 99,999 रुपए है। कंपनी ने कहा कि रोर मोटरसाइकल की अधिकतम गति 100 किलोमीटर प्रति घंटा है। कंपनी का दावा है कि यह एक बार चार्ज होने पर 200 किलोमीटर दौड़ सकती है। इसकी बैटरी दो घंटे में पूरी तरह चार्ज हो जाती है। कंपनी के अनुसार ग्राहक ऑनलाइन माध्यम से 999 रुपए का भुगतान कर इस मोटरसाइकल को बुक करा सकते हैं। ओबेन ने कहा कि बेंगलुरु में स्थित उसकी नई विनिर्माण इकाई में जल्द ही इस मोटरसाइकल का उत्पादन शुरू किया जाएगा। संयंत्र की सालाना उत्पादन क्षमता तीन लाख इकाई है।

### देश में मोबाइल ब्रॉडबैंड उपयोगकर्ता 76.5 करोड़ पहुंचे

नई दिल्ली, एजेंसी। देश में मोबाइल ब्रॉडबैंड उपयोगकताओं की संख्या पिछले पांच साल में दोगुना से अधिक होकर 76.5 करोड़ पर पहुंच गई। नोकिया की तरफ से जारी एक रिपोर्ट के अनुसार इस अवधि में 4जी डेटा ट्रैफिक 6.5 गुना बढ़ गया। नोकिया के वरिष्ठ उपाध्यक्ष और भारत प्रमुख संजय मलिक ने वार्षिक नोकिया एमबीआईटी रिपोर्ट का विवरण साझा करते कहा कि देश की कुल डेटा खपत में 4जी इंटरनेट सेवाओं का हिस्सा 99 प्रतिशत है। 5जी इंटरनेट के कुछ समय बाद आने पर इसमें अगले कुछ वर्षों तक वृद्धि जारी रहने की उम्मीद है। इस रिपोर्ट के मुताबिक वर्ष 2017 से 2021 तक मोबाइल डेटा उपयोग की चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर (सीएजीआर) बढ़कर 53 प्रतिशत हो गई। इस दौरान उपयोगकताओं द्वारा हर महीने इस्तेमाल किया जाने वाला औसत डेटा तीन गुना बढ़कर 17 जीबी प्रति माह हो गया है। पिछले पांच सालों में मोबाइल ब्रॉडबैंड उपयोगकताओं की संख्या 2.2 गुना बढ़ गई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि नई पीढ़ी के युवा अब प्रतिदिन लगभग आठ घंटे समय ऑनलाइन बिता रहे हैं।

# सैमसंग फिर से करेगी लैपटाप बाजार में प्रवेश




नई दिल्ली, एजेंसी। दक्षिण कोरिया की इलेक्ट्रॉनिक्स विनिमार्ता सैमसंग एक बार फिर से भारतीय बाजार में लैपटॉप लाने पर विचार कर रही है। कंपनी ने साल के आखिरी तक लैपटॉप बाजार में 10 प्रतिशत से अधिक हिस्सेदारी हासिल करने का लक्ष्य रखा है। सैमसंग इंडिया के महाप्रबंधक और कंप्यूटिंग कारोबार के प्रमुख संदीप पोसवाल ने कहा कि उनकी कंपनी अप्रैल में ही लैपटॉप पेश करने की तैयारी में है। उन्होंने कहा कि भारतीय बाजार में लैपटॉप की मांग को देखते हुए कंपनी फिर से इस कारोबार में कदम रख रही है। पोसवाल ने कहा कि वर्ष 2022 के आखिरी तक हमारी योजना परिचालन वाले इलाकों में दहाई अंक वाली बाजार हिस्सेदारी हासिल करने की है। हम अपने ग्राहकों को सभी खंडों में लैपटॉप पेश करना चाहते हैं। हम मार्च में इसे लेकर आ रहे हैं। सैमसंग पहले भी लैपटॉप बाजार में सक्रिय थी लेकिन वर्ष 2014 में उसने भारत में लैपटॉप की बिक्री बंद कर दी थी। नवीनतम आईडीसी आंकड़ों के मुताबिक लैपटॉप बाजार महामारी काल में करीब 1.8 गुना बढ़ गया है। उन्होंने कहा कि लैपटॉप की बढ़ती मांग को देखते हुए कंपनी फिर से इसमें कदम रख रही है।

# टाटा टी प्रीमियम- देश की चाय मना रही है मेटावर्स में दुनिया की पहली होली पार्टी

लुधियाना/ अमृतसरः क्षेत्रीय विशेषताओं को सम्मानित करने और अपने ग्राहकों को अनूठे अनुभव प्रदान करने की अपनी हायपर-लोकल नीति को जारी रखते हुए टाटा टी प्रीमियम ने आज मेटावर्स की दुनिया में पहला कदम रखा है, टाटा टी प्रीमियम इस प्लेटफार्म पर आयोजित कर रहा है अपनी तरह की पहली होली पार्टी! इस पहल के साथ टाटा टी प्रीमियम दुनिया का पहला ऐसा ब्रांड बना है जो रंगों के त्यौहार होली को एक फ्यूचरिस्टिक प्रौद्योगिकी वर्च्युअल प्लेटफार्म पर मना रहा है। पहल पर टिप्पणी करते हुए टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स के प्रेसिडेंट - पैकेज्ड बेवरेजेज (भारत और दक्षिण एशिया), श्री पुनीत दास ने कहा, ह्लअपने ग्राहकों को नए और अनूठे अनुभव प्रदान करना हमारे लिए हमेशा एक प्रमुख प्राथमिकता बनी रहेगी। एक ब्रांड के रूप में अपने ग्राहकों के साथ हमेशा जुड़े रहना और उसके लिए अद्वितीय अभियानों को चलाना टाटा टी प्रीमियम का लक्ष्य रहा है।ह्व युग मेटावर्स के संस्थापक और सीईओ श्री उत्कर्ष शुक्ला ने बताया, ह्लयुग मेटावर्स में हम भारत के गौरव को मनाने और उसे प्रदर्शित करने में विश्वास करते हैं। होली




भारत का एक सबसे बड़ा त्यौहार है, इसलिए हम मेटावर्स पर दुनिया की पहली होली कर रहे हैं ताकि लोग यहां आएं और अपने परिवार और दोस्तों के साथ होली खेलें, और एक अद्वितीय अनुभव का आनंद उठाएं।ह्व

वेवमेकर-ग्रुपएम के मुख्य डिजिटल अधिकारी श्री विशाल जैकब ने कहा, ह्लवेवमेकर में हमने एक ऐसी टीम बनाई है जो मेटावर्स के माध्यम से ब्रांड्स को नेविगेट करने में मदद करती है। अपने उपभोक्ताओं के साथ जुड़ने के लिए यह ब्रांड्स को अधिक आकर्षक तरीका प्रदान करता है। ब्रांड्स को अब जुड़ाव के नियमों को फिर से परिभाषित करने की आवश्यकता है।ह्व

# जेट फ्यूल की कीमत 17,136 रुपए प्रति किलोलीटर बढ़ी, हवाई सफर होगा महंगा

मुंबई, एजेंसी। जेट फ्यूल की कीमतों में एक बार फिर बढ़ोतरी हुई है। ऑयल मार्केटिंग कंपनियों ने जेट फ्यूल की कीमतों में 17,136 रुपए प्रति किलोलीटर की बढ़ोतरी की है। दिल्ली में एटीएफ की कीमत बढ़कर 1.10 लाख रुपए प्रति किलोलीटर हो गई। जेट फ्यूल के भाव में बढ़ोतरी से हवाई सफर महंगा हो सकता है। किसी एयरलाइन की परिचालन लागत में विमान ईंधन की लगभग 40 फीसदी हिस्सेदारी है। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल के ऊंचे भाव के चलते इस साल एटीएफ की कीमतों में यह छठी बढ़ोतरी है। अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में कच्चे तेल की कीमत एक बार फिर 100 डॉलर प्रति बैरल के पार हो गई है। ब्रेंट क्रूड का भाव 0.96 फीसदी चढ़कर 100.90 डॉलर प्रति बैरल हो गई। वहीं डब्ल्यूटीआई क्रूड का भाव 0.61 फीसदी बढ़कर 97.03



डॉलर प्रति बैरल रहा। गौरतलब है कि पिछले पखवाड़े में अंतरराष्ट्रीय बेंचमार्क के औसत मूल्य के आधार पर हर महीने की 1 और 16 तारीख को जेट फ्यूल की कीमतों में बदलाव किया जाता है। महंगे तेल के कारण एयरलाइन कंपनियों ने घरेलू विमान टिकट की कीमतें बढ़ा दी हैं। पिछले दो से चार हफ्तों में घरेलू क्षेत्र के कुछ मुख्य मार्गों पर हवाई किराए में 15 से 30 फीसदी तक की बढ़ोतरी हुई है। 1 जनवरी से शुरू हुई पांच बढ़ोतरी में एटीएफ की कीमतों में 36,644.25 रुपए प्रति किलोलीटर की बढ़ोतरी की गई है। इसके बाद अंतर्राष्ट्रीय दरों में मजबूती आई है, जिससे एटीएफ की कीमतों में बढ़ोतरी हुई है। एटीएफ की कीमतें पिछली बार नवंबर 2021 के मध्य में 80,835.04 रुपए प्रति किलोलीटर पर पहुंच गई थीं, इससे पहले 1 और 15 दिसंबर को कुल 6,812.25 रुपए प्रति किलोलीटर की कटौती की गई थी।


# सैमसंग ने रेफ्रिजरेटर के लिए नया कंप्रेसर प्लांट स्थापित करने के लिए तमिलनाडु सरकार के साथ समझौता ज्ञापन पर किए हस्ताक्षर

चंडीगढ़ : भारत के सबसे ज्यादा भरोसेमंद उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स और स्मार्टफोन ब्रांड, सैमसंग ने आज भारत में 1588 करोड़ रुपए का निवेश करने की घोषणा की है। इस निवेश से चेन्नई के नजदीक श्रीपेरंबुदूर में एक नया कम्प्रेसर विनिर्माण संयंत्र की स्थापना की जाएगी।22 एकड़ में बनने वाले नए संयंत्र की क्षमता एक साल में 80 लाख कम्प्रेसर यूनिट बनाने की होगी, जिसे भविष्य में बढ़ाया जाएगा। इस संयंत्र में बनने वाले कम्प्रेसर का उपयोग सैमसंग द्वारा भारत में बनाए जाने वाले रेफ्रिजरेटर्स में और निर्यात में भी किया जाएगा।मंगलवार को, कंपनी ने नए संयंत्र, राज्य में कम्पोनेंट ईकोसिस्टम के विस्तार और मजबूती के लिए तमिलनाडु सरकार के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।चेन्नई में आयोजित समझौता ज्ञापन समारोह में तमिलनाडु के मुख्यमंत्री श्री एमके स्टालिन भी मौजूद रहे। अन्य उपस्थित गणमान्य नागरिकों में श्री थंगम थेनारासू,उद्योग मंत्री, श्री एस कृष्णन, अतिरिक्त मुख्य सचिव, उद्योग, सुश्री पूजा कुलकर्णी, मैनेजिंग डायरेक्टर, तमिलनाडु इंडस्ट्रियल गाइडेंस एंड एक्सपोर्ट प्रमोशल ब्यूरो, श्री टी आनंद, मैनेजिंग डायरेक्टर, स्टेट इंडस्ट्रीज प्रमोशन कॉरपोरेशन ऑफ तमिलनाडु, श्री केन कांग, प्रेसिडेंट और सीईओ, सैमसंग साउथवेस्ट एशिया और श्री ब्योंगजिन कोंग, मैनेजिंग डायरेक्टर, सैमसंग चेन्नई फैक्टरी शामिल थे।श्री एमके स्टालिन, मुख्यमंत्री, तमिलनाडु ने कहा, तमिलनाडु के औद्योगिक विकास की कहानी, निवेश बढ़ाने और रोजगार पैदा करने में सैमसंग एक चमकता उदाहरण रहा है। ये नया निवेश राज्य में विनिर्माण ईकोसिस्टम को मजबूत बनाने की दिशा में सैमसंग का एक और कदम है। श्री केन कांग, प्रेसिडेंट और सीईओ, सैमसंग साउथवेस्ट एशिया, ने कहा, 1,588 करोड़ रुपए का यह नया निवेश तमिलनाडु के लोगों के लिए हमारे निरंतर प्रतिबद्धता का एक और प्रमाण है, जो 2007 में हमारी फैक्टरी की स्थापना के साथ ही लंबे समय से हमारे भागीदार बने हुए हैं। पिछले कई वर्षों में, हमें राज्य और स्थानीय अधिकारियों का भरपूर समर्थन मिला है, जिसने हमें ह्यभारत को डिजिटल बनानेह्ल के हमारे दृष्टिकोण को पूरा करने में मदद की है। ये नई कम्प्रेसर विनिर्माण सुविधा पूरे देश में सैमसंग के इन्नोवेटिव डिजिटल एप्लाएंसेस की बढ़ती मांग को पूरा करने और निर्यात बढ़ाने में मदद करेगी।




# ग्रोफर्स को 15 करोड़ डॉलर का कर्ज देगी जोमैटो

नई दिल्ली, एजेंसी। जोमैटो के निदेशक मंडल ने डिजिटल किराना कंपनी ग्रोफर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड को 15 करोड़ डॉलर (करीब 1,145 करोड़ रुपए) का कर्ज देने को मंजूरी दे दी है। जोमैटो खाने-पीने के सामान का ऑनलाइन ऑर्डर देने और डिलिवरी का मंच है। जोमैटो ने शेयर बाजार को दी सूचना में यह जानकारी दी। उसने यह भी कहा कि निदेशक मंडल ने फूड रोबोटिक्स और ऑटोमेशन कंपनी मुकुंद फूड्स प्राइवेट लिमिटेड में 16.66 प्रतिशत हिस्सेदारी के अधिग्रहण को भी मंजूरी दी है। कंपनी यह अधिग्रहण नकद 50 लाख डॉलर में करेगी। कंपनी ने कहा कि उसके निदेशक मंडल ने कर्ज को लेकर शर्तों के लिए जिम्मेदारी वरिष्ठ प्रबंधन को दी है। जोमैटो ने पिछले साल ग्रोफर्स में करीब नौ प्रतिशत हिस्सेदारी 10 करोड़ डॉलर (करीब 745 करोड़ रुपए) में खरीदी थी। जोमैटो के अनुसार कर्ज पर ब्याज दर 12 प्रतिशत सालाना होगी। इस कर्ज से जीआईपीएल को अल्पकाल में पूंजी जरूरतों को पूरा करने का समर्थन मिलेगा। यह इस कारोबार में अगले दो साल में 40 करोड़ डॉलर के निवेश की हमारी योजना के अनुरूप है। कंपनी ने यह भी कहा कि वह फूड रोबोटिक्स और ऑटोमेशन कंपनी मुकुंद फूड्स प्राइवेट लि. में 16.66 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदेगी। कंपनी यह अधिग्रहण नकद 50 लाख डॉलर में करेगी।




# युएस और यूरोप में डीएनए डेटाबेस के साथ दोहराए जाने वाले अपराधों में लगभग 42% की गिरावट देखी गई - क्या भारत उसका अनुसरण करेगा?

चंडीगढ़ :महिलाओं और बच्चों के खिलाफ यौन अपराधों की खतरनाक दर और तेजी से समाधान के लिए सरकार से सक्रिय भागीदारी आकर्षित कर रही है। फोरेंसिक लैब और अदालतों में लंबित मामलों में बैकलॉग को कम करने के लिए राज्यों में डीएनए क्षमता और बुनियादी ढांचे को बढ़ाने के प्रयास किए जा रहे हैं। विशेषज्ञों का दावा है कि डीएनए प्रौद्योगिकी (उपयोग और अनुप्रयोग) विनियमन विधेयक आपराधिक अपराधियों के राष्ट्रीय और क्षेत्रीय स्तर के डीएनए डेटाबेस के लिए कार्रवाई और प्रावधान को उत्प्रेरित करने के लिए इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम होगा। यह देश में अपराध दर को काफी हद तक कम कर सकता है, जैसा कि प्रो. जेनिफर डोलेक (टेक्सास ए एंड एम यूनिवर्सिटी) द्वारा किए गए अध्ययनों से पता चलता है कि यूरोप और युएस औसतन 42% तक अपराध को कम करने में सफल रहे हैं। और यह सांख्यिकीय रूप से दिखाता है, डेटाबेस में 10 प्रतिशत की वृद्धि से बलात्कार के अपराधों को लगभग 7 प्रतिशत तक कम करने में मदद मिलती है! भारत के सर्वोच्च न्यायालय की वरिष्ठ अधिवक्ता डॉ पिंकी आनंद ने समझाया, डीएनए डेटाबेस ने यौन अपराधों को सुलझाने, निदोर्षों को दोषमुक्त करने और बार-बार होने वाले अपराधों को कम करने के लिए सबसे कुशल और प्रभावी तरीकों में से एक को लाभान्वित किया है। किसी भी अपराध में डीएनए साक्ष्य तक पहुंच मामला अपना परिणाम बना या बिगाड़ सकता है। अन्य देशों में जहां डीएनए डेटाबेस बनाया गया है, डीएनए परीक्षण सभी प्रकार के अपराधियों की जांच और मुकदमा चलाने का एक नियमित हिस्सा है और अक्सर यौन हमले से बचे लोगों के लिए न्याय प्राप्त करने में एक महत्वपूर्ण उपकरण है। यह भी माना जाता है कि डीएनए डेटाबेस का अस्तित्व ही अपराधियों को हतोत्साहित करते हुए बार-बार होने वाले अपराध को रोकने में हमारी मदद कर सकता है।अकेले महाराष्ट्र में, जनवरी 2022 तक बच्चों और महिलाओं पर यौन हमले से संबंधित कुल 2,600 मामले राज्य फोरेंसिक प्रयोगशालाओं में लंबित हैं। और महिलाओं पर हमले से जुड़े 2,29,000 से अधिक मामले अभी भी अदालत में लंबित हैं। हालिया समाचार रिपोर्टों के अनुसार, महाराष्ट्र के गृह मंत्री दिलीप वळसे ने कहा, नई फोरेंसिक लैब स्थापित करने की योजना है, और नासिक, औरंगाबाद और अमरावती में फास्ट ट्रैक डीएनए इकाइयों की स्थापना के लिए प्रशासनिक मंजूरी आ गई है। इसलिए सरकार को देश में डीएनए क्षमताओं को सक्रिय रूप से बढ़ाना होगा और डीएनए बुनियादी ढांचे में सुधार के साथ-साथ गुणवत्तापूर्ण जनशक्ति की भर्ती करनी होगी।

GORDON THOMAS HONEYWELL
GOVERNMENTAL AFFAIRS

# जनरेशन इंडिया ने लोगों को क्लाउड में करियर बनाने में मदद देने के लिए एडब्लूएस के साथ सहयोग किया

चंडीगढ़, 16 मार्च, 2022ः आज जनरेशन इंडिया ने एमेजॉन इंटरनेट सर्विसेज प्राईवेट लिमिटेड (एआईएसपीएल) के साथ अपने सहयोग की घोषणा की, जिसके तहत भारत के 10 शहरों में एडब्लूएस रि/स्टार्ट प्रोग्राम द्वारा निशुल्क क्लाउड कंप्यूटिंग कौशल विकास एवं नौकरी का प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। एडब्लूएस रि/स्टार्ट 12 हफ्तों का एक प्रशिक्षण कार्यक्रम है, जिसमें क्लाउड के मूलभूत तत्वों, एडब्लूएस कोर सर्विसेज, एवं प्रैक्टिकल करियर स्किल (जैसे इंटरव्यू एवं रेज्यूमे राईटिंग) की शिक्षा दी जाती है, ताकि बेरोजगारी एवं अल्प रोजगार के शिकार लोगों को एंट्री-लेवल पर क्लाउड में करियर बनाने के लिए तैयार किया जा सके। जनरेशन इंडिया के साथ एडब्लूएस रि/स्टार्ट प्रोग्राम का पहला बैच इसी माह शुरू हुआ था।

अरुणेश सिंह, सीईओ, जनरेशन इंडिया ने कहा, ह्यह्यहम अपने लर्नर्स को उद्योग में मान्यताप्राप्त एडब्लूएस सर्टिफिकेशन के साथ उपयोगी, इन-डिमांड क्लाउड कंप्यूटिंग कौशल प्रदान करने के लिए एडब्लूएस रि/स्टार्ट प्रोग्राम लॉन्च करके बहुत उत्साहित हैं। यह प्रोग्राम उन्हें सफलता की ओर ले जाएगा। यह प्रोग्राम बेरोजगारी और अल्प रोजगार के शिकार लोगों को इन-डिमांड क्लाउड जॉब्स प्राप्त करने में मदद करेगा। जनरेशन इंडिया युवाओं की मदद करने के लिए निरंतर प्रयासरत है और यह प्रोग्राम भारत में युवाओं को उपयोगी कौशल एवं नौकरियां प्रदान करने की आपात जरूरत को पूरा करेगा।

अमित मेहता, हेड, टीडब्लूएस ट्रेनिंग एंड सर्टिफिकेशन, एआईएसपीएल ने कहा, ह्यह्यएडब्लूएस रि/स्टार्ट नई प्रतिभाओं को कार्यबल में लाएगा, जिससे लोगों को क्लाउड में सफल करियर बनाने, संगठनों को इन-डिमांड प्रतिभा के साथ अपनी प्रतिस्पर्धात्मक विशेषताएं बढ़ाने और समुदायों को विकास के मार्ग पर बढ़ने में मदद मिलेगी। इसलिए यह प्रोग्राम सभी के लिए हितकारी है। हमें भविष्य के विविध, मजबूत क्लाउड कार्यबल का निर्माण करने के लिए जनरेशन इंडिया के साथ काम करने पर गर्व है, ताकि संगठन एडब्लूएस क्लाउड के साथ अपने इनोवेशन को गति प्रदान कर सकें।

# महिला विश्व कप : शार्लोट और हीदर के शानदार प्रदर्शन से इंग्लैंड ने भारत को हराकर अपनी पहली जीत दर्ज की




माउंट माउंगानुई, एजेंसी। शार्लोट डीन की शानदार गेंदबाजी के बाद हीदर नाइट की अर्धशतकीय पारी की सहायता से इंग्लैंड टीम ने आईसीसी महिला विश्व कप क्रिकेट के अपने चौथे मुकाबले में भारतीय टीम को चार विकेट से हरा दिया। इस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए भारतीय टीम 134 रन ही बना पायी थी। इसके बाद इंग्लैंड ने हीदर नाइट के नाबाद अर्धशतक की बदौलत 31.2 ओवरों में ही 6 विकेट खोकर ही यह लक्ष्य हासिल कर लिया। यह विश्व कप में इंग्लैंड की पहली जीत है। इससे पहले उसे अपने तीन मुकाबलों में हार का सामना करना पड़ा है। वहीं भारतीय टीम की यह विश्व कप में दूसरी हार है, इससे पहले उसे दूसरे मैच में मेजबान टीम न्यूजीलैंड के खिलाफ भी हार का सामना करना पड़ा था। भारतीय टीम को पाकिस्तान और वेस्टइंडीज के खिलाफ जीत मिली थी। भारतीय टीम की बल्लेबाजी इस मैच में इंग्लैंड के गेंदबाजी आक्रमण के सामने टिक नहीं पायी और 36.2 ओवर में ही 134 रनों पर सिमट गयी। शार्लोट ने सबसे ज्यादा 4 विकेट लिए। इसके बाद लक्ष्य का पीछा करते हुए हीदर नाबाद 53 रन बनाकर अपनी टीम को जीत दिलाकर ही मैदान से बाहर आईं हालांकि आसान लक्ष्य 135 रनों का पीछा करने उतरी इंग्लैंड टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही। उसके शुरुआती 2 विकेट केवल 4 रनों पर ही गिर गए। मेघना सिंह ने डेनियल वॉट 1 को स्नेह राणा के हाथों कैच कराया जिसके बाद तीसरे ओवर की अंतिम गेंद पर टैमी ब्यूमोंट 1 को झूलन गोस्वामी ने पवेलियन भेज दिया। इसके बाद नताली स्काइवर 5 ने तीसरे विकेट के लिए कप्तान हीदर के साथ 65 रनों की साझेदारी की। नताली 45 रन बनाकर पूजा वस्त्राकर का शिकार बनीं।

30वें ओवर में मेघना सिंह ने 3 गेंदों पर 2 विकेट लेकर विपक्षी टीम पर दबाव बनाने का प्रयास किया। मेघना ने उन्होंने पहली गेंद पर डंकले 17 को ऋचा घोष के हाथों कैच कराया जबकि तीसरी गेंद पर ब्रंट खाता खोले बिना ही पेवेलियन लौट गयीं। इसके बाद एक्लेस्टोन ने चौका लगाकर टीम को जीत दिलाई।

इससे पहले इंग्लैंड की कप्तान हीदर नाइट ने टॉस जीतकर भारतीय टीम को बल्लेबाजी के लिए बुलाया। भारत की ओर से मिताली राज, स्मृति मंधाना और हरमनप्रीत रन बनाने में विफल रहीं। वहीं इंग्लैंड की ओर से चार्लोट डीन ने 4 विकेट लिए। पिछले मैच में शानदार शतक लगाने वाली हरमनप्रीत कौर को 14 रन के स्कोर पर चार्लोट डीन ने आउट किया। इसके बाद स्नेह राणा भी खाता नहीं खोल पायीं। वह भी डीन की शिकार हुईं। इसके बाद छठे ओवर की पहली ही गेंद पर कप्तान मिताली भी पेवेलियन लौट गयीं। मिताली ने केवल 1 रन ही बनाया था। मिताल को श्रुसबोल ने आउट किया। वहीं 8वें ओवर की आखिरी गेंद पर दीप्ति शर्मा खाता खोले बिना ही रन आउट हो गईं। रिचा ने 33 रनों की पारी खेली। वह रन आउट हुईं। दूसरी ओर, झूलन गोस्वामी ने 26 गेंदों में 20 रन बनाए। अनुभवी बल्लेबाज स्मृति मंधाना ने सबसे ज्यादा 35 रन बनाये जबकि पूजा वस्त्रकार को 6 रन पर चार्लोट ने आउट किया। शार्लोट ने 8.2 ओवर में केवल 23 रन देकर चार विकेट लिए। उनके अलावा अन्या श्रबसोल ने 20 रन देकर 2 विकेट लिए जबकि सोफी एक्लेस्टोन और केट क्रॉस को 1-1 विकेट मिला।

# आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में बुमराह चौथे स्थान पर पहुंचे




नई दिल्ली, एजेंसी। आईसीसी की ताजा टेस्ट रैंकिंग में भारतीय टीम के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने लंबी छलांग लगायी है। बुमराह 6 स्थान की छलांग लगाकर 830 अंक लेकर चौथे स्थान पर पहुंच गए हैं। वहीं पूर्व कप्तान विराट कोहली चार स्थान नीचे आने के साथ ही नौवें स्थान पर खिसक गये हैं। वहीं ऑलराउंडरों की रैंकिंग में रविंद्र जडेजा भी एक स्थान के नुकसान के साथ ही फिसलकर दूसरे स्थान पर पहुंच गये हैं। ऑलराउंडर्स की रैंकिंग में जेसन होल्डर ने जडेजा को पीछे करते हुए एक बार फिर वापस पहला स्थान हासिल कर लिया है। होल्डर ने इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट में 82 रन बनाने के साथ तीन विकेट भी लिए थे। जिसका लाभ उन्हें मिला है। वहीं विराट बेंगलुरु टेस्ट की दोनों पारियों में 23 और 13 रनों की पारियां बनाने के कारण रैंकिंग में नीचे आये हैं।

बुमराह को श्रीलंका के खिलाफ बेंगलुरु टेस्ट में शानदार गेंदबाजी का लाभ मिला है। इस मैच में बुमराह ने कुल आठ विकेट लिए थे। बुमराह अब पाकिस्तान के शाहीन अफरीदी, काइल जैमिसन, टिम साउदी, जेम्स एंडरसन, नील वैगनर और जोश हेजलवुड को पीछे छोड़ते हुए चौथे स्थान पर पहुंच गए हैं।

वहीं बल्लेबाजों की रैंकिंग में श्रीलंका के कप्तान दिमुथ करुणारत्ने तीन स्थान ऊपर आकर टॉप 5 में पहुंच गए हैं। करुणारत्ने ने भारत के खिलाफ बेंगलुरु टेस्ट की दूसरी पारी में शतक लगाया था हालांकि वह अपनी टीम की हार नहीं टाल पाये। यह करुणारत्ने के करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग है।

वेस्टइंडीज के नक्रमा बोनर और भारत के श्रेयस अय्यर ने भी 22 और 40 स्थान की छलांग लगायी है। यह दोनों ही 22वें और 37वें स्थान पर पहुंच गए हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### पाक-ऑस्ट्रेलिया दूसरा टेस्ट : आजम और अब्दुल्ला के बीच हुई 228 रनों की रिकार्ड साझेदारी

कराची, एजेंसी। पाकिस्तान क्रिकेट टीम के कप्तान बाबर आजम और अब्दुल्ला शफीक ने यहां ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेले जा रहे दूसरे क्रिकेट टेस्ट मैच में 228 रनों की साझेदारी बनाकर एक अहम उपलब्धि हासिल की है। 524 गेंदों पर बनी यह साझेदारी हाल के दिनों में बनी सबसे बड़ी साझेदारी है। इस मैच में ऑस्ट्रेलिया ने पाक के सामने जीत के लिए 506 रनों का लक्ष्य रखा था, जिसके जवाब में पाक की शुरुआत अच्छी नहीं रही। चौथे दिन ही पाक टीम ने 23 ओवर में ही दो विकेट खो दिये थे। इसके बाद बाबर और शफीक ने रिकार्ड साझेदारीकर टीम को संभाला। दोनों के बीच हुई ये साझेदारी हाल के दौर की सबसे बड़ी साझेदारियों में से एक है। कराची के इस टेस्ट मैच में ऑस्ट्रेलिया ने पहले बल्लेबाजी करते हुए नौ विकेट पर 556 रन बनाए थे। इसके बाद कंगारुओं ने अपनी दूसरी पारी को दो विकेट पर 97 रन बनाकर घोषित कर दिया था। वहीं पाक टीम अपनी पहली पारी में 148 रनों पर ही आउट हो गयी थी।

### सीपीएल में पहली बार उतरेंगी महिला टीमें

पोर्ट ऑफ स्पेन, एजेंसी। क्रिकेट वेस्ट इंडीज (सीडब्ल्यूआई) ने कहा है कि कैरेबियन प्रीमियर लीग (सीपीएल) में पहली बार पुरुषों के साथ ही महिला क्रिकेटरों के लिए भी एक टूर्नामेंट रखा गया है। इस बार तीन टीमें महिला सीपीएल (डब्ल्यूसीपीएल) के पहले संस्करण में खिताब के लिए उतरेंगी। ये तीन महिला टीमें बारबाडोस रॉयल्स, गुयाना अमेजन वारियर्स और ट्रिनबागो नाइट राइडर्स हैं। इनके मुकाबले भी 30 अगस्त से 30 सितंबर के बीच पुरुषों के टूर्नामेंट के दौरान ही खेले जाएंगे। सीडब्ल्यूआई के अध्यक्ष रिकी स्केरिट ने कहा कि महिला टीमों का मुकाबला इसलिए रखा गया है ताकि वेस्ट इंडीज की महिलाओं और लड़कियों को क्रिकेट में आने के अधिक अवसर मिल सकें। साथ ही कहा कि सभी सीपीएल महिला मैच प्रतिस्पर्धी होंगे जिससे दर्शकों को रोमांचक क्रिकेट देखने को मिलेगा। सीपीएल के सीईओ पीट रसेल ने कहा कि सीपीएल में एक महिला आयोजन को शामिल करना एक ऐसी चीज है जो लंबे समय से एक महत्वाकांक्षा रही है और हमें बहुत खुशी है कि यह एक वास्तविकता बन गई है। हम इसे सच बनाने के लिए हमारे साथ काम करने के लिए सीडब्ल्यूआई को धन्यवाद देना चाहते हैं। 2019 सीपीएल के दौरान हुआ महिला टी-10 चैलेंज टूर्नामेंट एक बड़ी सफलता थी। अब हम अगले कदम का इंतजार कर रहे हैं।

# शतरंज ओलंपियाड की मेजबानी मिलना गर्व का क्षण: आनंद



चेन्नई, एजेंसी। 44वें शतरंज ओलंपियाड की मेजबानी चेन्नई को मिलने पर दिग्गज खिलाड़ी विश्वनाथन आनंद ने खुशी व्यक्त की है। आनंद ने कहा कि यह चेन्नई और देश के लिए खुशी की बात है। शतरंज ओलंपियाड का आयोजन 26 जुलाई से आठ अगस्त के बीच किया जाएगा। चेन्नई को पहली बार इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता की मेजबानी मिलने की जानकारी राज्य के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने सोशल मीडिया पर एक ट्वीट के जरिये दी। इसके बाद आनंद ने लिखा, ह्यचेन्नई को शतरंज का हिस्सा बनाने के लिए धन्यवाद। पूरे भारतीय और चेन्नई के शतरंज समुदाय के लिए यह विशेष क्षण है। अखिल भारतीय शतरंज महासंघ और विश्व शतरंज की शीर्ष संस्था (फिडे) ने इतने आराम से साथ मिलकर काम किया जिसकी सराहना होनी चाहिए।'

फिडे ने ट्वीट किया, 'चेन्नई दिग्गज विश्वनाथन आनंद का घर है और यहां 2013 विश्व चैंपियनशिप मुकाबले का आयोजन हुआ था जहां मैग्नस कार्लसन विश्वनाथन आनंद को हराकर पहली बार विश्व चैंपियन बने थे।' आनंद ने फिडे को धन्यवाद देते हुए एक पत्र भी लिखा है जिसमें उन्होंने कहा है कि यह निजी गौरव की बात है कि देश शतरंज की शीर्ष प्रतियोगिताओं में से एक की मेजबानी कर रहा है।



इंडियन वेल्स में एंडरी रुबलोव शॉट खेलते हुए।

# मिताली ने हार के लिए खराब बल्लेबाजी को जिम्मेदार बताया




माउंट मोनगानुई, एजेंसी। भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान मिताली राज ने इंग्लैंड के खिलाफ आईसीसी विश्वकप मुकाबले में मिली हार के बाद कहा कि उनकी टीम मैच में उम्मीद के अनुसार प्रदर्शन नहीं कर पायी है। मिताली के अनुसार आगे आने वाले मैचों में टीम बेहतर प्रदर्शन के इरादे से उतरेगी। इंग्लैंड के खिलाफ मुकाबले में भारतीय टीम का शीर्ष बल्लेबाजी क्रम रन नहीं बना पाया जिसके कारण टीम के हाथ से मैच निकल गया। इंग्लैंड ने इस मुकाबले में भारतीय टीम को केवल 134 रनों पर ही समेट दिया था। इसके बाद उसने आसानी से जीत दर्ज कर ली। लीग चरण में भारतीय टीम की यह दूसरी हार रही। मिताली ने मैच के बाद कहा कि निश्चित तौर पर शीर्ष क्रम में हम बड़ी साझेदारी नहीं कर पाए, हम पहले बल्लेबाजी करना चाहते थे। हमने 200 से अधिक रन बनाने के बारे में सोचा था और अगर ऐसा होता तो कोई भी टीम इस मैच को जीत सकती थी।

वहीं अब ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अगले मुकाबले को लेकर उन्होंने कहा कि प्रत्येक मैच में गेंदबाजी और क्षेत्ररक्षण में टीम ने अच्छा प्रदर्शन किया है जिसे वह आगे भी बनाये रखने का प्रयास करेगी पर बल्लेबाजी में बेहतर प्रदर्शन करना जरुरी है। अगले मैच में बल्लेबाजी में सुधार किया जाएगा। यह इसलिए भी जरुरी है क्योंकि हमारा मुकाबला विश्व की सबसे मजबूत टीम से होगा।

# दिल्ली कैपिटल्स की बस पर हमले के मामले में एमएनएनएस आरोपों के घेरे में आई



मुम्बई, एजेंसी। आईपीएल टीम दिल्ली कैपिटल्स की बस पर हमले के मामले में महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (एमएनएनएस) आरोपों के घेरे में है। इस मामले में उसके उपाध्यक्ष सहित चार लोगों को मुम्बई पुलिस ने हिरासत में लिया है। यह हमला कैपिटल्स की बस में तब हुआ जब उसमें कोई नहीं था और वह पार्किंग में खड़ी थी। आईपीएल 2022 का आयोजन 26 मार्च से महाराष्ट्र में शुरू होना है और इस समय सभी टीमें मुंबई में ही रुकी है। दिल्ली कैपिटल्स की टीम भी उसी में एक है। हमले के बाद पुलिस ने दिल्ली कैपिटल्स के होटल और उसके आस पास की सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी है।

वहीं इस हमले को लेकर कोलाबा पुलिस ने अभी तक चार लोगों को गिरफ्तार किया है। इनमें एमएनएनएस ट्रांसपोर्ट विंग के उपाध्यक्ष प्रशांत गांधी भी शामिल है। पुलिस ने आईपीसी की धारा 143, 147, 149, 427 के तहत अज्ञात हमलावरों पर एफआईआर दर्ज की है। हमले में दिल्ली कैपिटल्स टीम की लक्जरी बस का शीशा टूट गया है। बस पार्किंग में खड़ी थी और टीम को अभ्यास स्थल तक ले जाने के लिए तैयार थी। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, एमएनएनएस कार्यकर्ता शहर में विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं और उनका कहना है कि बाहर की बसों को किराए पर लिया जा रहा है, इससे यहां के स्थानीय लोगों को रोजगार नहीं मिल रहा है।

# रणजी ट्रॉफी के क्वार्टर फाइनल में पहुंचा झारखंड



कोलकाता, एजेंसी। झारखंड ने नागालैंड को हराकर रणजी ट्रॉफी क्रिकेट मुकाबले के क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया है। झारखंड ने नागालैंड को 289 रनों पर समेटकर पहली पारी के आधार पर मिली बढ़त के कारण क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया। झारखंड ने इस मैच की पहली पारी में 880 रनों का स्कोर बनाया था। इसके बाद भी टीम ने विरोधी टीम को फॉलोआन न देते हुए चौथे दिन दूसरी पारी में भी बल्लेबाजी का फैसला किया। दूसरी पारी में टीम बल्लेबाजी के दौरान नाकाम रही और दो विकेट पर 132 रन बनाकर आउट हो गयी। झारखंड की ओर से नाजिम सिद्दीकी और उनके साथी उत्कर्ष सिंह ने पहले विकेट के लिए 63 रन की साझेदारी की। नाजिम ने 48 गेंद में 42 रन बनाए, जबकि उत्कर्ष सिंह 50 रन बनाकर नाबाद रहे।

नागालैंड की ओर से इस मैच में केवल उनके विकेटकीपर बल्लेबाज चेतन बिष्ट की अच्छी बल्लेबाज कर नाबाद शतक लगाने में सफल रहे। बिष्ट की 289 गेंद में 122 रनों की नाबाद पारी के बावजूद नागालैंड 289 तक ही पहुंच सका। झारखंड वैसे भी पहली पारी में बढ़त लेने के आधार पर क्वार्टर फाइनल में पहुंच चुकी है।

# ढाका प्रीमियर लीग में खेलेंगे हनुमा , ईश्वरन



ढाका, एजेंसी। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) नीलामी में नहीं बिके सात भारतीय क्रिकेटर अब बांग्लादेश की लीग में खेलेंगे। हनुमा विहारी, अभिमन्यु ईश्वरन के अलावा परवेज रसूल, बाबा अपराजित, अशोक मनेरिया, चिराग जानी और गुरिंदर सिंह ने बांग्लादेश के लिस्ट ए (50-ओवर) टूर्नामेंट ढाका प्रीमियर लीग (डीपीएल) की ओर से रखा किया है।

भारतीय टेस्ट टीम में शामिल हनुमा विहारी ढाका के अभानी लिमिटेड के लिए खेलेंगे और इस सप्ताह के अंत तक टीम से जुड़ जाएंगे। हालांकि वह टीम के शुरूआती तीन मैचों में नहीं खेल पाएंगे। वहीं बंगाल के प्रथम श्रेणी कप्तान ईश्वरन भी भारतीय टेस्ट दल में शामिल थे। वह प्राइम बैंक के लिए खेलेंगे। रसूल ह्यशेख जमाल धनमंडीह्य, अपराजित ह्यरूपगंज टाइगर्सह्य, मनेरिया ह्यखेलाघरह्य, जानी ह्यलीजेंड्स ऑफ रूपगंजह्य और गुरिंदर ह्यगाजी ग्रुप क्रिकेटर्सह्य के लिए खेलेंगे। हनुमा, ईश्वरन, अपराजित, मनेरिया और रसूल ने इससे पहले भी साल 2019-20 सत्र में डीपीएल की ओर से खेला था। इसके पहले भारत के दिनेश कार्तिक, मनोज तिवारी और यूसुफ पठान भी डीपीएल में हिस्सा ले चुके हैं। इस सत्र में एक टीम में एक विदेशी खिलाड़ी खेल सकते हैं।

भारतीय खिलाड़ियों के अलावा पाकिस्तान के मोहम्मद हफीज ह्यमोहम्मडन स्पोर्टिंगह्य और जिम्बाब्वे के सिकंदर रजा ह्यशाइनपुकुरह्य के लिए खेलेंगे। पिछले साल कोविड के कारण इस टूर्नामेंट को 20 ओवर के लीग में बदल दिया गया था ताकि खिलाड़ियों को टी20 विश्व कप 2021 से पहले कुछ अभ्यास का अवसर मिल सके।

# पंजाब किंग्स ने वुड को बल्लेबाजी सलाहकार बनाया



नई दिल्ली, एजेंसी। पंजाब किंग्स ने आईपीएल के 15 वें सत्र के लिए इंग्लैंड के पूर्व प्रथम श्रेणी क्रिकेटर जूलियन रॉस वुड को अपना बल्लेबाजी सलाहकार नियुक्त किया। टीम ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर लिखा, ह्यहमें यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि वुड इस सत्र के लिये हमारे नये बल्लेबाजी सलाहकार होंगे।

वुड को सलाहकार इसलिए बनाया गया है ताकि वह खिलाड़ियों को ह्यपावर-हिटिंगह्य तकनीक सिखाएं। वुड ह्यपावर-हिटिंगह्य तकनीक के विशेषज्ञ माने जाते हैं, वह आईपीएल के खिलाड़ियों के अलावा बिग बैश लीग और अन्य टी20 लीग में भी रहे हैं। वुड ने बेन स्टोक्स, पृथ्वी साव, सैम बिलिंग्स और कार्लोस ब्रेथवेट को भी ह्यपावर-हिटिंगह्य के गुर सिखाये हैं। वह बल्लेबाजों को क्रीज पर टिकर गेंद को पार्क के बाहर हिट करने के टिप्स देंगे।

# आईपीएल को टक्कर देने नीलामी मॉडल अपनाना होगा : रमीज



कराची, एजेंसी। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) अध्यक्ष रमीज राजा ने कहा है कि अगर अगर हम भी नीलामी मॉडल अपनाएं तो इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) को टक्कर दे सकते हैं। रमीज ने कहा कि इसके लिए हमें अभी काफी संपत्ति बनानी होगी जिससे आर्थिक रुप से हम आजाद होकर काम कर सकें। हमारे पास अभी पीएसएल और आईसीसी से मिली राशि के अलावा कुछ भी नहीं है पर हम अब मॉडल को बदलने पर विचार कर रहे हैं। मैं चाहता हूं कि अगले साल नीलामी के मॉडल में बदलाव किया जाए पर इसके लिए हमें फ्रेंचाइजी मालिकों के साथ बात करनी होगी।

रमीज ने कहा कि यह पैसों का खेल है। अगर नए मॉडल से पाक क्रिकेट को फायदा होगा तो इससे हमारा दुनिया में सम्मान बढ़ेगा। हमारे पास एक मुख्य आकर्षण पीएसएल है। अगर हम पीएसएल की नीलामी मॉडल को बदल दें और फ्रेंचाइजियों के पर्स को बढ़ा दें तो फिर हम आईपीएल के बराबर ब्रैकेट रख पाएंगे। फिर हम देखेंगे कि पीएसएल छोड़कर आईपीएल कौन खेलने जाता है। रमीज ने यह भी कहा कि अगले साल पीएसएल के मुकाबलों को हम होम (घरेलू मैदान) और अवे मैच (बाहर के मैदान) पर आयोजित करने का भी विचार कर रहे हैं। इस लीग में जो पैसे आएंगे उससे पाक क्रिकेट को ही लाभ होगा।

# झूलन 250 विकेट लेने वाली पहली भारतीय महिला क्रिकेटर बनी



माउंट मोनगानुई, एजेंसी। भारतीय क्रिकेट टीम की अनुभवी तेज गेंदबाज झूलन गोस्वामी 250 विकेट लेने वाली पहली भारतीय महिला क्रिकेटर बनी है। झूलन ने इंग्लैंड के खिलाफ आईसीसी महिला एकदिवसीय विश्व कप मुकाबले में टैमी ब्यूमोंट का विकेट लेते ही 250 वां विकेट लिया।

39 साल की झूलन भारत की सबसे अनुभवी गेंदबाज हैं। इससे पहले वेस्टइंडीज के खिलाफ तीसरे मैच में झूलन ने वेस्टइंडीज की अनीसा मोहम्मद को आउट करके महिला क्रिकेट विश्व कप में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाली भारतीय गेंदबाज बनने का गौरव हासिल किया था। इस तेज गेंदबाज ने 22 मार्च, 2005 को श्रीलंका की इनोका गलागेदरा को आउट करते हुए अपना पहला विश्व कप विकेट लिया था। तभी से वह भारतीय टीम की मुख्य गेंदबाज बनी हुई है।

# ठंड में बिना क्रीम पाएं ग्लोइंग त्वचा



ठंड के मौसम में अक्सर आलस खा जाते हैं या ठंड अधिक होने की वजह से हाथ-मुंह नहीं धोते हैं। लेकिन ऐसा नहीं करने पर आपकी स्किन बेकार हो जाती है। भले ही आप ऑफिस में पैक हो लेकिन दिनभर की थकान और बारीक डस्ट होने पर स्किन को साफ करना जरूरी है। लेकिन ठंड में किसी भी प्रकार के जतन नहीं कर पाते हैं तो आइए जानते हैं किस ठंड में 4 आसान तरीकों से अपनी स्किन की केयर करें और पाएं...

### ठंड अधिक होने पर हाथ

मुंह नहीं धोना चाहते हैं तो वाइप्स से अपना चेहरा साफ कर लें। लेकिन इसके बाद मोबाइल नहीं चलाएं। जी हां, आपको लग रहा होगा ये कैसी बात हुई। लेकिन सच में ग्लोइंग और स्पॉटलेस स्किन चाहते हैं तो रात को सोने से आधा घंटा पहले मोबाइल बंद कर दें। रात को 11 बजे सो जाएं और सुबह 7 बजे तक उठे। 11 से 7 बजे तक की नींद आपकी संपूर्ण सेहत के लिए अच्छी है। और इसकाअसर आपके चेहरे पर आपको जरूर दिखेगा। अपने चेहरे पर जमा बारीक डस्ट, काली झाइयां, नाक के आसपास जमा कालापन को 5 मिनट में खत्म करने के लिए गरम पानी की भाप लें। जी हां, यह सबसे अच्छा कारगर उपाय है। अगर आपकी स्किन ड्राई है तो 5 मिनट से अधिक भाप नहीं लें। इससे आपकी त्वचा की नमी खत्म हो जाएगी। भाप लेने के बाद चेहरे को ढक कर सो जाएं। और सुबह देखिए आपका चेहरा एकदम फ्रेश दिखेगा।

### गाजर का जूस

ठंड में गाजर का सेवन अधिक से अधिक करना चाहिए। गाजर के सेवन से त्वचा ग्लो करती है। साथ ही आंखों की रोशनी बढ़ती है, बाल घने होते हैं, रोग प्रतिरोधक क्षमता भी मजबूत होती है। अगर आप गाजर नहीं खा पाते हैं तो गाजर का जूस जरूर पीएं। इससेत्वचा का ग्लो बढ़ता है, स्किन की ड्राईनेस कम होती है। रात को जूस का सेवन नहीं करते हैं, इसलिए दिन में या सुबह के वक्त गाजर का जूस जरूर पीएं। और रात को सिर्फ चेहरे को वाइप्स से साफ करके सो जाएं।

### ग्लिसरीन

ग्लिसरीन में गुलाब जल, नींबू और थोड़ा सा पानी मिला लें। एक जैसा करने के बाद पूरी बॉडी पर लगा सकते हैं। जी हां, इसे लगाने के बाद आपको किसी प्रकार की भी क्रीम लगाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। बल्कि पूरी ठंड सिर्फ इसे ही लगाकर आप स्किन का ख्याल रख सकते हैं। इसके लिए बेस्ट होगा आप रात में सिर्फ थोड़े से पानी से चेहरा धो लें। इसके बाद ग्लिसरीन का ये मिक्चर लगा कर सो जाएं।

# 40 की उम्र के बाद खुद को ऐसे रखें फिट एंड फाइन



कई महिलाओं को लगता है कि वह बिल्कुल स्वस्थ हैं पर वह वाकई में पूरी तरह से स्वस्थ हो यह जरूरी नहीं है। ऐसे में जरूरी है कि आप अपनी हेल्थ को क्रौस चेक करें और डाक्टर से परामर्श लें। इसी के साथ ही रूटीन चेकअप कराती रहें। आमतौर पर देखा जाता है कि चालीस की उम्र के बाद से महिलाओं में कई तरह की बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। 40 की उम्र ऐसा पड़ाव है, जब स्त्री के शरीर में कई तरह के बदलाव होते हैं। इस उम्र में मेनोपौज के बाद कुछ समस्याएं, जैसे चिड़चिड़ापन, थकान, वजन बढना, लगातार खाते रहने की चाहत आदि हो सकती हैं। हालांकि यह समस्या सभी स्त्रियों में एक समान नहीं होती।

कई महिलाओं को लगता है कि वह बिल्कुल स्वस्थ हैं पर वह वाकई में पूरी तरह से स्वस्थ हो यह जरूरी नहीं है। ऐसे में जरूरी है कि आप अपनी हेल्थ को क्रौस चेक करें और डाक्टर से परामर्श लें। इसी के साथ ही रूटीन चेकअप कराती रहें और अपने खानपान और फिटनेस का भी विशेष खयाल रखें। आइये जानें 40 की उम्र के बाद होने वाली समस्याओं और उनसे बचने के उपायों के बारें में-

### ब्लड प्रेशर

इस उम्र में ब्लड प्रेशर का खतरा बढ़ जाता है। जब स्त्रियां अपने खानपान पर ध्यान नहीं देतीं तो बीपी बढने की पूरी संभावना होती है। यदि आपको लगे कि आपका ब्लड प्रेशर सामान्य है, तब भी नियमित रूप से इसकी जांच करानी चाहिए।

### डाइट

इस उम्र में ओमेगा-थ्री फैटी एसिड से युक्त आहार का सेवन रक्तचाप को नियंत्रित करने के साथ हृदय की अनियमित गति को भी ठीक करने में मददगार है।

### फिटनेस

एक शोध के अनुसार सिल्वर योग ब्लड प्रेशर की समस्या को कम करता है। अगर आप किसी भी कारण योग नहीं कर पा रही हैं तो सुबह कम से कम 45 मिनट टहलें। टहलते समय ध्यान रखें कि पहले 10 सामान्य गति से और अगले 20 मिनट तेज गति से चलें और फिर अपनी गति को मध्यम कर 10 मिनट तक चलें। रोजाना 40-45 मिनट ऐसा करें। अगर आप सुबह टहल नहीं पा रही हैं तो रात को डिनर के 30 मिनट बाद टहले।

# लंबे समय तक ऐसे सुरक्षित रखें मसाले

**आज हम आपको ऐसे कई तरीके बताएंगे, जिनसे आप मसालों को लंबे समय तक सुरक्षित रख पाएंगी. लेकिन उससे पहले आपको यह जानना होगा कि किस प्रकार के मसालों को कितने दिनों तक स्टोर किया जा सकता है, जो कि निम्न प्रकार है.**

➤ बीजों या छाल को 2 साल तक स्टोर किया जा सकता है.

➤ औषधि या फूलों को 1 साल तक स्टोर कर सकती हैं.

➤ हर्ब और मसालों को हमेशा सूखे स्थानों पर ही रखें. नमी वाली जगह पर रखने से इनमें गोलियां जैसी बन जाती है और कीड़े पड़ जाते हैं.

➤ बहुत ज्यादा रोशनी वाली जगह पर मसालों को न रखें. रोशनी, मसालों के अंदर होने वाले औयल को औक्सीडाइज कर देता है जिसकी वजह से उनका वास्तविक जायका बेकार हो जाता है.

➤ पारदर्शी जार में मसालों को रखने से बेहतर है कि किसी डार्क जार में इन्हे रखें. इससे उनमें लाइट भी ज्यादा नहीं पड़ेगी.

➤ कई लोगों को ऐसा लगता है कि फ्रिज में मसालों को रखने से वो कभी खराब नहीं होते हैं. यह एक मिथक है. फ्रिज में रखने से मसालों का फ्लेवर खत्म होने लगता है. लेकिन अगर आप इन्हें एयर-टाइट कंटेनर में रखकर फ्रिजर में डाल देते हैं तो मसाले ठीक रह सकते हैं.

➤ पीसे हुए मसालों की अपेक्षा, खड़े मसालों को स्टोर करें. जरूरत के हिसाब से उन्हें पीसते रहें. खड़े मसाले इतनी जल्दी खराब नहीं होते हैं जितनी जल्दी पीसे हुए मसाले खराब हो जाते हैं. साथ ही ताजे पीसे हुए मसालों का जायका भी लाजबाव होता है.

➤ वैक्यूम सील वाले जारों में मसालों को स्टोर करके रखने से इनमें कीट नहीं होते हैं. बस इन्हें आपको किसी अंधेरे वाले स्थान पर रखना होता है. इसमें फ्रेशनेस बरकरार रहती है.



# बादाम से मिलेंगे गजब के फायदे



**बादाम की तासीर गर्म होती है। इस वजह से बादाम का सर्दियों में सेवन करना अच्छा माना जाता है। यह आपके शरीर को गर्म रखता है और आपको सर्दी-जुकाम जैसी बीमारियों से बचाता है। कई लोगों को इस बारे में जानकारी नहीं होती है कि एक दिन में कितने बादाम खाने चाहिएं। आइए जानते हैं, बादाम कब और कैसे खाने चाहिए।**

### कितने खाने चाहिए बादाम

विशेषज्ञों की मानें तो एक दिन में केवल 4-5 बादाम का सेवन ही करना चाहिए। ज्यादा बादाम खाने से आपको एलर्जी और चेहरे पर दाने निकल जाते हैं। इसलिए पहले बादाम को रात में भिगोकर रख दें और अगली सुबह खाली पेट बादाम खा सकते हैं।

### बादाम खाने के फायदे

- बादाम का सेवन करने से हार्ट हेल्दी होता है।
- स्किन और बालों को लिए अच्छे होते है बादाम
- डायबिटीज और एनीमिया में फायदा करता है बादाम
- कोलेस्ट्रोल के लेवल को कम करता है।
- लिवर कैंसर के रिस्क को कम करता है।

### क्या होते हैं नुकसान

- कब्ज की समस्या
- त्वचा रोग
- ज्यादा पसीना आना
- एलर्जी होना
- पेशाब में जलन होना

# कच्चे मटर सेहत के लिए फायदेमंद

**हम सभी लोगो को मत्र का सेवन बहुत पसंद होता है कई लोग तो इन्हे हर सब्जी में डाल के खाना बहुत पसंद करते है लेकिन क्या आपको यह पता है मटर को कच्चा खाने के कई सारे फायदे है जो हम आज आपको बताते है।**

हरी मटर में विटामिन C की मात्रा का अत्यधिक भंडार होता है जिससे आपकी हड्डियों को बहुत मजबूती मिलती है। मटर में वजन कम करने के गुण भी है क्योंकि इसमें लो कैलोरी पायी जाती है और फैट भी बहुत ही कम मात्रा में होता है।


मटर से ब्लड़ में कोलेस्ट्रॉल की मात्रा भी बहुत संतुलित रहती है अगर पेट में कैंसर की बीमारी है तो इस बीमारी के लिए तो मटर एक ओषधि की तरह काम करता है।

ये प्रेग्नेंट महिलाओ के लिए भी बहुत फायदेमंद है इसमें फोलिक एसिड पाया जाता है जो प्रेग्नन्सी में बहुत फायदेमंद होता है।

इससे हार्ट की बीमारियों का भी खतरा बहुत कम होता है इसमें एंटी - इनफ्लैमेट्टरी कम्पाउंड और एंटी - ऑक्सीडेंट भी बहुत ही भरपूर मात्रा में पाए जाते है।



# चेहरे पर जमी चर्बी को करें दूर



**योग एक ऐसी क्रिया है जिससे आप तन और मन दोनों को स्वस्थ रख सकते हैं। खासतौर पर वर्तमान समय में ज्यादतर लोग तनाव का सामना करने के साथ शारीरिक रूप से भी स्वस्थ महसूस नहीं कर रहे हैं। ऐसे में आपको योग को अपने जीवन का खास हिस्सा बनाना चाहिए। वहीं, बात करें आपके चेहरे की तो आपको अगर फेस डबल चिन की समस्या है, तो हम आपको ऐसे फेशियल योगा बताने जा रहे हैं, जिससे आप अपने चेहरे की चर्बी को कम कर सकते हैं।**

- सेल्फी क्लिक करते समय जैसे आप पाउट बनाते हैं, यह योगा कुछ वैसा ही है। इसके लिए आपको बस अपने गालों को अंदर की ओर करना है और 30 सेकंड के लिए स्थिति में रहना है। अब अपने चेहरे को आराम दें और इसे 4-5 बार दोहराएं।
- आपको अगर तेजी से फेस पर जमा चर्बी हटानी है, तो इस तकनीक के लिए, बस अपनी ठोड़ी को ऊपर उठाएं और छत को देखें। अब अपने मुंह को 10-15 सेकंड के लिए लगातार खोलें और बंद करें। आराम करें और अपने चेहरे को नीचे लाएं। अपने चेहरे के फैट को जल्दी से बर्न करने के लिए इस प्रक्रिया को 3-4 बार दोहराएं।
- सबसे आसान योग आसन में आपको केवल पानी से नहीं बल्कि हवा से अपने मुंह को कुल्ला करना होगा। बस अपना मुंह हवा से भरें और कुल्ला करें। हवा को बाईं ओर, फिर दाईं और फिर मध्य की ओर ले जाएं। इसे कम से कम 20-30 सेकंड तक जारी रखें और फिर साँस छोड़ें। इसे 3-4 दोहराव करें। इस तरीके से न सिर्फ आपके चेहरे की चर्बी कम होती है बल्कि इससे आपकी थकान भी दूर होती है। इस मुद्रा के लिए, पैरों को पीछे की ओर मोड़ें और अपनी हथेलियों को अपनी जांघों पर रखें। अपनी पीठ को सीधा रखें और अपनी जीभ बाहर निकालें। अपनी जीभ को जितना हो सके उतना फैलाएं।

# बोगेनवेलिया
## जितना सुंदर, उतना ही गुणकारी



**जैसा नाम वैसा बहार, इसे कागज़ का फूल भी कहा जाता है। बहुत ही कम देखभाल मे बग़ीचे को सुंदर और रंगीन बनाने में यह पौधा उत्तम है। अलग अलग देशों में इससे अलग अलग नामों से जाना जाता है। मूलरूप से यह पौधा दक्षिण अमेरिका के देशों में पाया जाता है। आम तौर पर वहां के लोग इसे बग़ीचे मे एवं वह अपने घर के मुख्य द्वार पर लगाते हैं। इसकी खोज फिलबरट कॉमर्रसन और लुई एंटोनी डी बोगनविले नाम के दो वैज्ञानिकों ने किया था। इनमें से एक वैज्ञानिक के नाम पर इस पौधे का नाम रखा गया।**

बोगेनवेलिया और इस पौधे को जन समक्ष प्रस्तुत किया गया 1789 में। यह एक लता प्रजाति का पौधा है। पूरी दुनिया ने इस पौधे की 20 प्रजाति पाई जाती है जिसे लगभग 300 से ज्यादा क़िस्म के पौधे देखने को मिलते हैं। यह किसी भी प्रकार के मिट्टी और जलवायु में ज़िंदा रहते हैं। इनमें ज्यादातर प्रजातियों के पौधे मैं नुकीले काँटे होते हैं। इसमें करीब बारहों महीने फूल होते है। ये सभी एक साथ खिलते हैं, फूलों के साथ-साथ पूरा पौधा भी हरा भरा हो जाता है। बोगेनवेलिया के फूल देखने में ही सुन्दर नहीं हैं बल्कि इसके बहुत सारे एलोपैथिक एवं आयुर्वेदिक इलाज सामने आए हैं। यह पौधा आयुर्वेद मे खांसी, दमा, पेचिश, पेट या फेफड़ों के तकलीफ जैसी समस्याओं मे उपयोग में लाया जाता है। आईआईटी कानपुर के विशेषज्ञो ने बोगेनवेलिया के फूल से ऐसी कृत्रिम त्वचा तैयार की, जिससे गहरे घाव भरने और खराब हो चुकी त्वचा को जल्दी ठीक करने मे इस्तेमाल किया जा सकेगा। इसकी खासियत यह है सामान्यतः जितने समय में चोट ठीक होती है या जख्म भर जाता है उससे आधे समय मे ये हीलिंग हो जाएगी। इस शोध को पेटेंट करा लिया गया है। इस रिसर्च के फॉर्मूले को एक निजी कंपनी को दिया जाएगा जहां कृत्रिम त्वचा तैयार की जाएगी। सूत्रों के मुताबिक इस साल के अंत तक कृत्रिम त्वचा तैयार करने का काम शुरू हो जाएगा।

# होंठों को गुलाबी बनाने के नुस्खे



**मुस्कान चेहरे का गहना होता है और होंठ जितने गुलाबी हों, मुस्कान उतनी ही कातिल होती है। लेकिन, होंठो की नमी छिन जाने या ब्यूटी प्रॉडक्ट्स के इस्तेमाल से होंठ काले हो जाते हैं और इनकी खूबसूरती कम हो जाती है। लेकिन एक नुस्खा ऐसा भी है, जिसके एक बार उपयोग से सिर्फ रातभर में होंठो पर गुलाबी निखार पाया जा सकता है।**

मुलायम व गुलाबी होंठ पाने के लिए आपको चुकंदर की सिर्फ 1 स्लाइस चाहिए। आइए जानते हैं कि एक बार में होंठो को गुलाबी कैसे बनाया जा सकता है।

चुकंदर से होंठों को बनाएं गुलाबी और मुलायम

आप रात को सोने से पहले चुकंदर को अच्छी तरह धो लें और उसकी एक स्लाइस काट लें। चुकंदर के इस टुकड़े को अच्छी तरह कद्दूकस कर लें। कद्दूकस की जगह इसे मिक्सी में भी पीसा जा सकता है। अब चुकंदर के इस पेस्ट को होंठों पर अच्छी तरह लगाएं और 15 मिनट बाद रूई की मदद से हटा लें। होंठ से चुकंदर हटाने के तुरंत बाद लिप बाम लगाएं और सो जाएं। सुबह उठकर अपना चेहरा और होंठ पानी से धोएं और आपको मुलायम व गुलाबी होंठ मिल जाएंगे।

इसके अलावा पिंक लिप्स पाने के लिए आप चुकंदर के छोटे टुकड़े को सोने से पहले होंठो पर हल्के हाथ से रब कर सकते हैं। रब करने के बाद लिप बाम लगाकर सो जाएं और सुबह उठकर चेहरा धो लें। होंठों का रंग गुलाबी करने के इन दोनों तरीकों से आपको एक बार में ही फर्क दिखने लगेगा।

कितने दिन तक इस्तेमाल करें ये उपाय

चुकंदर में ब्लीचिंग और मॉश्चराइजिंग गुण होते हैं। जो होंठो की रंगत सुधारने के साथ ही उन्हें नमी भी प्रदान करता है। इसके अलावा चुकंदर प्रोटीन, आयरन, सिलिकी, नाइट्रेट, एंटीऑक्सीडेंट्स से भी भरपूर होता है। आप लगातार 1 से 2 हफ्ते तक सोने से पहले होंठो की ऐसी देखभाल करें। जिसके बाद आपको होंठो का निखार दूसरों को भी दिखने लगेगा।

बरतें ये सावधानी

धूम्रपान करने से बचें।

रात में लिपस्टिक लगाने से बचें।

# महिलाएं जरूर खाएं गोजी बेरी
## चेहरे पर आएगा गजब का निखार





**चेहरे की खूबसूरती बरकरार रखने के लिए लड़कियां त्वचा का खास ख्याल रखती है। मगर ब्यूटी प्रोडक्ट्स के साथ डेली डाइट का हेल्दी होना भी बेहद जरूरी है। ब्यूटी एक्सपर्ट के अनुसार, त्वचा को स्वस्थ व पोषित रखने के लिए पोषक तत्वों और एंटी-ऑक्सीडेंट्स से भरपूर चीजों का सेवन करना चाहिए। ऐसे में आप अपनी डेली डाइट में गोजी बेरी शामिल कर सकती है। आप इसे कच्चा या इसकी चाय बनाकर सेवन कर सकती है।**

### त्वचा की सूजन करे कम

गोजी बेरी में फैटी एसिड व एंटी-ऑक्सीडेंट्स गुण होते हैं। ऐसे में इसका सेवन करने से त्वचा गहराई से पोषित होती है। इससे सूजन की शिकायत से आराम मिलता है। ऐसे में चेहरा साफ, जवां व खिला-खिला नजर आता है।

### फाइन लाइन्स व झुर्रियों करे कम

30 के बाद चेहरे पर महीन रेखाएं व झुर्रियां आने लगती है। ऐसे में आप अपनी डेली में गोजी बेरी का सेवन करके इससे बच सकती है। इसमें अधिक मात्रा में अमीनो एसिड व अन्य जरूरी मिनरल्स पाए जाते हैं। ये स्किन को नुकसान पहुंचाने वाले फ्री रेडिकल्स से बचाने में मदद करते हैं। इसके साथ ही ये त्वचा कोशिकाओं में कोलेजन और इलास्टिन उत्पादन को बढ़ावा देते हैं। ऐसे में स्किन हेल्दी और जवां नजर आती है।

### दाग-धब्बे करे दूर

गोजी बेरीज के सेवन से स्किन के अंदर मेलेनिन में सुधार आता है। इससे पिंपल्स के जिद्दी दाग कम होने में मदद मिलती है। इसके साथ ही गोजी बेरीज नई त्वचा कोशिकाओं के विकास में बढ़ावा करता है। ऐसे में स्किन साफ, मुलायम व बेदाग होती है।

### यूवी किरणों से करे सुरक्षा

घंटों व लंबे समय तक धूप के संपर्क में आने से टैंनिग की समस्या होने लगती है। इसके कारण स्किन डल, ड्राई व बूढ़ी नजर आने लगती है। ऐसे मे गोजी बेरीज का सेवन करने से स्किन को पोषण मिलता है। ऐसे में सनटैन के कारण खराब व झुलसी रिपेयर होकर साफ, ग्लोइंग व जवां नजर आती है।

### त्वचा के हाइड्रेशन को दे बढ़ावा

अमीनो एसिड, अन्य पोषक तत्व व एंटी-ऑक्सीडेंट्स गुणों से भरपूर गोजी बेरीज खाने से शरीर में पानी की कमी नहीं होती है। ऐसे में स्किन लंबे समय तक हाइड्रेटेड रहती है। इससे त्वचा का रूखापन बंद होकर लंबे समय कर नमी बरकरार रखने में मदद करता है।

## आज की रेसिपी
# कोकोनट फ्राइड राइस

**सामग्री :**

- बासमती चावल - 3 कप (पके हुए)
- ताजा नारियल - 1 कप (कद्दूकस किया)
- तेल - 2 बड़े चम्मच
- मूंगफली के दाने - 1/4 कप (भूनें हुए)
- हरा धनिया - 1 बड़ा चम्मच (बारीक कटा)
- काली सरसों के दाने - छोटा चम्मच
- जीरा - छोटा चम्मच
- चना/ उड़द दाल - 1-1 छोटा चम्मच (भीगी हुई)
- करी पत्ते - 10-12
- सूखी लाल मिर्च - 1
- नमक - स्वादानुसार

**विधि :**

- एक पैन में तेल गर्म करके सरसों के दाने भूनें। अब इसमें जीरा, चना व उड़द दाल सुनहरा भूरा होने तक भूनें।
- फिर इसमें करी पत्ता, लाल मिर्च मोटा तोड़कर तड़का लगाएं।
- इसके बाद मसाला भूनने पर इसमें नारियल डालकर पकाएं।
- फिर इसमें मूंगफली के दाने डालकर भूनें। बाद में इसमें नमक और चावल मिलाकर 2-3 मिनट तक लगातार चलाते हुए पकाएं।
- फिर तैयार कोकोनट फ्राइड राइस को सर्विंग प्लेट में निकालें।

